ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 10 जून 2024
वर्ष 2, अंक 290, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



# मोदी ने रचा इतिहास

## तीसरी बार ली प्रधानमंत्री पद की शपथ, शाह राजनाथ, गडकरी, जेपी नड्डा भी बने मंत्री

## लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के पंडित नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी की

### मोदी की नई कैबिनेट

1. राजनाथ सिंह
2. अमित शाह
3. नितिन गडकरी
4. जेपी नड्डा
5. शिवराज सिंह चौहान
6. निर्मलासीतारमण
7. सुब्रह्मण्यम जयशंकर
8. मनोहर लाल खट्टर
9. एचडी कुमारस्वामी
10. पीयूष गोयल
11. धर्मेंद्र प्रधान
12. जीतन राम मांझी
13. राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह)
14. सर्बानंद सोनोवाल
15. डॉ वीरेंद्र कुमार
16. राममोहन नायडू
17. प्रह्लाद जोशी
18. जुएल ओरांव
19. गिरिराज सिंह
20. अश्वनी वैष्णव
21. ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया
22. भूपेंद्र यादव
23. गजेन्द्र सिंह शेखावत
24. अन्नपूर्णा देवी
25. किरेन रिजिजू
26. हरदीप सिंह पुरी
27. डॉ मनसुख मंडाविया
28. जी किशन रेड्डी
29. चिराग पासवान
30. सीआर पाटिल

### 3.0

### विनम्र रहें और ईमानदारी व पारदर्शिता से समझौता न करें

**मंत्रियों को मोदी का मंत्र**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को शपथ लेने वाले केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों को नसीहत दी कि उन्हें विनम्र रहना चाहिए, क्योंकि आम लोग यही पसंद करते हैं। साथ ही उन्हें ईमानदारी एवं पारदर्शिता से कभी कोई समझौता न करने की भी सलाह दी। शपथग्रहण के पूर्व नामित मंत्रियों से मुलाकात के दौरान मोदी ने कहा कि लोगों की उनसे काफी अपेक्षाएं हैं और सभी को इसे पूरा करना होगा। निवर्तमान मंत्रिपरिषद के कई वरिष्ठ नेताओं और मंत्री पद की शपथ लेने वाले नए नेताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आपको जो भी काम सौंपा जाएगा, उसे ईमानदारी से करें और विनम्र रहें क्योंकि लोग उनसे प्यार करते हैं जो विनम्र होते हैं। मोदी ने यह भी कहा कि वे सभी सांसदों को सम्मान और गरिमा दें चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, क्योंकि उनमें से सभी को लोगों ने चुना है। उन्होंने कहा कि मनोनीत मंत्रियों को हमेशा विनम्र होना चाहिए और सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों का सम्मान भी करना चाहिए। उन्होंने चाय पर नेताओं के साथ चर्चा में कहा ...आप ईमानदारी और पारदर्शिता से समझौता नहीं कर सकते।

नई दिल्ली, एजेंसी

**• 30 कैबिनेट, पांच स्वतंत्र प्रभार 36 राज्यमंत्रियों ने भी शपथ ली**

18वीं लोकसभा के चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार रविवार को भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही मोदी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मोदी के साथ 30 कैबिनेट, पांच स्वतंत्र प्रभार मंत्रियों के साथ 36 राज्यमंत्रियों ने भी शपथ ली।

ईश्वर के नाम पर शपथ लेने वाले 73 वर्षीय मोदी के साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली, जो यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री निरंतरता और अनुभव पर जोर दे रहे हैं, क्योंकि शपथ लेने वाले ज्यादातर नेता उनके दूसरे कार्यकाल में भी महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा पांच साल बाद कैबिनेट में लौटे हैं, जबकि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर मोदी कैबिनेट में नए चेहरे हैं। भाजपा नेता पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव ने भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

ये सभी पहले राज्यसभा में थे, लेकिन अब लोकसभा के लिए चुने गए हैं। असम के पूर्व मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल, अश्विनी वैष्णव, वीरेंद्र कुमार, प्रह्लाद जोशी, गिरिराज सिंह और जुएल उरांव ने भी मंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मोदी 2014 में लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 17वीं लोकसभा के चुनाव में भारी बहुमत से जीत के बाद वह लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। पंडित नेहरू 1947 में देश के आजाद होने के बाद से सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उनकी मृत्यु 27 मई 1964 को हुई थी और वह उस समय भी देश के प्रधानमंत्री थे। साल 1952 में हुए पहले आम चुनाव में जीत के बाद वह पहली बार प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 1957 और 1962 के आम चुनावों में भी कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नेहरू फिर देश के प्रधानमंत्री बने। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर पाई है। उसे 240 सीटें मिली हैं। हालांकि, भाजपा नेतृत्व वाले राजग ने 293 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया। इसके बाद राजग की बैठक में मोदी को पिछले दिनों भाजपा और राजग संसदीय दल का नेता चुना गया था। नेता चुने जाने के बाद मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी और सरकार बनाने का दावा पेश किया था। शपथ लेने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के अलावा जनता दल (सेक्युलर) के एच डी कुमारस्वामी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान, जद (यू) के राजीव रंजन सिंह और रामनाथ ठाकुर, तेदेपा के रामामोहन रेड्डी, हम (सेक्युलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी, अपना दल (एस) की अनुप्रिया पटेल सहित राजग के घटक दलों के कई प्रमुख नेता भी शामिल हैं।

शपथ ग्रहण समारोह में देश और विदेश के कई शीर्ष नेता भी शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे भी इस मौके पर मौजूद थे, हालांकि कई विपक्षी नेता समारोह में शामिल नहीं हुए। इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, तेदेपा अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू और जद(यू) प्रमुख नीतीश कुमार भी मौजूद थे। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, रजनीकांत, उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडानी शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने वालों में शामिल थे।

### शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए पड़ोसी देशों के सात नेता

**नई दिल्ली।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल ''प्रचंड'' और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित भारत के पड़ोस और हिंद महासागर क्षेत्र के शीर्ष नेता रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद के शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, उनके भूटानी समकक्ष शेरिंग टोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ भी राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में शामिल हुए। हसीना और अफीफ जहां शनिवार को दिल्ली पहुंचे, वहीं मुइज्जू, प्रचंड, विक्रमसिंघे, जगन्नाथ और टोबगे रविवार को पहुंचे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सात देशों के नेताओं को भारत की 'पड़ोस प्रथम' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप आमंत्रित किया गया।

## खनन माफिया ने सिपाही को ट्रैक्टर से कुचला, मौत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



- फर्रुखाबाद के थाना नवाबगंज के नगला चंदन में वारदात, बिजनौर का निवासी है रोहित
- मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत कई धाराओं में दर्ज की गई रिपोर्ट
- पुलिस से मुठभेड़ में दो आरोपी घायल, अस्पताल में भर्ती कराए गए

**अमृत विचार :** थाना नवाबगंज में अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे सिपाही को खनन माफिया ने शनिवार देर रात ट्रैक्टर से कुचल दिया। गम्भीर हालत में उसे शहर के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सिपाही मूलरूप से बिजनौर जिले का रहने वाला था।

मामले में दरोगा की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक और उसके दो साथियों के खिलाफ हत्या समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। रविवार रात दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दबोच लिया है। दोनों के पैर में गोली लगी है। घायल अवस्था में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

थाना नवाबगंज में तैनात सिपाही रोहित (24) शनिवार रात्रि ड्यूटी पर था। शनिवार देर रात उसे ग्राम नगला चंदन में अवैध खनन की सूचना मिली, जिसपर उप निरीक्षक सन्तोष फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ सिपाही गाड़ी में बैठे रहे। रोहित गाड़ी से बाहर निकला और खनन कर रहे ट्रैक्टर को पकड़ने का प्रयास करने लगा। इस पर खनन माफिया ने सिपाही के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया, जिससे वह घायल हो गया। साथी सिपाही रोहित को लेकर शहर के निजी अस्पताल पहुंचे। वहां पर कुछ क्षण इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। इसके बाद एसपी विकास कुमार, एएसपी डॉक्टर संजय सिंह, सीओ अमृतपुर रवींद्रनाथ राय, सीओ कायमगंज सहित कई थानों की फोर्स नर्सिंग होम पहुंची।

सिपाही रोहित का शव पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन के शहीद स्मारक ले जाया गया, जहां जिलाधिकारी वीके सिंह और एसपी विकास कुमार ने पुष्प चक्र अर्पित कर सलामी दी। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद सिपाही के परिजन शव को बिजनौर ले गए।

घटना के बाद चंदन नगला से पहले एक जेसीबी से अवैध खनन करते हुए सुमित को पुलिस ने पकड़ा। उप निरीक्षक संतोष कुमार की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक प्रदीप यादव निवासी चंदन नगला और उसके साथी भूपेंद्र यादव (निवासी ग्राम नगला लाहौरी थाना मेरापुर) और सुमित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने रात में मुठभेड़ के बाद आरोपी प्रदीप यादव और भूपेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। दोनों मुठभेड़ में घायल हुए हैं।

**अमेठी में सड़क हादसा**

## बोलेरो-बुलेट में टक्कर, तीन महिलाओं सहित पांच की मौत

**अमेठी।** मुंशीगंज थाना क्षेत्र के जामो भादर चौराहे पर तेज रफ्तार बोलेरो जीप बुलेट को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में तीन महिलाओं और एक बच्चे समेत 5 लोगों की मौत हो गई। जबकि 6 लोग घायल हो गए। हादसे का शिकार हुए बोलेरो सवार अंत्येष्टि में शामिल होने जा रहे थे।



- अंत्येष्टि में शामिल होने जा रहे थे बोलेरो सवार, 6 लोग गंभीर रूप से घायल

पुलिस के अनुसार सुल्तानपुर जिले के इस्लामगंज गांव का रहने वाला अकबर बोलेरो से परिजनों को लेकर मुंशीगंज क्षेत्र के धरई माफी में एक रिश्तेदार के यहां एक मिट्टी में शामिल होने जा रहा था। बोलेरो जामो भादर चौराहे के पास पहुंची ही थी कि जामो की तरफ से आ रही बुलेट से टकराने के बाद पेड़ से टकरा गई।

भीषण हादसे में बुलेट सवार दुर्गेश उपाध्याय (28) निवासी भवापुर पीपरपुर व उसकी बहन वंदना पाठक निवासी पाठक का पुरवा पनियार हाउस और भांजे रुद्र 6 वर्ष की मौत हो गई है। वही बोलेरो में सवार शाहनूर (40) व शबनम (35) निवासी कुड़वार की इलाज के दौरान मौत हो गई है। घटना के बाद पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को निजी साधनों और एम्बुलेंस से जिला अस्पताल और भेटुआ सीएचसी पहुंचाया। घायलों में अयान (11), अरशद, अकबर (40) और अरमान (10) को जिला अस्पताल सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया। सीओ मयंक द्विवेदी ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है।

## जम्मू में तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमला, 10 की मौत

किशोर कुमार, जम्मू

**अमृत विचार :** जम्मू क्षेत्र के रियासी जिले में रविवार को आतंकवादी हमले के बाद एक बस के खाई में गिर जाने से कम से कम 10 तीर्थयात्री मारे गए और 33 गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में ज्यादातर लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने चांदी मोड़ के पास बस को निशाना बनाया, जिसके बाद वाहन के चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और बस खाई में गिर गई। अब तक दस लोगों की मौत हो चुकी है और कई अन्य घायल हैं। अधिकारियों के अनुसार मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

हमला उस समय हुआ जब तीर्थयात्री शिव खोड़ी मंदिर से दर्शन करके वापस आ रहे थे। बस पर पोनी इलाके के तेरयाथ गांव में घात लगाकर हमला किया गया। हमलावरों ने स्वचालित हथियारों से गोलियां चलाईं। इसके बाद चालक बस से नियंत्रण खो बैठा। बचाव अभियान शुरू किया गया और पुलिस, सेना व अर्धसैनिक बलों के जवान घटनास्थल पर पहुंचे। मौके से कारतूसों के खोखे भी मिले हैं।



आतंकवादी हमले में घायल तीर्थयात्री। • अमृत विचार

- रियासी जिले में घात लगाकर किया गया हमला
- हमले के बाद बस खाई में गिरी, कई घायल

रियासी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहित शर्मा के अनुसार जम्मू-कश्मीर में तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही बस पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की है। हमले में दस लोगों की मौत की सूचना है। करीब 33 लोग घायल हैं।



घटनास्थल से बरामद कारतूस।

## जेईई-एडवांस्ड के नतीजे घोषित, वेद लाहोटी बने टॉपर

**नई दिल्ली।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-एडवांस्ड के नतीजे रविवार सुबह घोषित कर दिए गए जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने 360 में से 355 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इस बार परीक्षा आयोजित करने वाले आईआईटी मद्रास के अनुसार आईआईटी बंबई जोन की द्विजा धर्मेश कुमार पटेल को 360 में 322 अंक मिले और वह छात्राओं में शीर्ष स्थान पर रहीं वहीं देशभर में वह सातवें स्थान पर रहीं। शीर्ष 10 स्थान हासिल करने वाले अभ्यर्थियों में से चार आईआईटी मद्रास से हैं।

परीक्षा में दूसरे स्थान पर आदित्य और तीसरे स्थान पर भोगलपल्ली संदेश रहे। रिदम केडिया, पुट्टी कुशल कुमार, राजदीप मिश्रा, कोदुरी तेजेश्वर, ध्रुवी हेमंत दोशी और अल्लादाबोना एसएसडीबी सिधविक सुहास ने इसी क्रम में अगली रैंक हासिल की है। आईआईटी मद्रास जोन से सबसे अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इसके बाद आईआईटी दिल्ली जोन और आईआईटी बॉम्बे जोन हैं। शीर्ष 500 सफल अभ्यर्थियों में से 145 आईआईटी मद्रास जोन के हैं, इसके बाद 136 आईआईटी बॉम्बे जोन से और 122 आईआईटी दिल्ली जोन के हैं।



## खेल डायरी

### अदिति अशोक एलपीजीए क्लासिक में कट से चूकीं



**गैलोवे (अमेरिका), एजेंसी।** भारत की अदिति अशोक आखिर में दो बर्डी बनाने के बावजूद एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में कट से चूक गई। बेंगलुरु की रहने वाली इस गोल्फर ने पहले दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया था, लेकिन दूसरे दौर में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। वह दूसरे दिन 13 होल के बाद दो ओवर पर थी। उन्होंने 16वें और 18वें होल में बर्डी बनाई लेकिन यह कट में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था। अदिति का दो दिन का स्कोर दो अंडर रहा जबकि कट तीन अंडर पर गया। दक्षिण कोरिया की जेनी शिन ने दूसरे दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया। इस तरह से उनका कुल स्कोर 10 अंडर 132 है और वह एक शॉट की बढ़त लेकर शीर्ष पर काबिज हैं।

### शुभंकर शर्मा संयुक्त 26वें स्थान पर




**हेलसिंगबर्ग, (स्वीडन), एजेंसी।** भारत के शुभंकर शर्मा ने तीसरे दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाया, जिससे वह स्कैंडिनेवियन मिक्स्ड गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 26वें स्थान पर खिसक गए। शुभंकर ने पहले दो दौर में समान 69 का स्कोर बनाया था लेकिन तीसरे दौर में वह अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए। उन्होंने पहले आठ होल में एक बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाई। भारत के इस खिलाड़ी ने 13वें होल में ट्रिपल बोगी की और अगले होल में बर्डी करने के बावजूद वह 20वें से 26वें स्थान पर खिसक गए। स्वीडन के सेबेस्टियन सोडरबर्ग ने 6 अंडर 66 का कार्ड खेल कर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उनका कुल स्कोर 21 अंडर पार पर है और उन्होंने आठ शॉट की बढ़त हासिल कर रखी है।

### अवनि को एलईटी एक्सेस सीरीज के कट में जगह



**मोंटौबन (फ्रांस), एजेंसी।** भारतीय गोल्फर अवनि प्रशांत एलईटी एक्सेस सीरीज के मोंटौबन लेडीज ओपन के दूसरे दौर में निराशाजनक 78 का कार्ड खेलने के बाद भी कट में जगह हासिल करने में सफल रही। शुरुआती दौर में 71 के कार्ड के साथ संयुक्त 14वें स्थान पर रही अवनि ने दूसरे दौर के 15वें होल में ट्रिपल-बोगी और 18वें होल में डबल बोगी करने के साथ ही 17वें होल में भी बोगी कर बैठी। वह दूसरे दौर के बाद कुल पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 46वें स्थान पर खिसक गयी। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही अन्य भारतीय में दुर्गा नित्तूर (75-81) कट में जगह बनाने से चूक गई।

### चेन्नईयन एफसी ने चीमा चुक्वू से अनुबंध किया



**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नईयन एफसी ने अपने आक्रमण को मजबूत करने के लिए 2024-25 के फुटबॉल सत्र से पहले नाइजीरियाई स्ट्राइकर डेनियल चीमा चुक्वू से अनुबंध किया है। चीमा भारतीय फुटबॉल का जाना पहचाना नाम है। यह 33 वर्षीय खिलाड़ी इससे पहले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में ईस्ट बंगाल और जमशेदपुर की तरफ से खेल चुका है। उन्होंने 2022 में जमशेदपुर को आईएसएल लीग शील्ड दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। चेन्नई की टीम ने चीमा के साथ 2 साल का अनुबंध किया है। इसका मतलब है कि वह क्लब के साथ 2026 तक बने रहेंगे। चेन्नईयन ने इस सत्र में चार खिलाड़ियों से अनुबंध कर लिया है। चीमा ने आईएसएल में अभी तक 60 मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 20 गोल किए हैं। इसके अलावा उन्होंने चार गोल करने में मदद भी की।

### होंडा टीम के मोहसिन 17वें स्थान पर

**मोतेगी (जापान), एजेंसी।** होंडा रेसिंग इंडिया टीम एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप में तीसरे चरण की रेस 2 से कोई अंक हासिल नहीं कर सकी क्योंकि रविवार को यहां केविन समर क्विंटल बाइक इंजन की समस्या के कारण रेस पूरी नहीं कर सके, जबकि मोहसिन परम्बन एपी 250 वर्ग में 17वें स्थान पर रहे। ग्रिड में 18वें स्थान से रेस शुरू करने वाले केविन को इंजन की समस्या के कारण छठे लैप के दौरान रेस से हटना पड़ा। केविन इस रेस से पहले कुछ 10 अंक हासिल कर चुके हैं जबकि टीम के उनके साथी राइडर मोहसिन अपने दो अंक को बढ़ाने में विफल रहे। मोहसिन ने रेस को 17वें स्थान पर रहते हुए खत्म किया, जो अंक हासिल करने की सूची से बाहर था। केरल के इस राइडर ने सत्र की शुरुआती रेस से दो अंक हासिल किये थे।

### अरेवालो और पाविच को फ्रेंच ओपन का खिताब



**पेरिस, एजेंसी।** अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच ने इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। अरेवालो और पाविच ने शनिवार को खेले गए फाइनल में 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। पाविच ने इस तरह से चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी बनाया। पाविच ने मैच के बाद कहा यहां यह मेरा पहला खिताब है और इसलिए मैं बहुत खुश हूं। यह विशेष एहसास है क्योंकि मैं दो बार यहां फाइनल में हार गया था। अरेवालो का यह पुरुष युगल में दूसरा खिताब है। उन्होंने 2022 में फ्रेंच ओपन में ही जीन जूलियन रोजर के साथ मिलकर पुरुष युगल का खिताब जीता था। अरेवालो ने कहा, मैं मैट का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा दिखाया। मेरा यहां यह दूसरा खिताब है और यह विशेष है।

### सौरभ को विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में दो स्वर्ण

**हमीरपुर (हिमाचल), एजेंसी।** भारतीय धावक सौरभ शर्मा ने स्विट्जरलैंड के नोट्टविल सिटी में आयोजित विश्व पैरा एथलीट ग्रां प्री में दो स्वर्ण पदक जीते। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर के इस खिलाड़ी ने टी12 वर्ग में 155 मीटर और 5000 मीटर दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल किया। वह इससे पहले राष्ट्रीय स्तर पर सात स्वर्ण पदक जीत चुके है। यहां के रूप खायाह गांव के निवासी सौरभ के बड़े भाई विकास ने बताया, सौरभ ने छोटी उम्र से ही अपने खेल का सफर शुरू कर दिया था और आज उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व करने और देश के लिए पदक जीतने का अपना सपना भी पूरा कर लिया है।

## बांग्लादेश के खिलाफ विजय अभियान जारी रखने उतरेगा द.अफ्रीका

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

अपने पहले दो मैच में जीत दर्ज करके ग्रुप डी में शीर्ष पर काबिज दक्षिण अफ्रीका को अगर टी20 विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखना है तो बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दोनों टीम के लिए नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की अप्रत्याशित व्यवहार कर रही पिच से सामंजस्य से बिठाना आसान नहीं होगा। दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि अपने पहले दो मैच इसी मैदान पर खेले हैं इसलिए वह थोड़ा फायदे में रहेगा। बांग्लादेश ने भी भारत के खिलाफ यहां अभ्यास मैच खेला था।

दक्षिण अफ्रीका ने भले ही नीदरलैंड और श्रीलंका पर जीत दर्ज की है लेकिन उसके बल्लेबाज इन दोनों मैच में छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्ष करते हुए नजर आए। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने हालांकि अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और इसलिए उसके गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव की संभावना नहीं है जिसमें एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा, मार्को यानसन और ओटनील बार्टमेन जैसे तेज गेंदबाज और केशव महाराज जैसा अनुभवी स्पिनर शामिल है। दक्षिण अफ्रीका की चिंता हालांकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन होगा। नीदरलैंड के खिलाफ उसकी टीम पहले 10 ओवर में केवल 33 रन बना पाई थी। अगर ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर ने मोर्चा नहीं संभाल होता तो उसकी टीम को हार का सामना करना पड़ सकता था। दक्षिण अफ्रीका के अभी दो मैच में चार अंक हैं और बांग्लादेश के खिलाफ जीत से सुपर 8 में जगह बनाने के लिए उसकी स्थिति मजबूत हो जाएगी। रिकॉर्ड भी दक्षिण अफ्रीका के पक्ष में है। उसने अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बांग्लादेश से कोई मैच नहीं गंवाया है। बांग्लादेश ने श्रीलंका को हराकर अपने अभियान की शुरुआत की थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा होगा, लेकिन दक्षिण अफ्रीका की तरह उसके बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत के खिलाफ अभ्यास मैच और श्रीलंका के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में उसके बल्लेबाज संघर्ष करते हुए नजर आए थे। बांग्लादेश के मुख्य बल्लेबाजों में केवल लिटन दास ही कुछ रन बना पाए थे। बांग्लादेश को अगर दक्षिण अफ्रीका पर टी20 में अपनी पहली जीत दर्ज करनी है तो उसके बाकी बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ऑलराउंडर शाकिब अल हसन भी अभी तक बल्ले और गेंद दोनों से प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं जो बांग्लादेश के लिए चिंता का विषय होगा।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स। **बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब। **यात्रा करने वाले रिजर्व :** अफीफ हुसैन, हसन महमूद। **मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा।**

## भारत-पाकिस्तान मैच में बारिश का खलल

### पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, बारिश के कारण मैच काफी देर से शुरू हुआ

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**





पाकिस्तान ने रविवार को टी-20 विश्वकप के 19वें मुकाबले में टॉस जीतकर भारत के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हालांकि मैच से पहले शुरू हुई बारिश के कारण टॉस देरी से हुआ। वहीं आउटफील्ड गीली होने से मैच भी देर से हुआ। खबर लिखे जाने तक दोबारा बारिश के बाद शुरू हुए मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 10 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 81 रन बना लिए थे।

नैसो काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने खबर लिखे जाने तक 10 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 81 रन बना लिए थे। कप्तान रोहित शर्मा 12 गेंदों पर 13 रन, विराट कोहली तीन गेंदों पर चार रन और अक्षर पटेल 18 गेंदों पर 20 रन बनाकर पवैलियन लौट चुके थे। वहीं ऋषभ पंत 23 गेंदों पर 34 रन और सूर्यकुमार यादव चार गेंदों पर पांच रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। टॉस के बाद पाकिस्तान के कप्तान ने कहा कि मौसम और पिच पर नमी की वजह से हम पहले गेंदबाजी करेंगे। यह परिस्थिति हमें माकूल है, हमारे पास चार तेज गेंदबाज हैं। हम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भूतकाल भूतकाल है, हम आज के मैच की ओर देख रहे हैं और हम अपना शत-प्रतिशत देने का प्रयास करेंगे। भारत बनाम पाकिस्तान हमेशा से बड़ा होता है, हमारा आत्मविश्वास इस मैच के लिए हमेशा बड़ा रहता है। आज के मैच में आजम खान को आराम दिया गया है। वहीं भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हम भी पहले गेंदबाजी ही करते। हम परिस्थितियों से तालमेल बैठाएंगे और देखेंगे कि यहां क्या अच्छा स्कोर हो सकता है। पिछले मैचों से हमें यहां की परिस्थिति से तालमेल बैठाने में मदद मिली है। हमने एक बल्लेबाजी यूनिट के हिसाब से बात की है कि यहां पर क्या अच्छा स्कोर हो सकता है और क्या हम अपनी गेंदबाजी यूनिट को बचाने के लिए रन दे सकते हैं। विश्वकप में हर मैच अहम है। कुछ भी हो सकता है। हम उसी पिछले मैच की एकादश के साथ जा रहे हैं।

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जाडेजा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह। **पाकिस्तान :** मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), बाबर आजम (कप्तान), उस्मान खान, फखर जमां, शादाब खान, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, नसीम शाह और मोहम्मद आमिर।

## गुरप्रीत फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिए कप्तान

**दोहा, एजेंसी।** भारत की पहली पसंद के गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू को रविवार को यहां कतर के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिए टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारत मंगलवार को यहां के जसीम बिन हमद स्टेडियम में मेजबान कतर से खेलेगा।



भारतीय टीम मैच के लिए शनिवार रात दोहा पहुची। टीम इस मैच को जीतकर विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे चरण में पहली बार प्रवेश का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। सुनील छेत्री के संन्यास के बाद यह भारत का पहला मैच है। छेत्री ने गुरुवार को कुवैत के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ रहे मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से विदा ले ली। मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने इस मुकाबले के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी जिसमें रक्षा पंक्ति के खिलाड़ी अमेय रानावाडे, लालचुंगनुंगा और सुभाशीष बोस शामिल नहीं है।

## वेस्टइंडीज ने युगांडा को 134 रनों से हराया

- वेस्टइंडीज के अकील हुसैन के 11 रन पर पांच विकेट लेकर युगांडा की कमर तोड़ दी
- घातक गेंदबाजी और बल्लेबाजी के कारण युगांडा 12 ओवर में 39 रन पर ढेर हो गया
- अकील हुसैन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया

**प्रॉविडेंस, एजेंसी**




अकील हुसैन

जॉनसन चार्ल्स (44) और उसके बाद अकील हुसैन के 11 रन पर पांच विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने टी-20 विश्वकप के 18वें मुकाबले में युगांडा को रिकार्ड 134 रनों से हरा दिया है। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ब्रैंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 41 रन जोड़े। पांचवें ओवर में अल्पेश रामजनी ने ब्रैंडन किंग (13) को बोल्ड कर युगांडा को पहली सफलता दिलाई। 10वें ओवर में निकोलस पूरन (22) आउट हुये उन्हें मसाबा ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। कप्तान रोवमन पॉवेल (23), शरफेन रदरफोर्ड (22) रन बनाकर आउट हुये। जॉनसन चार्ल्स ने 42 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुये 44 रनों की पारी खेली। आंद्रे रसल 17 गेदों में 30 रन और रोमारियो शेफोर्ड (5) रन बनाकर नाबाद रहे।

वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया। युगांडा की ओर से ब्रायन मसाबा ने दो विकेट लिये।अल्पेश रामजनी, कॉसमास क्येवूता और दिनेश नकरानी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी युगांडा की टीम को वेस्टइंडीज के अकील हुसैन 11 रन पर पांच विकेट और अल्ज़ारी जोसेफ छह रन पर दो विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौल्त 12 ओवर में 39 रन पर ढ़ेर कर दिया। युगांड की ओर से जुमा मियाजी 13 रन बनाकर नाबाद रहे। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। इसके अलावा वेस्टइंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड, आंद्रे रसल और गुडाकेश मोटी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। अकील हुसैन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया है।

## महिला हॉकी टीम ग्रेट ब्रिटेन से 2-3 से हारी

- एफआईएच प्रो लीग सत्र का अंत आठ हार के साथ किया

**लंदन, एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग में कड़े मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन से 2-3 से हार गई जिससे टीम की हार का सिलसिला आठ मैचों तक पहुंच गया। इस तरह से भारत ने अपने प्रो लीग सत्र का अंत घरेलू टीम के खिलाफ दिल तोड़ने वाली हार के साथ किया।

मैच में अधिकतर समय तक अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भारत को अंतिम लम्हों में ग्रेस बाल्डसन (56वें और 58वें मिनट) के दो गोल के कारण हार का सामना करना पड़ा। भारत के खिलाफ दो फैसले लिए गए जिसमें एक वीडियो रिव्यू भी शामिल है जिससे कोच हरेंद्र सिंह निराश हो गए। स्कोर जब 2-2 से बराबर था और अंतिम हूटर बजने वाला था तब बाल्डसन ने शक्तिशाली ड्रैग फ्लिक पर विजयी गोल दागा जो निचले कोने पर लगा। बाल्डसन ने तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक के मुकाबले में विजयी गोल करने के तीन साल बाद एक बार फिर भारतीयों का दिल तोड़ दिया। बाल्डसन के गोलों ने भारत को हरेंद्र के मार्गदर्शन में अपना पहला मैच जीतने से भी रोका। वाटसन चार्लोट ने तीसरे मिनट में गोल करके ब्रिटेन को बढ़त दिलाई जिसके बाद लालरेमसियामी ने 14वें मिनट में मैदानी गोल करके स्कोर 1-1 किया । नवनीत कौर ने 23वें मिनट में भारत को 2-1 की बढ़त दिलाई। भारतीय टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन हार के सिलसिले को खत्म करने के लिए यह काफी नहीं था। बाल्डसन ने अंतिम लम्हों में दो गोल दागकर मेजबान टीम की जीत सुनिश्चित की। गोलकीपर सविता पूनिया ने कहा, ये वो नतीजे नहीं हैं जो हम चाहते थे। हम आज के नतीजे से निराश हैं।

## भाला फेंक स्पर्धा में अन्नू रानी ने जीता रजत पदक

**स्ट्रासबर्ग, एजेंसी**



भारत की अन्नू रानी ने स्टेड डी''हाउतेपिएरे में नेशनल डी स्ट्रासबर्ग 2024 एथलेटिक्स मीट में महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीता।

शनिवार को फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में एथलेटिक्स सत्र 2024 की अपनी चौथी प्रतियोगिता में अन्नू रानी ने अपने अंतिम प्रयास में 57.48 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास दर्ज कर तीसरे पायदान पर रही। फ्रांस की एलिज़ी मिनार्ड ने 57.77 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक और उनकी हमवतन जेड मरावल ने 52.39 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। मौजूदा एशियाई भाला फेंक चैंपियन का इस सत्र में यूरोप में यह तीसरा मौका था जब अन्नू ने दूसरा स्थान हासिल किया।

31 वर्षीय भारतीय एथलीट ने पिछले महीने जर्मनी में ऑफेनबर्ग में हाइलो जेवलिन मीटिंग में 60.68 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ अपने 2024 सत्र की शुरुआत की थी। उस प्रतियोगिता में छठे स्थान पर रही थीं।

## स्कॉट फ्लेमिंग फिर बास्केटबॉल टीम के कोच बने

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय बास्केटबॉल महासंघ (बीएफआई) ने रविवार को अपनी वार्षिक आम बैठक के बाद स्कॉट फ्लेमिंग को फिर से पुरुष राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की। फ्लेमिंग को बीएफआई ने राष्ट्रीय टीम के कोच के अलावा देश में कोचिंग बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी है। फ्लेमिंग इससे पहले 2012 से 2015 तक भारतीय बास्केटबॉल टीम के मुख्य कोच रह चुके हैं। उन्होंने एनबीए इंडिया के बास्केटबॉल संचालन के वरिष्ठ निदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं।

## पूजा तोमर यूएफसी में जीत दर्ज करने वाली पहली भारतीय बनीं

**केंटकी, एजेंसी**



पूजा तोमर अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) में जीत दर्ज करने वाली भारत की पहली मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर बन गई है। पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता में भाग ले रही पूजा ने यूएफसी लुइसविले में शनिवार को स्ट्रॉवेट (52 किग्रा) मुकाबले में ब्राजील की रेयान डॉस सैंटोस पर 30-27, 27-30, 29-28 से विभाजित निर्णय से जीत हासिल की।

पूजा ने मुकाबले के बाद कहा, यह केवल मेरी जीत नहीं है। यह भारत के सभी प्रशंसकों और भारतीय फाइटर की जीत है। इससे पहले सभी सोचा करते थे कि भारतीय फाइटर चुनौती पेश नहीं कर सकते हैं।

मैं केवल जीत के बारे में सोच रही थी और मैंने दिखाया कि भारतीय फाइटर हारने वालों में शामिल नहीं हैं। साइक्लोन के नाम से मशहूर 30 वर्षीय पूजा ने पिछले साल अक्टूबर में यूएफसी के साथ अनुबंध किया था और इस तरह से वह मिश्रित मार्शल आर्ट्स की सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली भारत की पहली महिला बन गईं।

## गॉफ और सिनियाकोवा जीतीं

**फ्रेंच ओपन**

**पेरिस, एजेंसी**



कोको गॉफ ने रविवार को फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कैटरीना सिनियाकोवा के साथ मिलकर अपना पहला महिला युगल ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। पिछले साल अमेरिकी ओपन का महिला एकल खिताब जीतने वाली 20 साल की अमेरिका की गॉफ और चेक गणराज्य की सिनियाकोवा ने जैस्मिन पाओलिनी और सारा इरानी की इटली की जोड़ी को सीधे सेट में 7-6, 6-3 से हराया। गॉफ ने तीसरी बार ग्रैंडस्लैम महिला युगल के फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले उन्हें 2022 में रोलां गैरो पर ही और 2021 में अमेरिकी ओपन में खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था।

गॉफ ने कहा, तीसरी बार में भाग्यशाली रही। मेरे साथ खेलने के लिए धन्यवाद कैटरीना। टूर्नामेंट से दो दिन पहले हमने एक साथ खेलने का फैसला किया। प्रशंसकों को भी धन्यवाद। मुझे पता है कि रविवार को सुबह साढ़े 11 बजे अधिकांश लोगों के लिए जल्दी होता है। मेरे लिए यह जल्दी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।


समाजवादी पार्टी
लोकसभा
कन्नौज
आप का दिल से
धन्यवाद
समाजवादी पार्टी
माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी को चौथी बार कन्नौज लोकसभा से सांसद निर्वाचित होने पर जनता जनार्दन का
हार्दिक आभार
अरविन्द गिरी
प्रदेश अध्यक्ष युवजन सभा लोकसभा प्रभारी
कलीम खान
जिलाध्यक्ष
अरविन्द सिंह यादव
पूर्व विधायक
ताहिर हुसैन सिद्दीकी
पूर्व विधायक
कल्यान सिंह दोहरे
पूर्व विधायक
मौ. इरफानुल हक़ कादरी
प्रदेश उपाध्यक्ष (स.पा.)
मनोज दीक्षित 'नन्कू'
वरिष्ठ सपा नेता
जय कुमार तिवारी 'बउअन'
वरिष्ठ सपा नेता
सुनील कुमार गुप्त
पूर्व चेयरमैन
अनिल आर्य
वरिष्ठ सपा नेता
बृजेन्द्र नारायण सक्सेना
वरिष्ठ सपा नेता
राम शंकर लोधी
राष्ट्रीय सचिव
रजनीकांत यादव
पूर्व ब्लाक प्रमुख
कुक्कू चौहान
वरिष्ठ सपा नेता
मुन्ना दरोगा
पूर्व जिलाध्यक्ष
अनिल पाल
वरिष्ठ सपा नेता
राज सिंह चौहान
(छोटे ठाकुर)
वरिष्ठ सपा नेता
प्रबल प्रताप सिंह
(पी.पी. सिंह बघेल)
विधान सभा अध्यक्ष सदर- कन्नौज
आकाश शाक्य
प्रदेश सचिव
हसीब हसन
प्रदेश उपाध्यक्ष
समाजवादी युवजन सभा
श्याम सिंह यादव
जिला पंचायत सदस्य
गणेश द्विवेदी
वरिष्ठ सपा नेता
यश दोहरे 'अंशुल'
वरिष्ठ सपा नेता
विजय द्विवेदी
जिला मुख्य प्रवक्ता
कैश खान
पूर्व कोषाध्यक्ष
राजेन्द्र यादव
पूर्व ब्लाक प्रमुख
अंशू पाल
जिलाध्यक्ष सलोबा
शरद यादव
विधान सभा अध्यक्ष तिर्वा
उमेश पाल
विधान सभा अध्यक्ष छिबरामऊ
प्रीतू कटियार
पूर्व सदस्य जिला पंचायत
सुनील दिवाकर
वरिष्ठ सपा नेता
शेखर गिहार
सपा नेता
राकेश कठेरिया
पूर्व सदस्य अनुसूचित जाति आयोग
रीपू यादव
जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि
नेम सिंह यादव
पूर्व सदस्य जिला पंचायत
योगेश शर्मा
जिलाध्यक्ष छात्रसभा
निवेदकः– समाजवादी पार्टी जनपद – कन्नौज

# कार में टक्कर मारने के बाद ट्रक में लगी आग, युवक की मौत

## बहन के घर नोएडा जाने को निकला था कार चालक, विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** बहन के घर से नोएडा जाने की बात कहकर निकले एक युवक की कार में कौरू गांव के सामने विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे कार चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के दौरान ट्रक में आग लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा। दमकल को बुलाकर ट्रक में लगी आग बुझवाई। अस्पताल में ईएमओ ने युवक को मृत घोषित कर दिया।



सत्येंद्र सिंह।



आग लगने से धू-धू कर जलता ट्रक। अमृत विचार

रूरा थाना क्षेत्र के माझापुरवा गांव निवासी सत्येंद्र सिंह (35) नोएडा में रहकर बोरिंग का काम करता था। शनिवार की शाम को वह कार से अपने बहनोई संतोष सिंह के घर मंगलपुर क्षेत्र के मुरादपुर गांव गया था। वहां से वह नोएडा जाने की बात कहकर निकाला था। सिकंदरा-संदलपुर मार्ग पर कौरू गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी कार में टक्कर मार दी। जिससे सत्येंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

दुर्घटना के बाद ट्रक में आग लग गई और वह धू-धू कर जलने लगा। सूचना पाकर संदलपुर चौकी इंचार्ज कौशल कुमार मौके पर पहुंचे और दमकल को सूचना दी। इसके बाद कार से सत्येंद्र को निकालकर इलाज के लिए हवासपुर सीएचसी भेजा। जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। थाना प्रभारी देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।



युवक की मौत पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### जेसीबी की टक्कर से स्कूटी सवार की जान गई, पत्नी गंभीर

**पुखरायां।** रिश्तेदारी में घाटमपुर जा रहे स्कूटी सवार दंपति को जेसीबी ने गौर गांव के पास जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल भेजा। जहां ईएमओ ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर हालत में घायल पत्नी को जिला अस्पताल रेफर किया है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पुखरायां कस्बा के विवेकानंद नगर निवासी संतोष सचान (60) पत्नी मनोरमा (50) के साथ रविवार को स्कूटी से जनपद कानपुर नगर के घाटमपुर जा रहे थे। भोगनीपुर क्षेत्र के गौर गांव के पास एक जेसीबी ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें उपचार के लिए सीएचसी पुखरायां में भर्ती कराया गया। जहां ईएमओ न संतोष को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसकी पत्नी को चिंताजनक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की।

### वाहन की टक्कर से महिला की मौत, पति घायल

**मूसानगर।** मुगल रोड पर फत्तेपुर के पास बाइक सवार दंपति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दंपति गंभीर घायल हो गए। सीएचसी में डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं युवक को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बरौर थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव के हरिशंकर ने बताया कि उनका लड़का संजीत उर्फ सोनू (30) बाइक से अपनी ससुराल फतेहपुर के जहानाबाद के पनेरुआ गांव से पत्नी बंदना (27) को वापस गांव ला रहा था। तभी मूसानगर थाना क्षेत्र के फत्तेपुर के पास मुगल रोड पर अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दंपति घायल हो गए। पुलिस व स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी भेजा। जहां पर ड्यूटी पर तैनात डॉ आरती सिंह ने महिला को मृत घोषित कर दिया। युवक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया परिजनों को जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया।



कव्वाली का शुभारंभ करते सपा जिलाध्यक्ष व मौजूद अन्य पदाधिकारी।

# मैं तेरे दर पर आया हूं झोली भर के जाऊंगा

संवाददाता सिकंदरा

- **सिकंदरा में सालाना उर्स पर कव्वालों ने बांधा समां**

**अमृत विचार।** कस्बा में बाबा फकरुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैय एवं बाबा तहसीन शाह रहमतुल्लाह अलैय चिश्ती के सालाना उर्स मुबारक पर दो दिवसीय कव्वाली का आयोजन किया गया। जिसका सपा जिलाध्यक्ष बबलू राजा ने फीता काटकर शुभारंभ किया गया। कव्वाली सुनने के लिए लोगों की भीड़ रही।

हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक कहे जाने वाला उर्स में बाबा फकरुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैय एवं बाबा तहसीन शाह रहमतुल्लाह अलैय चिश्ती की मजार पर कव्वाली का प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शनिवार रात मशहूर कव्वाल फ़हीम वारिस दिल्ली एवं कव्वाल अमन अफजल साबरी मुंबई के बीच में जमकर मुकाबला हुआ। कव्वालों ने मैं तेरे दर पर आया हूं झोली भर के जाऊंगा, मेरी तू बिगड़ी बना दे, अपने चरणों में जगह दे, यहां भी मोहम्मद वहां भी मोहम्मद है, दोनों आलम में जलवा गर मोहम्मद, के लहजेदार स्वरों ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन मुन्ना कुरैशी, पूर्व सभासद असलम राईन, व्यापार मंडल अध्यक्ष कलाम कुरैशी, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष मनोज यादव, सपा नगर अध्यक्ष राशिद खान, जावेद कुरैशी, पूर्व जिलाध्यक्ष युवजन सभा काशिफ खान, उवैश दीवान, फ़रीद शाह, कमेटी अध्यक्ष जावेद अख्तर, सिकंदरा उर्स कमेटी के पदाधिकारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# दशहरा गांव में दो घरों से लाखों की नकदी और जेवरात चोरी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- **चोरों ने एक ही रात गांव में दो वारदातों को दिया अंजाम**

**अमृत विचार।** दशहरा गांव में शनिवार रात चोरों ने दो घरों से लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात, नगदी समेत सामान पार कर दिया। सुबह जागने पर परिजनों को जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है।

रसूलाबाद थाना क्षेत्र के दशहरा गांव निवासी छोटेलाल शनिवार को अपनी पत्नी माया के साथ पुत्र दिलीप के यहां दिल्ली गए थे। घर में उनके दूसरे पुत्र रामजी व उनकी पत्नी रीना खाना खाने के बाद देर शाम छत पर जाकर सो गए। तभी रात में चोरों ने मेन दरवाजे का पटरा उखाड़ दिया और घर में घुस गए। इसके बाद कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़कर उसमे रखे लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात, दस हजार रुपये व अन्य सामान चोरी कर ले गए। इसके बाद चोर पास में रहने वाले अमृत सागर के घर में घुस गए और वहां से भी सोने-चांदी के जेवरात, नगदी व सामान पार कर ले गए। रविवार सुबह जागने पर दोनों घरों के लोगों को चोरी की जानकारी हुई तो डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस न छानबीन की। रसूलाबाद थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# जरा सी बात पर दिव्यांग को मारा फरसा, मौत

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- **मृतक के चचेरे भाई, उसके पुत्रों समेत सात पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट**

**अमृत विचार।** मनावां गांव में रात को दिव्यांग की बकरी दूसरे के दरवाजे पर चली गई। इसका उलाहना देने पर दोनों में मामूली विवाद हुआ। तभी दिव्यांग से पुरानी खुन्नस मानने वाले उनके चाचा, गांव के कोटेदार व उसके चारों पुत्र आ गए और विवाद करने लगे। इसी दौरान चचेरे भाई व उसके ने दिव्यांग के सिर पर फरसा मार कर घायल कर दिया। पुलिस उसे सीएचसी ले गई। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

रसूलाबाद थाना क्षेत्र के मनावां गांव निवासी बाएं हाथ से दिव्यांग मनोज तिवारी (42) बकरी पालन का काम करता था। शनिवार को उनकी कुछ बकरियां पास के ही कैलाश मिश्रा के दरवाजे चली गई।



दिव्यांग की मौत पर जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

इसपर वे इसका उलाहना देने आए। तभी कैलाश और मनोज में मामूली विवाद हो गया। इसी दौरान मनोज के चाचा, गांव के कोटेदार कृष्ण मोहन तिवारी, उनके पुत्र दीपक, बबलू, छइया व सुंदर धारदार हथियारों से लैस होकर आ गए और विवाद करने लगे। मनोज जब तक कुछ समझ पाता तब तक उक्त लोगों ने उसके सिर पर फरसा मार कर घायल हो गया। इसकी सूचना उसके भाई संजय की पत्नी महिमा ने यूपी 112 डायल कर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस दिव्यांग को सीएचसी रसूलाबाद ले गई। जहां डॉक्टर मोहम्मद सादिक ने उसका उपचार किया। इसी दौरान दिव्यांग मनोज तिवारी की मौत हो गई। जानकारी पर मृतक के पिता पिता राममोहन, भाई संजय, उसकी पत्नी महिमा, अजय, उसकी पत्नी कल्पना, भाई विपिन आदि का रो-रोकर बुरा हाल रहा। भाई संजय ने आरोप लगाया कि चाचा कृष्ण मोहन उसके परिवार को आए दिन जान से मारने की धमकी देते थे। वह कई बार इसकी शिकायत भी की थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी मौके पर पहुंचे।

### सिर की टूटी मिली हड्डी छह चोटों के निशान

शव के पोस्टमार्टम में मृतक मनोज के सिर की हड्डी टूटी पाई गई। इसके साथ ही शरीर पर चोटों के छह निशान भी मिले। हड्डी टूटने व अधिक खून बहने से मौत का कारण बताया गया है।

# विपदा आने पर भक्त की रक्षा करते भगवान

**डेरापुर।** आज का मनुष्य धर्म और ईश्वर की बात तो करता है, लेकिन भगवान के बताए गए आदर्श और सत्य मार्ग पर नहीं चलता है।

यह बात जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने निजामतपुर गहलों में चल रही भागवत में पहुंचकर कथावाचक आचार्य मनोज शास्त्री का माल्यार्पण कर आशीर्वाद लेने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मनुष्य खाली हाथ आता और खाली हाथ चला जाता है। उसे उसके कर्मों से याद किया जाता है, जो भगवान को याद करते हैं। संकट में भगवान उसकी रक्षा करते हैं। अधिवक्ता महेंद्र सिंह यादव, जगदीश सिंह, शिव प्रकाश पांडेय, ऋषभ कुमार, सुखबीर राजू यादव, जयवीर सिंह, मलखान सिंह, राम प्रकाश अवस्थी आदि रहे।



कथावाचक का माल्यार्पण करते जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष।

# आसमान से बरसी आग, लू ने किया बेहाल

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**40** डिग्री सेल्सियस तापमान रहा बीते दो दिन से

**08** बजे सुबह से ही धूप की तल्खी कर रही बेचैन

**अमृत विचार।** जनपद में मौसम की तल्खी बरकरार है। दोपहर के समय आसमान से आग बरस रही है। तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी होने से तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। वहीं गर्म हवाएं लोगों को बेहाल कर रही हैं।

इस समय लगातार मौसम की तल्खी बढ़ी हुई है। तापमान एक-दो दिन 40 डिग्री के आसपास रहा। उसके बाद अचानक तीन से चार डिग्री की बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। बीते दिनों छिटपुट बूंदाबांदी के बाद प्रचंड गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली थी। उसके बाद तापमान में अचानक फिर से उछाल देखा गया। रविवार को भी वही हाल रहा। प्रचंड गर्मी में धूप की तल्खी ने लोगों को परेशानी बढ़ा दी है। लोगों को फिलहाल इससे राहत मिलती नहीं दिखाई दे रही है। सुबह आठ बजे के बाद से ही धरती तपने लगती है और शाम पांच बजे तक इसका असर रहता है। तीखी धूप इस कदर चुभती रही है कि काम होने के बाद भी घरों से लोग बाहर नहीं निकल रहे हैं। रविवार को धूप इतनी चटख थी कि सफर दौरान मानो आसमान से आग के गोले गिर रहे हों। तेज हवा के कारण चेहरे झुलसे जा रहे हैं। बिना अंगौछा व चश्मा के सफर करने वाले राहगीरों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। चौपहिया वाहन चालक धूप से बचने के लिए शीशे को चढ़ाए रखते हैं। दोपहर में गांव की सड़कों से लेकर हाईवे तक सन्नाटा पसर जाता है। शाम पांच बजे के बाद ही बाजारों में चहल-पहल देखने को मिलती है। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच दिन बारिश की न होने की संभावना जताई है। दिन व रात का सामान्य तापमान बढ़ा रहेगा।



तेज धूप से बचाव को छाता लगाकर व मुंह ढककर जातीं युवतियां। अमृत विचार

- **रविवार को अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज**

### गर्मी व लू लगने से युवक-वृद्धा की बिगड़ी हालत, मौत

**पुखरायां/शिवली।** पुखरायां व शिवली क्षेत्र में गर्मी व लूट से एक युवक व वृद्धा की हालत बिगड़ गई। अस्पताल में इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। पुखरायां कस्बा के इंद्रानगर निवासी अनिल कुमार ने बताया कि उनकी मां सियादुलारी (65) हरदुआ चौराहे के पास किसी कार्य के लिए बैठी थी। तभी अचानक हालत बिगड़ने पर गश खाकर गिर गई। परिजनों को जानकारी होने पर उन्होंने निजी अस्पताल में ले जाकर भर्ती किया। जहां पर जांच के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के बेटे ने कहा कि सुबह से गर्मी के कारण मां को उलझन हो रही थी। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। इसी तरह शिवली कोतवाली क्षेत्र के ज्योति गांव निवासी किसान अजीत (28) शनिवार की दोपहर खेतों पर गए थे। इसी दौरान भीषण गर्मी से वह गश खाकर गिर गए। जानकारी पर परिजन उन्हें घर ले आए। शाम को हालत बिगड़ने पर अजीत को हैलट ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई।



एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण को लेकर मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करते युवा। अमृत विचार

# एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण पर बांटे गए लड्डू

संवाददाता डेरापुर

- **मुर्रा महोई तिराहे पर युवाओं ने मनाया जश्न**

**अमृत विचार।** एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर मुर्रा महोई में लोगों ने लड्डु बांटकर जश्न मनाया। अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी खुशी का माहौल है।

रविवार को मुर्रा महोई तिराहे पर युवाओं ने इकट्ठा होकर लड्डू वितरित किए। युवा नेता राघवेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ गांवों के लाखों लोगों को मिल रहा है। इस मौके पर चंद्रजीत कश्यप, नरेश दोहरे, गजेंद्र सिंह राजावत, बीएस ठाकुर, राजेश हलवाई, संतोष दोहरे, शैलेंद्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपना नाम यूनुस से बदलकर युनुस अंसारी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **युनुस अंसारी पुत्र सत्तार ग्राम हरपुर बाबू टोला, पोस्ट कोटवा बाजार, जिला कुशीनगर 274305**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मोहम्मद कलाम से बदलकर कलाम खान रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **कलाम खान पुत्र नसीमुद्दीन ग्राम सेमरी पोस्ट सेमरी खानखोट जिला सिद्धार्थ नगर।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SAFIUDDEEN से बदलकर SHAFIUDDIN CHAUDHARY रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए। **SHAFIUDDIN CHAUDHARY S/O JAMALUDDIN निवासी– ग्राम हरैया, सिद्धार्थनगर 272151**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम जाका उल्लाह अब्दुल हकीम से बदलकर जक़उल्लाह रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **जक़उल्लाह पुत्र अब्दुल हकीम अहेशानुल्लाह 35 नया मोहल्ला लेडुआ महुआ, पोस्ट व थाना बखिरा, जिला सन्त कबीर नगर 272199**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम जुबैरिया रूमान (ZUBAIRIYA RUMAN) से बदलकर जवेरिया रूमान (JAVERIA RUMAN) रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **जवेरिया रूमान पुत्री मोहम्मद शमीम (MOHD SHAMIM) मोहल्ला दरियाचक रसुलपूर गोरखनाथ गोरखपुर 57C नीयर बीएसएनएल टॉवर के पास पोस्ट गोरखनाथ थाना तिवारीपुर जिला गोरखपुर**

**NOTICE**

I CHANDRAPATI, M/O ARMY NO. JC572674W, RANK NB/SUB, NAME-RAJESH KUMAR SINGH, UNIT-7 MAHAR, c/o 56 APO, R/A-PATELNAGAR, NILMATHA, LUCKNOW, U.P. (226002). DO HEREBY DECLARE THAT MY NAME AND DOB HAS BEEN WRONGLY WRITTEN IN MY SON'S SERVICE RECORD AS 'CHANPATI' AND "05/02/1953' INSTEAD OF 'CHANDRAPATI' AND '01/01/1955 AS PER MY AADHAR.

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम शेख तौसिफ आजीमुल्लाह से बदलकर तौसिफ़ आजीमुल्लाह शेख रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **तौसिफ़ आजीमुल्लाह शेख पुत्र आजीमुल्लाह शेख ग्राम बेलहसा, पोस्ट जिगिना ठाकुर, जिला सिद्धार्थ नगर।**

**NOTICE**

I RITESH, S/O ARMY NO. JC572674W, RANK-NB/SUB, NAME-RAJESH KUMAR SINGH, UNIT-7 MAHAR, c/o 56 APO, R/A-PATELNAGAR, NILMATHA, LUCKNOW, U.P. (226002). DO HEREBY DECLARE THAT MY NAME HAS BEEN WRONGLY WRITTEN IN MY FATHER'S SERVICE RECORD AS 'RITESH KUMAR' INSTEAD OF "RITESH' AS PER MY CBSE BOARD HIGH SCHOOL MARKSHEET.

**NOTICE**

I MIRA PATEL, W/O ARMY NO. JC572674W, RANK-NB/SUB, NAME-RAJESH KUMAR SINGH, UNIT-7 MAHAR, c/o 56 APO, R/A-PATELNAGAR, NILMATHA, LUCKNOW, U.P. (226002). DO HEREBY DECLARE THAT MY NAME AND DOB HAS BEEN WRONGLY WRITTEN IN MY HUSBAND'S SERVICE RECORD AS MIRA' AND 06/01/1983 INSTEAD OF MIRA PATEL' AND '20/12/1981' AS PER MY HIGH SCHOOL MARKSHEET.

**सूचना**



मैरे पुत्र रीशान पाण्डेय RISHAAN PANDEY का नाम विप्लव पाण्डेय VIPLAV PANDEY त्रुटिवश अंकित हो गया है। दोनों नाम एक ही पुत्र के हैं। भविष्य में उसे रीशान पाण्डेय RISHAAN PANDEY के नाम से जाना जाये। **अश्वनी कुमार पाण्डेय पुत्र जगत नारायण पाण्डेय निवासी 790 हर्ष नगर इटावा आधार संख्या 329783236479**

**बच्चों का विकास** | स्कूलों में 17 तरह की खेल प्रतियोगिताओं का कैलेंडर जारी किया गया

# खेलों में भी पारंगत किए जाएंगे परिषदीय स्कूल के बच्चे

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के बच्चे आउटडोर और इनडोर खेलों में निपुण बनाए जाएंगे। पढ़ाई-लिखाई के साथ उन्हें खेलों का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। विभिन्न खेल अभियानों के तहत एथलेटिक्स, वॉलीबॉल और फुटबॉल समेत विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण देकर बच्चों को अच्छा खिलाड़ी बनाया जाएगा। शासन से इस आशय का निर्देश आने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग तैयारी में जुट गया है।

परिषदीय स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए 17 तरह की खेल प्रतियोगिताओं का कैलेंडर जारी किया गया है। स्कूल, न्याय पंचायत, ब्लाक, जिला, मंडल और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं जुलाई के तीसरे सप्ताह से शुरू होंगी और 30 नवंबर को खत्म होंगी। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी जिलों के बेसिक शिक्षाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। सभी परिषदीय विद्यालयों के लिए दस-दस हजार रुपये की धनराशि पहले ही दी जा चुकी है। हाकी, तैराकी, कुश्ती, हैंडबाल, वालीबाल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, फुटबाल, जूडो, खो-खो, एथलेटिक्स, जिमनास्टिक, क्रिकेट, कबड्डी, ताइक्वांडो, योगासन और इसके साथ-साथ नृत्य व गायन स्तर की प्रतियोगिताएं होंगी। ये प्रतियोगिताएं, बालक व बालिका वर्ग की होंगी। सभी जिलों में टीमें गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यालयों में प्रतिदिन खेलकूद की गतिविधियां होंगी। हफ्ते में चार दिन खेल व व्यायाम और दो दिन स्काउट-गाइड की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### एप पर बच्चों की मूल्यांकन रिपोर्ट देंगे प्रधानाध्यापक

खेल इंडिया एप सभी प्रधानाध्यापक डाउनलोड करेंगे और विद्यार्थियों का मूल्यांकन कर उसकी रिपोर्ट देंगे। 11 वर्ष तक की आयु के विद्यार्थी प्राथमिक स्तर के लिए और 11 से 14 वर्ष तक की आयु के विद्यार्थियों को जूनियर स्तर की टीम में रखा जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में टीम प्रतिस्पर्धा में दस अंकों में और व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में पांच अंकों में मूल्यांकन किया जाएगा। दिव्यांग बच्चों के लिए अलग से प्रतियोगिताएं कराई जाए। वहीं मेजर ध्यानचंद की जयंती 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं के विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## अब स्कूलों में 18 से होंगे समर कैंप

- **गर्मी की छुट्टियों के बाद 18 जून से खुलेंगे परिषदीय विद्यालय**

**कानपुर देहात।** परिषदीय विद्यालयों में पर्यावरण जागरूकता से संबंधित समर कैंप का आयोजन 18 से 25 जून के बीच होगा। गर्मी की छुट्टियों के बाद 18 जून से विद्यालय खुल रहे हैं। विद्यालय अवधि के आखिरी एक घंटे में इससे जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

बेसिक शिक्षा विभाग ने पिछले दिनों पांच से 12 जून तक पर्यावरण जागरूकता से संबंधित समर कैंप आयोजित करने का निर्देश दिया था। गर्मी की छुट्टियां होने के कारण शिक्षक संगठनों ने इसका विरोध किया। इसके बाद विभाग ने इसे स्थगित कर दिया था। अब विभाग ने संशोधित आदेश जारी करते हुए कहा है कि 18 से 25 जून के बीच इससे जुड़ी गतिविधियां की जाएं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि प्राचार्य डायट, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक, बीएसए, वरिष्ठ प्रवक्ता, डायट मेंटर, एआरपी-एसआरजी इस अवधि में विद्यालयों में आकर छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के लिए जागरूक करेंगे। इसमें स्वयंसेवी संस्थाओं को भी शामिल किया जाएगा। बच्चों को भ्रमण, पौधरोपण, विद्यालय में किचेन गार्डेन, ई-कचरा के दुष्प्रभाव, स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, बिजली बचत आदि के जागरूकता कार्यक्रम होंगे।

## पल्लेदार का पेड़ से लटकता मिला शव

**शिवली।** पल्लेदार का संदिग्ध हालत में शव खेत में खड़े पेड़ से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है। शिवली कोतवाली क्षेत्र के झम्मानिवादा गांव निवासी मनीष कमल (28) कानपुर में पल्लेदारी का काम करते थे। रविवार की शाम वह किसी काम के लिए घर से निकले थे। उसके बाद मनीष का शव गांव के बाहर खेतों में खड़े जामुन के पेड़ पर गमछे से लटकता मिला। लोगों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और कोहराम मच गया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रांसफॉर्मरों की नहीं बढ़ी क्षमता, ओवरलोडिंग से हो रहे फाल्ट

## तीन बार रिपेयर के बाद ट्रांसफार्मर की क्षमता 20 फीसद कम हो जाती

कार्यालय संवाददाता,फतेहपुर



**अमृत विचार।** उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति के लिए लगे ट्रांसफार्मरों पर क्षमता से अधिक लोड पड़ रहा है। दिनों दिन बढ़ने वाले कनेक्शनों के बाद भी ट्रांसफार्मरों की क्षमता नहीं बढ़ाई जा रही। जिससे आए दिन कहीं ट्रांसफार्मर फुंकते हैं या उनमें अन्य खराबी आने से आपूर्ति ठप हो जाती है। वहीं ट्रांसफार्मरों को ठीक करने के लिए मेंटीनेंस गैंग भी नहीं है।

विभाग एचटी वायरों सहित कई ट्रांसफार्मर जर्जर होने के बावजूद कनेक्शनों का अतिरिक्त लोड ट्रांसफार्मर में डाला जा रहा है। जर्जर उपकरणों के सहारे बढ़ रहे कनेक्शनों के बावजूद बेहतर आपूर्ति के दावे किए जाते हैं। ट्रांसफार्मर जल जाता है तो वहां पर ट्रांसफार्मर को विभागीय कार्यशाला में रिपेयर करवाकर लगवाया जाता है। ट्रांसफार्मरों की नियमत जांच नहीं की जाती जबकि ट्रांसफार्मर की क्षमता से दोगुना भार डालकर कुछ समय के लिए छोड़ कर जांच कराए जाने पर उसका आकलन किया जाता है।

- ट्रांसफार्मरों को ठीक करने के लिए मेंटीनेंस गैंग भी नहीं
- ट्रांसफार्मरों की नियमित जांच न होने से भी हो रही है समस्या

"ट्रांसफार्मरों की देखरेख करने के लिए उपकेंद्र की टीम को जिम्मेदारी दी गई है। उनके द्वारा समय-समय पर मेंटीनेंस किया जाता है। इसके बावजूद यदि किसी की लापरवाही प्रकाश में आती है तो नुकसान की रिकवरी की जाएगी।

–विनोद कुमार, चीफ प्रयागराज

### इन ट्रांसफार्मरों से की जाती है आपूर्ति

- 12250 के करीब प्रथम डिवीजन में लगे हैं ट्रांसफार्मर
- 18070 के करीब ट्रांसफार्मरों से लैस है द्वितीय डिवीजन
- 20540 के करीब ट्रांसफार्मरों से तृतीय डिवीजन में लगे

विभागीय सूत्रों की माने तो तीन बार रिपेयर के बाद ट्रांसफार्मर की क्षमता 20 प्रतिशत कम हो जाती है। अधिक रिपेयर होने पर उसकी क्षमता धीरे-धीरे कम होती रहती है।

## गर्मी में हर घंटे गुल हो रही बिजली से उपभोक्ता परेशान

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

- खासकर साउथ सिटी के मोहल्लों में बढ़ी दिक्कत
- गर्मी के साथ-साथ पेयजल का संकट भी गहराया

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में बिजली की आवाजाही से लोग परेशान हो रहे हैं। पंखा कूलर एसी का लोड बढ़ने के कारण सुबह से लेकर रात तक कई-कई बार बत्ती गुल होने से लोग गर्मी में बेहाल हैं।

पारा रोजाना 44 डिग्री से 45 डिग्री तक पहुंच रहा है। ऐसे में आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। गर्मी में बिजली की अघोषित कटौती लोगों के लिए भारी परेशानी का सबब बनी हुई है। सुबह से लेकर रात तक हर आधे एक घंटे में गुल हो रही बिजली ने लोगों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। हालात यह हैं कि जल्दी-जल्दी बिजली गुल होने से लोगों के इनवर्टर वगैरा भी चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। जबकि लोकल फाल्ट की वजह से भी बीच-बीच में बिजली काटनी पड़ रही है। वहीं गर्मी और लू की वजह से लोग घरों में कैद होने को मजबूर है, ऊपर से बिजली की कटौती लोगों को रूला रही है, जिससे बच्चों के साथ ही बुजुर्गों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को साउथ सिटी स्थित राधानगर बिजली उपकेंद्र से संचालित कई फीडर के उपभोक्ता बिजली कटौती से खासे परेशान रहे।

### बिजली मिल नहीं रहीं और दिन में जलती हैं स्ट्रीट लाइटें

**फतेहपुर।** शहर में जगह-जगह लगी स्ट्रीट लाइटों के दिन में जलने के कारण बिजली की बर्बादी हो रही है। एक ओर बिजली विभाग बिजली बचाए जाने की अपील कर रहा है तो दूसरी ओर नगर पालिका की स्ट्रीट लाइटों से बर्बाद होने वाली बिजली की ओर जिम्मेदारों की निगाह नहीं जा रही। दिन में जलने वाली स्ट्रीट लाइटों पर नगर पालिका के जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता जिससे बिजली बर्बाद हो रही है। बिजली विभाग लाइन लॉस करने की जुगत में लगा हुआ है। इसके बावजूद नगर पालिका की स्ट्रीट लाइटों से बिजली का दुरुपयोग किया जा रहा है। शहर के विभिन्न स्थानों पर नगर पालिका द्वारा शहरियों की सुविधाओं के लिए लगाई गई स्ट्रीट लाइटों के दिन में भी जलने के कारण बिजली बर्बाद हो रही है।

"दिन में लाइटें जलने के बाबत जल्द जांच करवाई जाएगी। यदि कहीं पर स्ट्रीट लाइट जलती पाई जाती है तो उसे दुरुस्त करवाया जाएगा। किसी भी दशा में दिन में स्ट्रीट लाइटों को नहीं जलने दिया जाएगा।

– समीर कुमार कश्यप एईओ नपाप

## पेड़ काटने से ट्रांसफार्मर सहित तीन पोल की लाइन धड़ाम

संवाददाता औंग, फतेहपुर

**अमृत विचार ।** बिन्दकी रोड चौडगरा के फीडर शाहजहांपुर के गांव गंगचौली में पेड़ काटने के दौरान विद्युत लाइन पर गिर गए जिससे तीन पोल के तार टूट गए। तार टूट कर गिरने से आपूर्ति बाधित हो गई विभाग आपूर्ति बहाल किए जाने के काम में जुटा है। ग्रामीणों ने बताया कि गंगचौली की दो तिहाई आबादी में 36 घण्टे से आपूर्ति बाधित है। इसके अलावा गांव शाहपुर , हरचंदखेड़ा को भी बिजली दो दिन तक नसीब नहीं हुई।



पेड़ की चपेट में आने से टूटा पड़ा पोल व ट्रांसफार्मर।

**करंट लगने से अधेड़ की मौत : फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम जखनी में 52 वर्षीय अधेड़ की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लालपुर मजरे रारा गांव निवासी इंद्रपाल का पुत्र महावीर लोडर में खाद लादकर जखनी गांव गया था। माल खाली करने के बाद गांव के ही युवक ने लोडर में जनरेटर लादने की बात कही। जिस पर महावीर व उसके साथ गए अन्य लोग जनरेटर उठाने के लिए पहुंचे। तभी लोहे का राड ऊपर से गई एचटी लाइन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी करंट लगने से मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी मृतक के चचेरे भाई जागेश्वर ने दी है।

# एक एसओ व चार सिपाही लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- चुनाव के दौरान मिली थीं शिकायतें
- आधा दर्जन थानेदार अभी भी एसपी के निशाने पर

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने जिले के एक थानेदार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया जबकि एक थाने में तैनात चार सिपाहियों को भी लाइन हाजिर करके पुलिस महकमें में खलबली मचा दी है। बताया जाता है कि लगभग आधा दर्जन थानेदार भी पुलिस अधीक्षक की नजर पर खरे साबित नहीं हो रहे हैं, जिनके खिलाफ जल्द ही कार्रवाई होने की आशंका है।

जिले में कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाए जाने को लेकर चुनाव के बाद अब पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने एक बार फिर से उन सिपाहियों एवं पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेना शुरू कर दिया है जिनकी शिकायत लगातार चुनाव के दौरान मिल रही थी और थाने आए फरियादियों के साथ इनके द्वारा बदसलूकी की जा रही थी। आचार संहिता होने की वजह से ऐसे पुलिस के मुलाजियों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं हो पा रही थी आचार संहिता हटते ही पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बकेवर के थाना अध्यक्ष योगेश कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया उनके स्थान पर चुनाव सेल से उपनिरीक्षक सुरेश कुमार को बकेवर थाने की जिम्मेदारी सौंपी है। इसी के साथ खागा कोतवाली में तैनात सिपाही रोहित यादव अंकित यादव चंद्र कुमार यादव समेत ललित मिश्रा को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है खागा थाने में तैनात यह चारों सिपाही चुनाव के दौरान डीजे संचालक के साथ हार जीत को लेकर मारपीट की थी जिसकी शिकायत भी पुलिस अधीक्षक के पास हुई थी लेकिन आचार संहिता होने की वजह से कोई भी कार्रवाई नहीं हो सकी। अब आचार संहिता हटने के बाद पुलिस अधीक्षक ने उन पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करनी शुरू कर दी है जिनके खिलाफ पूरे चुनाव की प्रक्रिया के दौरान लगातार शिकायतें मिल रही थीं।

जिले में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक के निशाने पर आधा दर्जन से अधिक वह थानेदार भी कार्रवाई के दायरे में आते जा रहे हैं जिन्होंने चुनाव के दौरान पुलिस के उच्च अधिकारियों के आदेशों का पालन नहीं किया है ऐसे थानेदारों के खिलाफ भी पुलिस अधीक्षक ने जांच पड़ताल बैठा रखी है बताया जाता है कि इन थाना अध्यक्षों को चिह्नित किया जा चुका है और जल्द ही इनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई किए जाने की रणनीति बनाई जा रही है पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई से पुरी पुलिस माह में हड़कम्प मचा हुआ है।

### सीओ सर्किल में भी बदलाव के आसार

पुलिस अधीक्षक ने एक ओर जहां थाना अध्यक्षों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है तो दूसरी तरफ जिले में तैनात क्षेत्राधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई किए जाने की रणनीति बनाई है बताया जाता है कि जिले में मौजूदा समय में सभी सर्किल के क्षेत्राधिकारियों में बदलाव किया जा सकता है।

# लू से एहतियात बरतें गर्भवती महिलाएं

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** बढ़ रही गर्मी और लू चलने को लेकर जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है। जिसमें लोगों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को दोपहर में बाहर निकलने से परहेज करने की अपील की गई है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले चार दिनों तक तापमान बढ़ने के साथ गर्म हवा लू का प्रकोप बढ़ने की संभावना है। इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली किसी भी प्रकार की हानि की रोकथाम के लिए सावधानियां बरतने के लिए डीएम सी. इंदुमती ने एडवाइजरी जारी की है। अपील की है कि गर्मी और लू के चलते गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे घर में ही रहें। विशेष परिस्थितियों में ही घर के बाहर निकले, दोपहर 12 से 3 तक घर पर ही रहें, अति आवश्यक न होने पर निकलें। कहा सभी काम 6 से 11 बजे और शाम 4 से 7 बजे के बीच ही निपटा लें। घर में व सफ़र के दौरान भी हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें। सफर में अपने साथ पानी रखें। गीले कपड़े को अपने चेहरे सिर व गर्दन पर रखें। अगर तबीयत ठीक न लगे और चक्कर आएं तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। पेय पदार्थ जैसे की लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छाछ आदि पीयें।

### शराब और नशीले पदार्थों से बचने की सलाह

गर्मी और लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़ें। साथ ही खाना बनाते समय कमरे की खिड़की एवं दरवाजे बंद न रखें। नशीले पदार्थ शराब व अन्य के सेवन से बचें। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। बासी भोजन न करें।

## भागवत कथा के समापन पर हुआ विशाल भंडारा

**फतेहपुर।** क्षेत्र के रानीपुर बहेरा गांव में बरम बाबा के स्थान में सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के समापन के बाद शनिवार को विशाल भंडारा का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

क्षेत्र के रानीपुर बहेरा गांव में कथावाचक आचार्य देव शरण त्रिपाठी व कु. भक्ति त्रिपाठी के मुखारबिंद से सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा हो रही थी। जिसके समापन के बाद सुबह हवन पूजन के बाद शाम को विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें क्षेत्र के रानीपुर बहेरा बरैची विजयीपुर अमनी मुगरिहापुर सहित कई गॉव के दूर दराज से आये श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर आयोजक प्राणेश अग्निहोत्री व शिवनरायण अग्निहोत्रीए माया पाण्डेयए चेतन तिवारीए शुभम अवस्थीए अनुराग तिवारीए अमित अग्निहोत्री सहित तमाम क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के सदस्य। अमृत विचार

### अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद का होगा विस्तार

**फतेहपुर।** संगठन को गतिशील बनाये रखना ही समाज को एक दिशा देने का काम करता है। उक्त विचार प्रकट करते हुये परिषद के राष्ट्रीय महासचिव रवि प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमंत गुप्ता के निर्देशानुसार वह प्रदेश दौरे पर आज फतेहपुर आये हुये है। फतेहपुर में महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष कविता रस्तोगी के आवास पर उन्होंने पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस अवसर पर महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष कविता रस्तोगी ने उनका अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। राष्ट्रीय महासचिव रवि प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि चुनाव संपन्न हो गये है। अब हम सभी लोग अपने संगठन को गतिशील बनाने का कार्य प्रारंभ कर दें और जो निष्क्रिय पदाधिकारी हैं उनको निवेदित करके संगठन की मुख्य धारा से जोड कर संगठन को गतिशील बनाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आज देश में वैश्य समाज काफी संख्या में है। उन्होंने कहा कि एक बहुत ही बड़ा सम्मेलन शीघ्र ही मथुरा की धरती में सुमंत के सानिध्य में किया जायेगा जिसमें प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया जायेगा। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद गुप्ता, जिलाध्यक्ष अरूण जायसवाल एडवोकेट, विष्णु रस्तोगी, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### सहायकों की कमी से सुविधा नहीं दे पा रहे पंचायत सचिवालय

**फतेहपुर।** जिले की ग्राम पंचायतों पर बने पंचायत सचिवालय ग्रामीणों की सुविधाओं पर खरे नहीं उतर रहे हैं। सहायकों की कमी के कारण लोगों को अपने काम के लिए ब्लॉक के चक्कर लगाने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों को उनके गांव में ही सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से हर ग्राम पंचायत में मिनी सचिवालय (पंचायत भवन) का निर्माण कराया गया है। जनपद में कुल 840 ग्राम पंचायते हैं। पंचायत भवनों की साज सज्जा और कम्प्यूटर उपकरण, फर्नीचर आदि की व्यवस्था कराकर उसमें एक पंचायत सहायक की तैनाती भी की थी। पूर्व में प्रधान सीट के आरक्षण के आधार पर सहायकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी। आवेदन के बाद चयन हुआ था। इनमें से एक सैकड़ा से अधिक ग्राम पंचायतों में सहायक नहीं हैं। डीपीआरओ ने बताया कि कुल ग्राम पंचायतों में कई में सहायकों के पद रिक्त चल रहे हैं।

### पौधरोपण कर धरा को बचाने का दिया संदेश

**फ़तेहपुर।** कांग्रेस नेता व सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मोहसिन खान ने पौधारोपण कर लोगों से धरती को हरा भरा बनाए रखने के लिए पेड़ लगाने का आह्वान किया। कांग्रेस पार्टी के पूर्व शहर अध्यक्ष एवं सदर विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी मोहसिन खान द्वारा शांतीनगर स्थित गोरे शहीदन कब्रिस्तान परिसर के आस-पास की खाली पड़ी भूमि पर पौधे रोपकर भीषण गर्मी व तापमान बढ़ोतरी से राहत के लिए सभी समाजिक संगठनों व आमजनों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। भीषण गर्मी से राहत व तापमान बढ़ोत्तरी रोकने के लिये सभी नागरिकों को कम से एक पौधे अवश्य लगाकर उसकी देखभाल भी करनी चाहिए।

# बाइक सवार का स्टंट करते हुए वीडियो हुआ वायरल

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर



हाईवे पर स्टंट करते युवक।

- मलवां हाईवे का बताया जा रहा है वीडियो
- हाईवे पर पुलिस पेट्रोलिंग की खुली पोल

**अमृत विचार।** जिले में नेशनल हाईवे पर स्टंटबाजी करते युवकों को बड़ी आसानी के साथ देखा जाता सकता है। न इनको पुलिस का डर है और न ही मौत का ख़ौफ़ स्टंटबाजी करने वाले युवक सोशल मीडिया में खूब वीडियो वायरल कर रहे है। ऐसा ही एक खतरनाक वीडियो सोसल मीडिया में वायरल हो रहा है जो मलवां थाना क्षेत्र के हाइवे का बताया जा रहा है।

बाइक सवार का स्टंट करते वीडियो वायरल होने के बाद जिले में चर्चा का विषय बना है पुलिस अब वायरल वीडियो की पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वायरल वीडियो में बकायदे युवक चलती बाइक से आंखों में पट्टी बांधकर व चलती बाइक में बाइक चेंज करते युवक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है । हालांकि अमृत विचार अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

## कृषि मंडी में ठंडे पानी के लिए भटक रहे किसान

**फतेहपुर।** क्षेत्र कृषि उत्पादक मंडी किशनपुर में सरकारी सुविधाओं के नाम पर बरसती आग में पीने के लिए ठंडे पानी तक की व्यवस्था नहीं है।

क्षेत्र की इकलौती कृषि उत्पादक मंडी किशनपुर में वैसे तो सुविधाओं का अभाव है। किसानों को पीने के लिए ठंडा पानी नसीब नहीं है। मंडी परिसर में लगे एक हैंडपंप में मोटर डालकर प्लास्टिक की टंकी रख दी गई है जिससे दोपहर में उबलता पानी निकलता है।

जहां किसानों को ठंडा पानी पीने के लिए बीस रुपये खर्च करने पड़ते हैं। मंडी सचिव ने बताया कि ताजे पानी की व्यवस्था रहती हैए ठंडे पानी की व्यवस्था करवाई जाएगी।

# समस्या : टैग लगे गोवंशों के झुंड से हाईवे पर हादसों का खतरा

कार्यालय संवाददाता,फतेहपुर



इस तरह सड़कों पर विचरण करते हैं अन्ना मवेशी। अमृत विचार

- मवेशियों के झुंड यातायात के लिए बन रहे परेशानी का सबब

**अमृत विचार।** अन्ना मवेशी खेतों से लेकर सड़कों तक बड़ी मुसीबत बने हैं। टैग लगे गोवंशों के झुंड रोड जाम कर रहे है। लोगों ने वाहनों को ब्रेक लगाकर संभल कर निकलने में ही अपनी भलाई समझ रहे हैं।

मवेशियों का झुंड यातायात के लिए परेशानी का सबब बने रहे। फर्राटा भर रहे वाहन चालक ब्रेक लगाकर हार्न बजाते देखे गए। रास्ता क्लियर होने पर ही वाहन आगे बढ़ सके। दोनों ओर फैले मवेशी राहगीरों के लिए हादसे का खतरा बने रहे। झुंड में मवेशी इधर से उधर दौड़ लगाते रहते हैं। टैग लगे मवेशी देख ग्रामीण खफा रात दिन खेतों की रखवाली के बावजूद किसान फसलों को नहीं बचा पा रहे। अन्ना मवेशियों से जूझ रहे लोग उन्हें पकड़ कर संरक्षित करने की मांग कर रहे हैं। ऐसे में टैग लगे गोवंश को किसी गोशाला से छोड़े जाने की वजह मान ग्रामीण जिम्मेदारों को भला बुरा कह कर कोसते रहे। इससे राहगीरों के लिए मवेशी मुसीबत बने हुए हैं।

**परेशानी** मुसाफा से कोरसम जाने वाला मार्ग खस्ताहाल, तमाम हादसों के बावजूद गंभीर नहीं दिखाई दे रहे जिम्मेदार

# राहगीरों को अखर रहा है पांच किमी का गड्ढायुक्त मार्ग

कार्यालय संवादाता,फतेहपुर



खस्ताहल पड़ा मार्ग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** देवमई ब्लाक के मुसाफा से कोरसम जाने वाले मार्ग पर महज पांच किमी का सफर तय करने में राहगीरों को घंटे भर का समय लग रहा है। मार्ग के खस्ताहाल होने के कारण आए दिन होने वाले हादसों के बावजूद जिम्मेंदार गंभीर नहीं दिखाई दे रहे।

शाखा नहर पटरी मार्ग पर इन दिनों सड़क से निकली बजरी व गड्ढों की भरमार है। बताते है कि इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है इस मार्ग से होकर श्रद्धालु कानपुर स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर कुढ़नी के लिए आवागमन करते है। जिन्हे आवागमन करने में परेशानियां उठानी पड़ती है। ग्रामीण अमर शिवम ने बताया कि इस मार्ग पर बिखरी बजरी व गड्ढों के कारण पांच किमी का सफर तय करने के दौरान लंबा समय लग जाता है। इतना ही नहीं मार्ग पर झाड़ियां भी लगी हुई है जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। जबकि चार साल पहले ही मार्ग का मरम्मतीकरण कराया गया था।

तीन सौ मीटर पत्थर पैचिंग न होने से कटार का खतरा

**गड्ढों में फंस रहे वाहनों से लग रहा जामः** औगासी मार्ग के खस्ताहाल होने के कारण यहां से आवागमन करने वाले राहगीरों को खासी परेशानियां उठानी पड़ रही है। वहीं मार्ग में फंसने वाले वाहनों के कारण आए दिन लगने वाले जाम से लोग हलकान रहते हैए वहीं इस मार्ग पर संचालित होने वाले ट्रैक्टरों की ट्राली में लोड होने के कारण अगला हिस्सा जमीन से ऊपर उठ जाता है। जिससे हादसों का खतरा रहता है।

औगासी मार्ग पर कस्बे से लेकर सुकेती तक करीब छह किमी तक बड़ी संख्या में गड्ढे हो चुके है जिससे यहां पर आए दिन कोई न कोई बड़ा वाहन फंस रहा है। जिससे मार्ग पर आवागमन प्रभावित होने के कारण बाइक सवारों की भीड़ गांव के अंदर से निकलने के मार्ग खोजती दिखाई देती है।

### अधूरी पत्थर पैचिंग को पूरा कराये जाने की मांग

किशनपुर-दांदो यमुना पुल पर विभाग द्वारा अधूरी पत्थर पैचिंग करवाई जा रही है। जिससे आने वाले बारिश के दिनों में कटान का खतरा कम होता नहीं दिख रहा। वहीं तुर्की नाले में बनी अप्रोच रोड को भी एक मीटर ऊंचा किए जाने से परेशानियां कम होती नहीं दिखाई दे रही। किशनपुर-दादों यमुना ब्रिज के काम के दौरान मिट्टी पुराई पत्थर पैचिंग का काम लगभग पूरा हो चुका है। कर्मचारी मिट्टी को बराबर कर पत्थर डालकर सड़क बनाने की प्रक्रिया में जुटे हुए है। जबकि पुल के बीच में पांच सौ मीटर मिट्टी पुराई कर अप्रोच मार्ग बनाया गया है। यह क्षेत्र बारिश के समय यमुना का जलस्तर बढ़ने पर जलमग्न हो जाता है। जबकि तीन सौ मीटर मार्ग पर यदि पत्थर पैचिंग नहीं की जाती तो बाढ़ के समय इस मार्ग पर मिट्टी के कटान का खतरा होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

## ठा. दरियाव सिंह के शौर्य को किया याद

**फतेहपुर।** 8 जून 1857 में आजादी के मतवालों ने अंग्रेजों के ऊपर धावा बोलकर उनकी सेना को तहस-नहस कर दिया था और पूरे फतेहपुर को स्वतंत्र करा दिया था। जिसे विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। शनिवार को अरबपुर स्थित ठा. दरियाव सिंह की मूर्ति पर मोहम्मद आसिफ सहित साथियों ने पुष्पांजलि व माल्यार्पण किया। इस अवसर पर धीरज कुमार ने कहा कि 1857 की जंग में फतेहपुर का इतिहास सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। मोहम्मद आसिफ ने कहा कि 1857 की जंग में खागा से लेकर फतेहपुर शहर में डिप्टी कलेक्टर हिकमत उल्ला खां व जमरावां के ठाकुर शिवदयाल सिंह कुटिया गुनीर बावनी इमली पूरे फतेहपुर में अंग्रेजों के विरुद्ध 1857 के जंग के सेनानियों ने बिगुल फूंक दिया था। एक माह तक स्वतंत्र सरकार चलाई थी।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# खलिहान की जमीन पर लोगों ने बना लिए मकान

## चार कब्जेदारों ने मकान बनवा लिए हैं, ग्रामीण हो रहे परेशान

संवाददात असोथर, फतेहपुर



खलिहान की जमीन पर कब्जा और निर्माण कार्य के लिए पड़ी सामाग्री । अमृत विचार

**अमृत विचार।** मौजूदा समय में खलिहान की जमीन में अवैध कब्जा जारी है । चार कब्जेदारों ने मकान बनवा लिए हैं जिससे किसान परेशान हैं। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी हल्का लेखपाल को दी कोई कार्यवाही नहीं हो सकी।

असोथर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत छिछिनीए रिठवां की सीमा से लगे गांव मुस्तफापुर में आवादी के पूर्व दिशा में खलिहान की जमीन सुरक्षित है जिस पर चार अवैध कब्जेदार मकानका निर्माण करवा रहे। लोगों की शिकायत के बावजूद हल्का लेखपाल से लेकर प्रशासन तक किसी ने भी संज्ञान में नहीं लिया। ग्रामीणों का आरोप अवैध निर्माण को लेकर गांव के ही मुन्ना रजनू तिवारी शिवधनी बोधीलाल विजई रामसेवक ने खलिहान की जमीन पर खड़े पेडों को भली नहीं छोड़ा उन्हे काट दिए। अब वहीं पर मकान भी बनवा रहे हैं।

बनवाये जा रहे मकान के आगे और कब्जा जारी है। खलिहान की भूमि फसल रखने के लिए थी। बताया जाता गाटा संख्या 213 रकबा करीब दो बीघा जमीन पर अवैध निर्माण जारी है। जमीन छिछिनी के राजस्व अभिलेखों में खलिहान दर्ज है। गांव में लेखपाल सुनील राणा और कानूनगों रामदत्त शुक्ल की तैनाती है। मामले में कानूनगों ने बताया है कि शिकायत मिली है। वहीं रिठवां प्रधान की भूमिका संदिग्ध बतायी जा रही ।

# बढ़ते तापमान से झुलसी जायद की फसल, किसान हुए निराश

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** दोआबा के गंगा के किनारे रहने वाले सैकड़ों किसान गंगा की रेती में हजारों रूपये लगाकर जायद की फसल बोई थी। समय से पहले आसमान से बरसी आग के कारण पौधे झुलस गये। जिससे उन्हें फसल का पूरा लाभ नहीं मिल सका। हजारों रूपये का नुकसान हुआ है। किसानों ने दस फीसदी पर कर्ज लेकर फसल बोई थी। लागत भी नहीं निकल पाई। किसान इसी जायद की फसल से सात, आठ महीने परिवार चलाते हैं।

इस बार अधिक धूप होने के कारण फसल झुलस गई। जिससे आमदनी नहीं हो सकी। सैकड़ों किसान बर्वादी की कगार पर हैं। उन्हें मजदूरी के अलावा और कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है। किसान बताते हैं कि खीरा, ककड़ी, तरबूज की फसल में बहुत अधिक लागत आती है।

खाद और जैविक खाद व बीज भी महंगे हैं। खेती के लिए संसाधन की कमी के कारण किसानों को कठिनाई होती है। इससे लगातार खेती में घाटा हो रहा है।

### क्या बोले किसान

खीरा ककड़ी की खेती से करीब सात आठ महीने परिवार का खर्चा चलता है। इस बार भीषण गर्मी ने फसल को बर्बाद कर दिया।

**रमेश**

इस बार गर्मी के कारण खीरा ककड़ी समेत अन्य फसलें समय से पहले झुलस गई। जिससे नुकसान हुआ है।

**मोहित**

हर साल जायद की फसल से अच्छी आमदनी होती थी, मार्च से लेकर मई, जून तक फसल मंडी में पहुंचती थी। इस बार गर्मी ने सारे अरमान ध्वस्त कर दिये।

**खलील अहमद**

हजारों रूपये कर्जा लेकर खीरा, ककड़ी समेत अन्य जायद की फसल बोई थी। फसल के साथ सारे आरमान खत्म हो गये।

**फूल सिंह**

# आसमान से बरसी आग, लोग बेहाल

कार्यालय संवाददाता,फतेहपुर



धूप के चलते दुपट्टा ओढ़कर जातीं युवतियां। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार को भी आसमान से आग बरसती नजर आई। तेज गर्म हवाओं ने लोगों को घरों में ही दुबकने को मजबूर किया। गर्मी में लोग पसीने से तर-बतर रहे। जरूरी काम से भी घरों से बाहर निकले लोग धूप की तल्खी से बेहाल हो गए। जहां पानी मिला वहां खुद का गला तर करने के साथ ही चेहरे पानी डालकर गर्मी शांत करने का प्रयास करते नजर आए।

तपन सिर्फ गर्मी का अहसास नहीं करा रही है बल्कि तन बदन को झुलसा रही है। बीते दिनों की तरह रविवार को एक बार फिर आसमान से आग सी बरसती नजर आई। हालत यह थी कि सुबह 10 बजे से ही चुभती हुई धूप लोगों को छायादार जगहों पर छिपने के लिए मजबूर किया। दोपहर तक दिन भर व्यस्त रहने वाली सड़कों पर भी सन्नाटा पसरा नजर आया। बाजारों में रौनक भी नहीं दिखाई दी। दुकानदार भी धूप से बचने का जतन करते नजर आए। मौसम के रुख में एक और बदलाव दिखाई दिया। रविवार को हवाएं तेज रहीं जिससे लू के थपेड़ों ने लोगों को झुलसने पर मजबूर किया। लोग पसीने से तर बतर होते नजर आए। अधिकतम तापमान 42 डिग्री न्यूनतम 29 डिग्री रिकार्ड किया गया।

### पानी खरीद कर पीना मजबूरी

गर्मी को देखते हुए पालिका द्वारा मुख्य मार्गो में प्याऊ नहीं खुलवाए गए हैं। भीषण गर्मी में लोगों को खरीदकर पानी पीना पड़ रहा है। कई चौराहों में लगाए गए आरओ वाटर एटीएम भी शो पीस खड़े हैं। जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए हैंडपंप का सहारा लेना पड़ा

### तालाब भरवाए जाने के नहीं किए गए इंतजाम

प्यास बुझाने के लिए अन्ना पशु और पक्षी व्याकुल है। गांवों के तालाब सूख चुके इनमे पानी भरवाये जाने के कोई इंतजाम नहीं किए गए।

## वृद्धा ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम फुलवामऊ में गृह कलह से तंग आकर 60 वर्षीय वृद्ध महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार फुलवामऊ गांव निवासी स्व. शिव गोपाल की पत्नी रज्जन देवी पिछले काफी समय से घरेलू कलह से मानसिक तनाव में थी।

शनिवार की शाम उसने घर के अंदर उस वक्त फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब घर के सभी लोग खेतों में काम करने चले गए थे। परिजन जब घर वापस आए तो रज्जन देवी का शव फांसी पर लटका देख घर में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# एसटीएफ ने चार पिस्टलों के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इंदौर खरगौन से पिस्टल खरीदकर कानपुर में बेचता था शातिर
- आरोपी इटावा व कासगंज से आर्म्स एक्ट में कई बार जेल जा चुका

**अमृत विचार।** रविवार दोपहर न्यूआजाद नगर काली मठिया के पास एसटीएफ ने सेन पश्चिमपारा पुलिस की मदद से एक असलहा तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्कर के पास से चार अवैध 32 बोर की पिस्टल व चार मैगजीन बरामद हुई हैं। तस्कर इंदौर खरगौन से पिस्टल खरीदकर कानपुर में बेचने आता था। आरोपी इटावा व कासगंज से आर्म्स एक्ट में जेल जा चुका है।

एसटीएफ कानपुर यूनिट को रविवार दोपहर मुखबिर से सूचना मिली कि सेन पश्चिमपारा न्यूआजाद नगर चौकी क्षेत्र के काली मठिया भीमनगर चौराहे के पास एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा है। जिस पर एसटीएफ फील्ड इकाई के दीवान देवेश कुमार ने सेन पश्चिमपारा पुलिस को बताया। जिसके बाद थाना प्रभारी ने चौकी पुलिस के साथ घेराबंदी कर शातिर को दबोच लिया। युवक के पास से चार अवैध 32 बोर की पिस्टल व चार मैगजीन बरामद हुई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम इटावा सराय भर्थना निवासी सज्जन सिंह बताया। उसने बताया कि वह अभी तक तीन बार इंदौर खरगौन से प्रति पिस्टल 10 हजार खरीदकर कानपुर में 20 हजार से 25 हजार तक में बेच चुका है। बताया कि इस बार इटावा के एक युवक ने फोन पर मैगजीन समेत चार पिस्टल का आर्डर दिया था। जिसकी कीमत एक लाख देने की बात कही थी। आर्डर देने वाले व्यक्ति ने न्यूआजाद नगर चौकी क्षेत्र के काली मठिया भीम नगर चौराहे के पास रविवार दोपहर एक युवक का इंतजार करने को बोला था जिसे पिस्टल देनी थीं। इसी दौरान पुलिस ने पकड़ लिया। इस संबंध में थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# खाद्य विभाग की सुस्ती से बिक रहा मिलावटी सामान

कार्यालय संवाददाता,फतेहपुर

**अमृत विचार।** रोजमर्रा की जिंदगी में प्रयोग किए जाने वाले खाद्य पदार्थ को खरीदाते समय दुकानदार से सावधान रहे। मिलावटी खाद्य पदार्थ का भण्डार मंड़ी में मौजूद है। जरूरी नहीं जिस खाने वाली वस्तु को आप खरीद रहे वह शुद्ध हो । व्यापार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा तथा अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में रह जगह मिलावटी सामग्री की बिक रही। कहीं दूध में पानी के साथ ही कास्टिक सोडा व सर्फ सहित रिफाइंड की मिलावट तो मावा में आलू,सरसों के तेल में बिना खाने वाली वस्तुओं की मिलावट की जा रही जिसे सस्ते दामों में बाजार में खपाया जा रहा। सरसों के तेल में मिलावट करने वाले बड़े कारोबारियों की गाड़िया दिन भर फर्राटे सड़क पर भरती लेकिन खाकी से लेकर विभाग के अफसर सभी खामोश बने रहते हैं।

### मसालों पर होती अत्यधिक मिलावट

मसालों में आसानी से अत्यधिक मिलावट की जाती है जो आसानी से पकड़ में नहीं आती। जिसके कारण लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। बताते है कि लाल मिर्च में ईंट या कबेलू का बारीक पिसा हुआ पाउडर मिलाया जाता है। जबकि हल्दी में मेटानिल यलो रसायन का प्रयोग किया जाता है। वहीं दाल चीनी में अमरूद की छाल काली मिर्च में पपीते के बीज सरसों के दानों या राई में अर्जेमोने के बीज की मिलावट की जाती है।

## सार-संक्षेप



सड़क किनारे नही बनाई गई नाली। अमृत विचार

### प्रधान पर खुन्नस के चलते नाली न बनवाने का आरोप

**असोथर।** जल निकासी के लिए गांवों में पक्की नाली बनवाई गई, नाली बनवाने में ग्रामीणों के साथ भेदभाव किया गया, आरोप है कि ग्राम प्रधान अपने चहेतों के दरवाजे निर्माण करवाया गया वहीं अपने विरोधियों के सामने छोड़ दिया गया। इसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहाकि गांव की तस्वीर बदलने के लिए सरकार धनराशि भेजती है किसी के साथ भेदभाव करना उचित नहीं। हसवा विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रिठवां के मजरे बहादुरपुर में ग्रामीणों के साथ भेदभाव किए जाने का मामला सामने आया। जहां के ग्राम प्रधान हरविलास चौहान है। बहादुरपुर गांव में आरसीसी और नाली का निर्माण करवाया गया है तथा दो स्थान ऐसे हैं जहां पर नाली नहीं बनाई गई है और पूरी नाली खुली छोड़ दी गई है,जिससे घरों से निकला गंदा पानी नाली में ना जाकर बाहर बह रहा है। ग्रामीण मुनी चौहान का आरोप है कि मंदिर के सामने नाली नहीं बनवाये जाने से गंदा पानी इधर उधर फैलेगी इससे लोगों की आस्था आहत होगी। आरोप आरोप लगाये ग्राम प्रधान से उनकी पारिवारिक खुन्नस है इन्ही वजहों से भेदभाव किया जा रहा। इस संबंध में पंचायत सचिव दीपक तिवारी ने बताया कि कार्य योजना में शामिल करके अगली बार नाली बनवा दी जाएगी।

### कूड़े में भविष्य तलाश रहे हैं नौनिहाल

**फतेहपुर।** जनपद के मलिन बस्तियों में रहने वाले नौनिहालों के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के इतर देश का भविष्य कूड़े में अपना व अपने परिवार का भविष्य तलाश रहे हैं। आम लोगों के घरों से निकलने वाला कचरा जिसकी सडांध से बचने के लिए लोग दूर से ही कपड़े से अपनी नाक ढक कर निकलते हैं। उसी कचरे के ढेर से स्लम बस्तियो में रहने वाले बच्चे दिन भर प्लास्टिकए गत्ता कागज व लोहे के टुकड़े बीनकर अपना व अपने परिवार का पेट चला रहे हैं। कहने को तो शहर में कूड़े के कई स्थान चिन्हित हैं। लोधीगंजए भिटौरा मार्ग अटल पार्क के निकट नगर पालिका के कचरा एकत्र करने का स्थान हो या फिर अन्य जगह इसके अलावा शहर के अन्य छोटी बड़ी गलियों में एकत्र कूड़े के ढेर से कचरा बीनते हुए छोटे छोटे बच्चों को देखा जा सकता है। मलिन बस्तियों की तंग गलियों में रहने वाले गरीब परिवारों व उनके बच्चों के उत्थान के लिये केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। इन परिवारों के आउट आफ स्कूल वाले बच्चों को एनजीओ के माध्यम से स्कूल में दाखिला कराये जाने व परिवार को पात्र गृहस्थी व अंत्योदय योजना में नाम शामिल करवाक़र परिवार को मुफ्त शासन देने की व्यवस्था करनेए बच्चों को मुफ्त कॉपी किताब व स्कॉलरशिपए व्यवसाय के लिये लोन आदि दिए जाने का प्रावधान है। योजनाओं को अमली जामा पहनाने व बच्चों के अधिकारों का हनन होने से रोकने के लिये केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से कई विभाग काम करते हैं। इसके अलावा केंद्र व प्रदेश के बाल आयोग भी काम कर रहे है। सरकार प्रतिमाह इन आयोगों के सदस्यों एव अध्यक्षों पर मोटी रकम भी खर्च करती है। फिर भी नतीजा सिफर ही है। शासन की योजनाओं का लाभ पात्रों के तक पहुंचाने के लिए प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बावजूद कूड़े में अपने परिवार के लिए खुशियां तलाशते हुए नौनिहाल के सामने आखिऱ क्या मजबूरी है शासन की योजनाएं पात्रों तक न पहुंचना अपने आपमें सवाल है।

# सार्वजनिक शौचालय में लगा ताला, परेशान हो रहे ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता,फतेहपुर



सार्वजनिक शौचालय पर लगा ताला।

- केयर टेकर मुफ्त का मानदेय ले विभाग को लगा रहा चूना

**अमृत विचार।** स्वच्छता स्वास्थ्य और सुरक्षा के मद्देनजर बनाए सार्वजनिक शौचालयों पर ताले लटक रहे हैं। जिम्मेदारों की लापरवाही शासन की योजना को पलीता लगा रही है। नतीजतन महिलाए बुजुर्ग व बच्चे हाथ में लोटा थाम जंगल जाने को विवश हैं। संचालन को तैनात की गई केयर टेकर मुफ्त का मानदेय ले विभाग का चूना लगा रही हैं। प्रधान,सचिव का सामंजस्य रखरखाव की धनराशि पर हाथ साफ कर रहे हैं।

निर्माण से ध्वस्त होने तक उपयोग नहीं होने शौचालय का संचालन केयर टेकर मानदेय भी उठाती। जबकि अफसरों के गांव आने पर ही सार्वजनिक शौचालयों के ताले खुलते। इसकी बानगी ऐतमादपुर में देखने को मिली सामुदायिक शौचालय का निर्माण होने के बाद ध्वस्त होने तक कोई उपयोग नहीं किया गया है। इसी गांव मानेपुर के मजरे कुम्हारनपुर में निर्माण रखरखाव व संचालन के नाम पर लाखों खर्च हो गए पर एक भी दिन शौचालय का इस्तेमाल नहीं हो हुआ। जिससे ग्रामीण खुले में शौचालय जाने को मजबूर है। मजरे ऐतमादपुर का सामुदायिक शौचालय पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुका है। कुम्हारनपुर के शौचालय में रास्ता न होने की वजह से तालाबंदी है।

# समकालीन मुद्दों और चुनौतियों पर हुई कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता,फतेहपुर



राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डॉ भीमराव आंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग ने बौद्धिक संपदा अधिकारों,आईपीआर, पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य संकाय सदस्यों को विभिन्न पहलुओं उभरते मुद्दों और पारंपरिक ज्ञान की सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना था। कार्यशाला का उद्घाटन प्राचार्य प्रोफेसर सरिता गुप्ता द्वारा किया गया। जिन्होंने अकादमिक और अनुसंधान में बौद्धिक संपदा अधिकारों के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। उन्होंने नवाचारों की सुरक्षा और अकादमिक समुदाय में जिम्मेदारी से योगदान देने के लिए शिक्षकों और शोधकर्ताओं को सजगता की आवश्यकता को रेखांकित किया।

डॉ अभिषेक कुमार तिवारी ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के क्षेत्र में समकालीन मुद्दों और चुनौतियों पर एक अंतर्दृष्टिपूर्ण प्रस्तुति के साथ कार्यशाला की शुरुआत की। उन्होंने आईपीआर कानूनों के विकास उनके शोधकर्ताओं पर प्रभाव और इन अधिकारों को लागू करने में आने वाली बाधाओं पर चर्चा की। डॉ तिवारी ने बौद्धिक संपदा विवादों के महत्वपूर्ण कानूनी और आर्थिक परिणामों वाले मामलों को उजागर किया जिससे शिक्षाविदों में जागरूकता और तैयारी की आवश्यकता को रेखांकित किया। उनके व्याख्यान ने आईपीआर के गतिशील परिदृश्य का व्यापक अवलोकन प्रदान कियाए जिससे निरंतर सीखने और अनुकूलन की आवश्यकता पर जोर दिया।

दूसरा सत्र पर डॉ हरिबंश सिंह द्वारा संचालित पारंपरिक ज्ञान के अंतर्संबंध पर केंद्रित था। डॉ सिंह ने ढांचे में पारंपरिक ज्ञान की सुरक्षा में नैतिक दुविधाओं और कानूनी चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने समझाया कि पारंपरिक ज्ञानए जो अक्सर पीढ़ियों के माध्यम से पारित होता है उचित कानूनी सुरक्षा के बिना शोषण के प्रति संवेदनशील होता है। डॉ सिंह ने एक संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया जो नवाचार को बढ़ावा देते हुए स्वदेशी समुदायों के अधिकारों का सम्मान और सुरक्षा करता है। उनकी चर्चा में जैव.डाकाजनी के उदाहरण और इन चिंताओं को दूर करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाए गए कदम शामिल थे जिससे प्रतिभागियों को शामिल जटिलताओं की गहरी समझ मिली।

उन्होंने प्रारंभिक विचार से लेकर अंतिम मंजूरी तक पेटेंट प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदमों का विस्तार से वर्णन किया। डॉ यादव ने पेटेंट प्राप्त करने के मानदंडों को समझाया जिनमें नवीनता आविष्कारक कदम और औद्योगिक प्रयोज्यता शामिल हैं। उन्होंने पेटेंट आवेदन प्रक्रिया का विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान कियाए जिसमें दस्तावेजीकरण प्रस्तुतिए परीक्षा और मंजूरी चरण शामिल हैं


**आडंबर** सामान खरीदने की आड़ में जेब की जाती है ढीली

# झाड़फूंक की आड़ में लोगों से हो रही ठगी

कार्यालय संवाददाता,फतेहपुर

**अमृत विचार।** झाड़ फूक की आड में लोग ठगी का शिकार बन रहे। इसके लिए बाकायदा कईयों कस्बों में झाड़ फूक करने वाले आडाम्मरी अपनी दुकानें खोल रखी है जहां भोले भाले लोग तथा उनके साथ पहुंची महिलाओं को भूत प्रेत का साया होना बताकर सहमा दिया जाता फिर उन्हे ठीक करने के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती। ये धंधा अर्से से पनप रहा जिस पर अंकुश लगाया जाना आवश्यक है ताकि लोग आडम्बर की गिरफ्त से बच सके।

झाड़ फूक का अंधविश्वास इधर सालों से जिले में बढ़ा है। वैज्ञानिक युग में लोग अंधविश्वास की गिरफ्त में फंस रहे। यही वजह है कि कईयों कस्बों में आडम्बरी अपनी दुकानें खोल रखी है। जहां परेशान हाल पहुंचते तो उन्हे भूत प्रेत का साया होना बता कर डर पैदा किया जाता फिर भूत प्रेत की साया से बाहर निकालने के लिए तमाम तरह की सामग्री खास दुकानों पर भेजकर मंगवाई जाती इसी आड में रकम ऐठने का धंधा खुलेआम चल रहा।



### पैसा न देने वाले फूंक मार वापस किये जाते

- तंत्र मंत्र के आडम्बरी के पास पहुंचने वाले ने दबी जुबान में बताया कि रूपये न दे वालों को फूंक मार वापस कर दिया जाता है। वहीं रकम दे सकने वालों को विधिवत तंत्र मंत्र की विद्या में लीन किया जाता है।

### खास दुकानों में मिलती सामग्री

- आडम्बरी खास दुकानों में भेजकर हिरन की झिल्ली मरघट या कब्रिस्तान की राख लोबान जाफरान .केसर जैतून का तेल चमेली का तेल लौंगए इत्र कामोत्तेजक गोलियां खजूर सालिम पंजा आदि सामान मंगवाया जाता है। पुरूषों से ज्यादा महिलाओं इनकी गिरफ्त में फंस कर अपनी गाढ़ी कमाई लुटवा रही।

### छेड़छाड़ की बात आयी सामने

- पड़ोस के रहने वाले फउल खान बताते हैं कि बीते दिनों खिदिरपुर गांव की एक महिला से मदरसा में रहने वाले आडम्बरी ने मोटी रकम की ठगी कर ली जब उसका मनमुताबिक काम नही हुआ वापस पैसे मांग लिए तो आडम्बरी ने उसे बर्बाद कर देने की धमकी देकर भगा दिया। बताया कई छेड़छाड़ के सामले सामने आये जिन्हे महिलाओं ने लोकलाज के डर से दबा दिया गया।

### बिंदकी में फल फूल रहा कारोबार

- प्रशासन की आंख में धूल झोककर बिंदकी कस्बा के लंका रोड के समीप एक मजहबी सथल पर तंत्र मंत्र और दुआ तावीज का कारोबार काफी दिनों से फल-फूल रहा है। वहीं कस्बे में ही मोहल्ला मुगलाही पैगम्बरपुर खजुहा समेत जिले के कई स्थानों में झाड फूक का कारोबार अपनी जड़ें जमाये है।



यूकेलिप्टस के बाग में लगायी गयी आग। अमृत विचार

## यूकेलिप्टस के बाग में आग लगाने का आरोप

**औंग, फतेहपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम गलाथा निवासी शिवबहादुर सिंह के पांच बीघा खेत में लगा करीब पांच हजार पेड़ आग लग जाने के कारण जल गए । पीड़ित के खेत पाण्डु नदी पार कटरी में हैं जिससे पीड़ित को आग लगने की जानकारी देर से मिल पाई । आग की चपेट में आकर कुछ पेड़ झुलस भी है। किसानों को पहुंची भारी नुकसान देखकर पीड़ित ने गांव के पप्पू पुत्र रजोला निषाद व रामू पुत्र बाबू निषाद के नामजद पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि उपरोक्त लोगों ने पुरानी खुन्नस में आग लगा उसे बड़ी छति पहुंचाई है। पुलिस जांच कर रही है।

# बाजार में नहीं ले रहे दो रुपये के सिक्के

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** अभी एक और दो रुपए के सिक्कों का चालन खत्म नहीं किया गया है किंतु बिंदकी तहसील के बाजार हाट में इस राष्ट्रीय मुद्रा को लेने से साफ इनकार किया जा रहा है।

जिले की व्यावसायिक नगरी में राष्ट्रीय मुद्रा के साथ इस तरह का खेल साल भर से ज्यादा समय से चल रहा है। कई मर्तबा अफसरों को अवगत कराया गया। प्रशासनिक बयान भी आए। जिससे बीच-बीच में लगा भी कि शायद अब कोई दुकानदार एक और दो के सिक्के देने पर समान हाथ से वापस नहीं ले लेगा। फिर भी अफसोस, यही सब बाजारों में देखने को मिल रहा है। जिस पर किसी तरह का नियंत्रण नहीं किया जा रहा है। नतीजा इस कारण दुकानदार और ग्राहक के बीच कहीं कहीं पर टकराव के भी हालत देखने को मिल रहे हैं।

29 लाख की आबादी के बीच व्यावसायिक दृष्टिकोण से सबसे मजबूत पायदान पर खड़ी बिंदकी की कारोबारी गतिविधियां अरसे से सवालों के घेरे में खड़ी रही हैं। दाल और चावल के लिए प्रदेश भर में विख्यात रही यह मंडी मौजूदा वक्त न केवल मिलावटी खाद्य पदार्थ और डुप्लीकेसी का गढ़ बन चुकी है बल्कि बाजारों से वास्ता रखने वाले सेठ भी अपने हिसाब से दुकानदारी को अंजाम दे रहे हैं। तभी तो शनिवार होने के कारण भी करीब 30 फ़ीसदी बाजार खुल रहा। साप्ताहिक बंदी के दिन खुली बाजार का हाल जानने के लिए श्रम विभाग का कोई जिम्मेदार यहां नज़र नहीं आया। नगर के एक चौराहे में दो के सिक्के को लेकर दुकानदार और ग्राहक के बीच तू-तू-मैं-मैं होती रहती है।

### दो का सिक्का आप ही रख लो, यहां कोई नहीं लेता

चौडगरा से रोडवेज बस से सवार होकर आए बड़ा कुआं के राजू कंडक्टर के दो का सिक्का पकड़ाने पर, उसे यह कहकर लेने से मना कर दिया कि इस बिंदकी में कोई नहीं लेता है इन सिक्कों को। घर में एक और दो के सिक्कों का अंबार जमा हो रहा है। सरकार की तरफ से कोई एक्शन नहीं उठाया जा रहा है। दरअसल, इस सवारी का टिकट 18 रुपए का था और कंडक्टर को 20 दिए थे इसलिए टिकट के पीछे बकाया 2 का हवाला था ।इस सवारी के उतरते ही कंडक्टर ने रोक लिया तभी उसे टका सा जवाब मिला।

### सरकारी अस्पताल में चलता सिक्का

नगर पालिका बिंदकी में राष्ट्रीय मुद्रा का अपमान हो रहा है। इसके इतर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जरूर एक रुपए का बाहयरोगी विभाग का पर्चा आराम से बनवाया जा सकता है। अस्पताल केस काउंटर में एक रुपए को लेने में कोई प्रकार की नानू करने की जा रही है। इस तरह से देखा जाए तो 25 वार्ड वाली नगर पालिका का एक ऐसा यही पॉइंट है। जिसमें राष्ट्रीय मुद्रा का अपमान देखने को नहीं मिल रहा है।

# शिक्षिका के बंद मकान का ताला काट कर 50 लाख की संपत्ति चोरी

## सुबह होने पर चोरी की हुई जानकारी, पुलिस ने मौके पर पहुंच कर की छानबीन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शिक्षिका के बंद मकान का ताला तोड़ कर चोरों ने लाखों रुपये की नकदी, जेवरात समेत 50 लाख रुपये का माल चोरी कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। सीसीसीटी फुटेज में दो चोर दिखाई दे रहे हैं। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच नमूने लिये। मामले में शिक्षिका की ओर से सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के पाल चौराहा पर महेंद्रा कार एजेंसी के निकट रहने वाली शिक्षिका प्रिया अवस्थी पत्नी आशीष अवस्थी का मेन रोड पर मकान है। शनिवार को वह अपने मूल गांव देवधरापुर में माता-पिता से मिलने चली गईं थीं। मकान के मुख्य गेट से लेकर प्रत्येक कमरों में ताले लगे थे। रात 11:11 पर दो चोर मुख्य गेट का ताला तोड़ कर मकान के अंदर पहुंच गये। चोरों ने मकान के अंदर पहुंचे कमरों व सेफ के ताले काट कर 1,80,000 रुपये नकद के अलावा करीब 50 लाख रुपये के जेवरात चोरी कर लिये। सुबह होने पर उनके ससुर जब मकान पर पहुंचे तो पाया कि मुख्य गेट का ताला टूटा पड़ा है। अंदर जा कर देखा तो मकान के सभी कमरों के भी ताले टूटे हैं। सेफ खुली पड़ी है। मकान का सारा सामान बिखरा पड़ा है। यह देख उन्होंने प्रिया को इसकी जानकारी दी। कुछ ही देर में वह व अन्य परिजन मौके पर पहुंच गये। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।

कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह के अलावा पाल चौराहा चौकी प्रभारी धीरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले में फोरेंसिक टीम प्रभारी धीरज कुमार, एसओजी व सर्विलांस टीम ने मौके पर पहुंच कर छानबीन कर साक्ष्य जुटाये।



मकान के मुख्य गेट के कटे ताले से नमूने लेती फोरेंसिक टीम। अमृत विचार



मकान के अंदर खुली पड़ी अलमारी।

### एएसपी ने खुलासे के लिये आठ टीमें बनाईं

- **कन्नौज।** करीब 50 लाख रुपये की नकदी व जेवरात चोरी के मामले को एएसपी डॉ. संसार सिंह ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने सदर कोतवाली में क्षेत्र के सभी दरोगा को बुला कर बैठक ली। इस दौरान उन्होंने आठ दरोगा को लगा कर टीमें गठित की। निर्देश दिये कि मामले में एक सप्ताह के अंदर चोरी का खुलासा कर दिया जाये।

### घर में ही रखा था लाखों रुपये का जेवर

कन्नौज। पाल चौराहे पर शिक्षिका के बंद मकान में हुई बीती रात चोरी के में चोर 1,80,000 रुपये, दो एफडी के कागजात, दो एटीएम, दो सोने की चेन, पांच सोने की अंगूठी, एटीएम, आधार, पैन कार्ड, चेक, छह सोने के कंगन, छह जोड़ी टॉप्स, पायल 10 जोड़ी, बिछिया 15 जोड़ी, एक मंगल सूत्र, तीन हार, सात पेंडल, दो नथनी, दो मांगबेंदी, दो कमर पेटी, दो बच्चों की हाय पेंडल, दो गले की चेन, 21 चांदी के सिक्के, तीन कंठी बच्चों के, दो ब्रेसलेट, पति की तीन अंगूठी, दो चेन चोरी कर ले गये।

### रेस्टोरेंट से एसी के आउटडोर चोरी

छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खोजीपुर निवासी वीर गुप्ता पुत्र देवेश गुप्ता ने बताया कि गांव में ही उनका ग्रीन लीफ नाम से एक रेस्टोरेंट है। उस रेस्टोरेंट में दो एसी लगा रखी हैं। रविवार की सुबह जब वह रेस्टोरेंट पर पहुंचे और ऐसी चालू की लेकिन एसी काम न करने पर ऊपर जाकर देखा तो छत पर रखे दो आउटडोर नही थे। उनका आरोप है कि किन्हीं अज्ञात चोरों ने दोनों आउटडोर चोरी कर लिए। उन्होंने तहरीर के माध्यम से मामले की शिकायत पुलिस से की है।

## एक नजर

### प्रतिबंधित लकड़ी बरामद

**तालग्राम, कन्नौज।** वन विभाग के अधिकारियों ने भाकियू की शिकायत पर आरा मशीन पर छापा मारा और अवैध रूप के काटी गई हरी नीम की लकड़ी बरामद की। इसके बाद वन विभाग के अधिकारियों ने आरा मशीन संचालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। भाकियू स्वराज के पदाधिकारियों ने नगर के एक आरा मशीन संचालक पर प्रतिबंधित हरी लकड़ी काटने का आरोप लगाते हुए वन विभाग से शिकायत की थी। इसको लेकर रविवार की सुबह वन विभाग की टीम ने छापेमारी की, जिसमें आरा मशीन में हरी नीम की लकड़ी बरामद की हुई। वन विभाग के उप निरीक्षक आरके शाह ने बताया कि नगर की एक आरा मशीन से नीम की हरी लकड़ी बरामद हुई है। आरा मशीन संचालक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएंगी।

### बाइक फिसली, युवक घायल

**तालग्राम, कन्नौज।** रविवार की सुबह ग्राम घुसुआपुर निवासी सौरभ सिंह (30) बाइक लेकर रिश्तेदार जा रहा था, तभी गांव के बाहर सड़क पर पड़ा केले का छिलका बाइक के नीचे आ गया। इससे उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस से घायल को सीएचसी तालग्राम में भर्ती कराया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया गया।

### मांगे आवेदन

**कन्नौज।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय ने बताया कि शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में निशुल्क ओ लेवल का एक वर्षीय व ट्रिपल सी तीन महीने का कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाना है। इसके लिए राष्ट्रीय इलेक्टॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नीलिट) से मान्यता प्राप्त संस्थानों से आठ से 21 जून तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं।

## जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

**सौरिख, कन्नौज।** जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे व मारपीट हो गई। मामले में चार लोग हुए घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को डाक्टरी परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पुलिस ने दोनों पक्षो का मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव नगला डडुअन निवासी लज्जावती पत्नी सुरेश चंद्र ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया 6 मई को समय लगभग 11 बजे वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। उसी समय गांव के ही अजय पुत्र कुंजीलाल आए और बेवजह गाली गलौज देने लगे। जब गाली देने से मना किया तो उनकी पत्नी विमला देवी व दोनों पुत्रियां उसके साथ मारपीट करने लगी। शोरगुल सुन कर बचाने पहुंची पुत्री राधा को भी उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इसी बीच पहुंचे गांव के लोगों ने ललकारा तो आरोपी जान से मानने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। वहीं, दूसरे पक्ष की विमला देवी पत्नी अजय ने भी प्रार्थना पत्र देते हुए बताया की 6 जून को समय लगभग 11 बजे अंजुम, राजन खेत की मेड़ को काट रहे थे। मना करने पर गाली-गलौज करने लगे। जब गाली देने से मना किया तो मारपीट करने लगे। शोर गुल सुनकर बचाने पहुंची पुत्री पारुल से भी सभी लोगों ने मारपीट की। जिससे गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को डाक्टरी परीक्षण के लिए सीएचसी भेज दिया।



पोस्टमार्टम हाउस में गुमसुम खड़े परिजन व सगे संबंधी। अमृत विचार

# हाईटेंशन तारों की चपेट में आने से छात्र की मौत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शनिवार को खेत पर पानी देने जाते समय हुआ हादसा, दी तहरीर

**अमृत विचार।** हरिजनपुर्वा व खैरनगर के बीच निर्माणाधीन 220 केवी बिजली लाइन के तार खींचने के दौरान तारों की चपेट में आने से 12 वर्षीय छात्र की मौत के मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।



दीपक।

ठठिया थाना क्षेत्रके गांव हरिजनपुर्वा निवासी संजू का 12 वर्षीय पुत्र दीपक शनिवार को खेतों की ओर जा रहा था। गांव व खैरनगर के बीच डाली जा रही हाईटेंशन लाइन के तार, जो मशीन से खींचे जा रहे थे, उनकी चपेट में आ गया। इससे वह तार में फंस कर करीब 200 फिट की ऊंचाई तक पहुंच गया। इसके बाद वह नीचे आ गिरा। उसके गंभीर चोट आई है। परिजन उसे मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। रविवार को मामले की तहरीर मृतक दीपक कुमार की मां राजरानी ने पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मामले में परिजनों ने बिजली लाइन का निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था के ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया। बताया जाता है कि संजू के तीन बच्चे हैं। इस में एक पुत्री व दो पुत्र हैं। इनमें दीपक सबसे बड़ा था। वह अपने शिक्षक मामा धर्मेंद्र सिंह के यहां तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के गांव ऐमा में रह कर पढ़ाई कर रहा था। वह कक्षा पांच का छात्र था। जून की छुट्टी में घर गया था। पिता संजू के पास भूमि न होने से वह तेलंगाना में आइसक्रीम बेच कर घर चलाते हैं। घटना के समय वह तेलंगाना में थे। जानकारी पर वह रवाना हुए। सोमवार को वह घर पहुंचेंगे।

# इतने तब न डरे थे, अब क्या खाक डरेंगे : सुब्रत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पूर्व सांसद ने सोशल मीडिया के माध्यम से दिया विरोधियों को करारा जवाब

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में हार के बाद पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने सोशल मीडिया के माध्यम से विरोधियों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने भाजपा और सपा की नीतियों को स्पष्ट करते हुए इसका अंतर भी समझाया है। साथ ही सपा सरकार में अपने ऊपर अत्याचारों की याद दिलाते हुए लिखा है कि इतने तब न डरे थे अब क्या खाक डरेंगे? निवर्तमान सांसद की इस पोस्ट को हजारों लोगों ने लाइक किया है और प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने अपने फेसबुक पेज पर एक लेख लिखा है, जिसमें कहा गया है कि स्वयं को समाजवादी कहने वाले कुछ जातिवादी और स्वार्थी लोग अति उत्साह में उनके ऊपर टिप्पणी कर रहे हैं। वह कन्नौज की माटी में जन्मे और यहीं पले बढ़े हैं। उनके पिता कोई राजनीतिज्ञ नहीं थे, बल्कि एक साधारण इंसान थे। उन्हें अखिलेश यादव की तरह राजनीति विरासत में नहीं मिली है। भारतीय जनता पार्टी जैसे सबसे बड़े दल ने उन्हें चार बार चुनाव लड़ने का अवसर दिया है, यह स्वयं में श्रेष्ठतम है। अखिलेश यादव ने उन्हें हराया, यह दिलचस्प नहीं है, 2019 में जब उन्होंने डिंपल यादव को हराया था, तब यह देश की सबसे बड़ी खबर थी।

**चुनाव लड़ने के लिए सैफई परिवार का होना जरूरी:** सुब्रत पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा ने कितने यादवों को टिकट दी है। जो लोग उनका उपहास कर रहे हैं, वह कभी भी कन्नौज से चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। चुनाव लड़ने के लिए सैफई परिवार का होना जरूरी है। भाजपा में उनके जैसे साधारण कार्यकर्ता भी चुनाव लड़ सकते हैं। यह लोकतंत्र की सुंदरता है कि एक चाय बेचने वाला देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री बन सकता है तो किसान का बेटा मुलायम सिंह यादव और दलित की बेटी मायावती मुख्यमंत्री बन सकते हैं।

### भाजपा में काम करने वाला भारत माता को समर्पित

निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक ने बताया कि सपा को समर्थन देने वाले नौकरी के ठेकेदार और जमीनों के लुटेरे तो बन सकते हैं, लेकिन राष्ट्रभक्त कभी नहीं। भाजपा में काम करने वाला प्रत्येक कार्यकर्ता भारत माता को समर्पित है और राष्ट्र रक्षा के लिए एक योद्धा की तरह तैयार रहता है। जो लोग आज भाजपा या उनकी हंसी उड़ा रहे हैं, वास्तव में वही उपहास के पात्र हैं। जो भी परिणाम आया है, उससे वह संतुष्ट हैं और अपने विचारों के साथ अन्याय व अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा। इतने तब न डरे थे अब क्या खाक डरेंगे?



सुब्रत पाठक।

# ट्रैक्टर की टक्कर से पत्नी की जान गई, पति घायल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- साइकिल से गोर्वधनी तिराहे पर दवा लेने आ रहे थे दंपति
- चालक फरार, ट्रैक्टर को पुलिस ने कब्जे में लिया

**अमृत विचार।** अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार दंपति घायल हो गये, उनको जिला अस्पताल लाया गया। जहां पत्नी को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव भगतगाढ़ा निवासी सोनी (50) पत्नी मुन्ना लाल बीमार थीं। शनिवार को वह पति के साथ साइकिल से गोर्वधनी तिराहे के निकट एक डॉक्टर से उपचार लेने के लिये आ रहीं थी। जैसे ही वह गोवर्धनी तिराहे के निकट बने विश्वनाथ इंटर कालेज के निकट पहुंचे, उसी समय तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे दंपति सड़क पर गिर पड़े। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गये। स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना देने के साथ एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल भेजा। जहां डाक्टर ने सोनी को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल मुन्नालाल को उपचार दिया गया। महिला की मौत हो जाने की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। उधर, हादसे के बाद पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। मामले में पुलिस को पुत्र की ओर से तहरीर दी गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया।



जिला अस्पताल की मोर्चरी में शव के पास रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

### डंपर में पीछे से टकराई बाइक, चालक की मौत

**सौरिख, कन्नौज।** एक्सप्रेस-वे सौरिख-इटावा बॉर्डर पर तेज रफ्तार बाइक आगे चल रहे डंपर में टकरा गई। हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे सुरक्षा कर्मियों ने बाइक सवार को एंबुलेंस से सैफई भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान बाइक चालक की मौत हो गई। हरियाणा के जिला झज्जर थाना बहादुरगढ़ के गांव डबोरा कला के मकान नंबर 280 निवासी सुमित दलाल पुत्र नरेश दलाल अपनी टीवीएस राइडर बाइक से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे से जा रहा था। जैसे ही वह सौरिख-इटावा बॉर्डर किलोमीटर संख्या 137 पर सुबह आठ बजे थाना सौरिख के ताजपुर नगरिया निवासी धीरज पुत्र हीरालाल बुंदेलखंड से डंपर लेकर सौरिख की तरफ जा रहा था, उसमें पीछे टकरा गई। यह दुर्घटना सुमित दलाल को झपकी आने से हुई। हादसे में सुमित दलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। सुरक्षा कर्मी मनोहर सिंह ने हाईवे की एंबुलेंस से गंभीर हालत में बाइक सवार को सैफई में भर्ती करवाया, जहां उपचार के दौरान सुमित दलाल की मौत हो गई। सुरक्षा अधिकारी ने घटना की जानकारी परिजनों को फोन पर दी। हादसे की जानकारी होते ही एरवा कटरा थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहन एवं डंपर चालक को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 28 साल में दो गुना से अधिक हुआ सपा का वोट बैंक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कन्नौज संसदीय सीट से सपा की तरक्की लगातार हो रही है। 28 सालों में सात सामान्य व दो उपचुनाव हुए। इसमें समाजवादी पार्टी के वोट दोगुने से अधिक बढ़ गए हैं। सबसे अधिक सपा मुखिया अखिलेश यादव को 18वीं लोकसभा के लिए 2024 में हुए चुनाव में छह लाख 42 हजार 292 वोट मिले हैं जो अब तक किसी भी सांसद को इतने मत नहीं मिले हैं।

सपा ने सबसे पहला कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से चुनाव 1998 में लड़ा था। उस दौरान पार्टी प्रत्याशी प्रदीप यादव दो लाख 94 हजार 65 वोट पाकर विजयी हुए थे। सबसे कम मत 1999 के लोकसभा चुनाव में मुलायम सिंह यादव को दो लाख 91 हजार 617 मिले थे, लेकिन वह भी कन्नौज से चुनाव जीते थे।

संसदीय क्षेत्र में सपा का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। इसके पीछे राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सपा बराबर जनता से जुड़ी रहती है। यह दल जरूरत पड़ने पर ज्ञापन व धरना कर अपनी मौजूदगी का अहसास कराता है।



- सबसे ज्यादा कन्नौज से वोट पाने वाले सांसद बने अखिलेश यादव
- अब तक किसी भी सांसद को कन्नौज से इतने वोट नहीं मिले

### इस तरह मिलता रहा सपा उम्मीदवारों को वोट

- 2024 में अखिलेश यादव को 6,42,292 मत (जीते)
- 2019 में डिंपल यादव को 5,50,734 वोट (हारीं)
- 2014 में डिंपल यादव को 4,89,164 वोट (जीतीं)
- 2012 में डिंपल यादव निर्विरोध (बिना मतदान) सांसद बनीं।
- 2009 में अखिलेश यादव 3,37,751 मत पाकर विजयी रहे।
- 2004 में अखिलेश यादव 4,64,367 वोट पाकर सांसद बने।
- 2000 के उपचुनाव में अखिलेश यादव 3,06,054 वोट पाकर जीते।
- 1999 में मुलायम सिंह यादव 2,91,617 वोट पाकर सांसद बने।
- 1998 में प्रदीप यादव 2,94,065 वोट पाकर चुनाव जीत गए।

## सार-संक्षेप

### युवती के साथ किया दुष्कर्म, फोटो की वायरल

**तिर्वा।** प्रेम प्रसंग के दौरान गुमराह करके युवती के साथ दुष्कर्म कर आपत्तिजनक फोटो खींच ली। अपनी शादी दूसरी जगह तय करने के बाद दोस्तों के साथ मिलकर फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने सीओ को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि वह बीएससी की छात्रा है। कहा कि क्षेत्र के ही चिघरवापुर गांव निवासी सतेंद्र के साथ प्रेम प्रसंग में आ गई थी। इसी दौरान आरोपी ने गुमराह करके उससे शारीरिक संबंध बना लिए और अश्लील फोटो खींच ली। आरोपी ने दो महीने पहले अपनी शादी किसी और युवती के साथ तय कर ली और उसकी छवि को धूमिल करने के लिए अश्लील फोटो अपने दोस्त गांव के ही आशीष कुमार, सत्यम, थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव निवासी रिंकू, कुलदीप व अल्लापुर गांव निवासी नेम सिंह के पास भेजकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने की जानकारी पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सीओ डॉ प्रियंका बाजपेयी की चौखट पर पहुंचकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई। सीओ के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सार्वजनिक स्थानों सहित सड़कों तक फैली मक्का

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सरकारी स्कूल हो, सार्वजनिक स्थान या फिर सड़क, हर तरफ इस समय मक्का सूख रही है। लोगों में न तो प्रशासन का खौफ है और न ही हादसे का डर। जिम्मेदार भी आंखें बंद किए हैं। सड़क पर फैली मक्का तो हादसों का कारण भी बनती है। कई बार दोपहिया वाहन सवार फिसलते और चुटहिल होते हैं। परिषदीय विद्यालयों में अवकाश से जहां शिक्षकों सहित बच्चों ने राहत की सांस ली है तो वहीं ग्रामीणों को विद्यालय परिसर के रूप में एक सुरक्षित स्थान फसल को सुखाने के लिये मिल गया। सड़कों पर भी किसान मक्का फैलाकर सुखा रहे हैं और यात्रियों की जान दांव पर लगा दी है। हाईवे सहित अन्यत्र क्षेत्र के लिए जाने वाले मुख्य व संपर्क मार्गों पर आधे से अधिक पर मक्का सुखाई जा रही है। इससे आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा न करने का मशवरा देने पर किसान झगड़ने को तैयार हो जाते हैं। सराय प्रयाग स्थित हाईवे की सर्विस रोड पर फैली मक्का जिम्मेदारों की अनदेखी को साफ बयां कर रही है।

### गर्मी से मवेशी बेचने आए किसान की मौत

**तिर्वा।** पड़ रही भीषण गर्मी के चलते पशुबाजार में बकरी बेचने आया किसान बेहोश होकर गिर गया। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ठठिया थाना क्षेत्र के मलगई गांव निवासी चांद खां (45) रविवार सुबह कस्बा में आयोजित मां अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में आयोजित पशु बाजार में बकरी बेचने आया था। दोपहर में गर्मी के कारण वह गश खाकर गिर गया। आसपास के लोगों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को जेब से आइडी कार्ड व मोबाइल मिला। इससे परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया और शव लेकर घर चले गए। कोतवाल जयंती प्रसाद गंगवार ने बताया कि सूचना मिली थी। परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाह रहे थे।

### मकान खाली कराने को लेकर घर में घुसकर मारपीट

**तिर्वा, कन्नौज।** थाना ठठिया के कुढ़िना गांव निवासी मायादेवी पत्नी हरीराम ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि उसने 2023 में गांव में ही पूजा से एक मकान खरीदा था, जिसमें वह परिवार समेत रहती थी। पूजा के परिवार के उमादेवी, भूरा, रंजीत, शिवा, अंजली आए और मकान खाली करने का दबाब बनाने लगे, जब वह नहीं मानी तो 25 मई को उक्त सभी लोग घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

व्यवस्था

मतगणना के बाद कंट्रोल यूनिट को सील कर वेयर हाउस में रखा गया सुरक्षित

# रिजल्ट के बाद छह माह तक ईवीएम में सुरक्षित रहेगा डाटा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद जिला निर्वाचन विभाग की जिम्मेदारी अभी कम नहीं हुई है। परिणाम के बाद प्रयुक्त की गई ईवीएम को सील कर वेयर हाउस में सुरक्षित रखवा दिया गया है। ईवीएम में डाटा छह माह तक सुरक्षित रहेगा, इसके बाद डिलीट कर दिया जाएगा। सुरक्षा के लिए वेयर हाउस के बाहर छह माह तक पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा और समय-समय पर जिला निर्वाचन अधिकारी उसका निरीक्षण भी करेंगे।

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में दर्ज रिकार्ड छह माह तक सुरक्षित रखा जाएगा। वोटों की गिनती के बाद भी ईवीएम चुनाव विभाग द्वारा छह माह तक निगरानी में सुरक्षित रखी जाएंगी। मतगणना के बाद मशीनों में दर्ज आंकड़ों को डिलीट नहीं किया जाएगा। केंद्रीय चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार ईवीएम में रिकार्ड को सुरक्षित रखने को कहा है।

ऐसा इसलिए क्योंकि अगर चुनाव में खड़े प्रत्याशी या पार्टी को लगेगा कि मतगणना ठीक से नहीं की गई है और वह कोर्ट में अपील करता है तो दोबारा से गिनती करवाई जा सके। चुनाव प्रक्रिया और मतगणना में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए चुनाव आयोग ईवीएम में दर्ज रिकार्ड को नहीं हटाएगा। जिले में लोकसभा चुनाव के लिए 1519 ईवीएम को इस्तेमाल में लाया गया है। यह सभी ईवीएम मतगणना के बाद दोबारा सील कर जिला निर्वाचन विभाग की निगरानी में विधानसभा क्षेत्रवार कलेक्ट्रेट में बने वेयर हाउस में सुरक्षित रख दी गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी समय-समय पर ईवीएम का पर्यवेक्षण करते रहेंगे।



प्रतीकात्मक।

### जिले में ईवीएम का विवरण

| ईवीएम | चुनाव में प्रयुक्त | रिजर्व मशीनें |
|---|---|---|
| बैलेट यूनिट | 2316 | 458 |
| कंट्रोल यूनिट | 1924 | 91 |
| वीवीपैट | 2112 | 237 |

- सुरक्षा के लिए फोर्स रहेगी तैनात, जिला निर्वाचन विभाग की होगी पूरी जिम्मेदारी

"लोकसभा चुनाव में मतों की गिनती पूरी सावधानी और पारदर्शिता के साथ की गई है। यदि कोई भी प्रत्याशी कोर्ट में अपील कर मतगणना को चुनौती देता है तो उसके लिए ईवीएम में डाटा को छह माह तक सुरक्षित रखा जाएगा। इसके बाद ईवीएम को क्लियर कर एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) कराई जाएगी।



-बिनीत कटियार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी

## सभासदों ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पंचायत समधन के सभासदों अनीश बेगम, इदरीस, नौशाद, वारिस, यासमीन, जावेद अख्तर, मोहम्मद आजम, मुस्तकीम, शिवा यादव, रिहाना बेगम, सीता देवी, इमरान हुसैन, रसिया बेगम ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर नगर पंचायत समधन में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। सभासदों ने बताया कि तीन जून 2023 को बोर्ड की प्रथम बैठक हुई थी। इसके बाद बोर्ड की बैठक नहीं हुई। मानदेय के नाम पर नवंबर 2023 तक सभासदों के फर्जी हस्ताक्षर करा लिए गए। नगर पंचायत वार्डो में बिना सभासद की जानकारी के मानक विहीन कार्य कराएं जा रहे है। कमीशन लेकर बाजार भाव से अधिक में खरीद की जा रही है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# पारा 43 डिग्री के पार, हीटवेव को लेकर जिले में दो दिन का अलर्ट

## जून के अंतिम सप्ताह में मानसून आने की जताई संभावना, इस बार होगी अच्छी वर्षा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**43.2** डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान | **29.5** डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान



तेज धूप में कुछ इस तरह निकलीं युवतियां। अमृत विचार

● हवा की दिशा बदलने से तापमान का उतार-चढ़ाव जारी बढ़ने लगा पारा

**अमृत विचार।** हवाओं की दिशा बदलने से तापमान में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। रविवार को अधिकतम तापमान बढ़कर 43.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस रहा। उमस भरी गर्मी के साथ तेज लू ने लोगों को परेशान कर दिया। जिले में हीटवेब को लेकर दो दिन का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों ने प्री-मानसून गतिविधियां न होने से खेती में सिंचाई की समस्या होने की आशंका जताई है। जून माह के अंत में दक्षिण मानसून आने की संभावना जताई है।

कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि मई के बाद जून भी सबसे गर्म महीना होने वाला है। मई माह में चार बार हीटवेब (लू) की स्थिति रही। पहली लहर 15 मई से 19 मई तक और दूसरी 25 मई मार्च से 2 जून तक थी। इससे पहले भी दोबार भीषण लू चल चुकी है। इसके बाद गर्मी की लहर अब तक लगातार बनी हुई है और आगे भी रहने की संभावना है। 11 जून से राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश समेत बड़े भौगोलिक क्षेत्र को कवर करने वाली गर्मी की लहर शुरू होने की संभावना है। मार्च के बाद से गर्मी बढ़ने लगती है और मई व जून में गर्मी चरम पर हो जाती है। आने वाले दिनों में भी तापमान बढ़ सकता है और गर्मी, लू व हवाओं की गति तेज रहने के आसार हैं। किसानों को सलाह है कि वे गर्मी की लहर से बचाव के लिए सुबह 11 बजे से शाम चार बजे के बीच खेतों पर कोई कार्य न करें। हीटवेब को लेकर दोपहर में घर से बाहर न निकलें।

### दक्षिण मॉनसून के प्रभाव से होगी अच्छी बारिश

■ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि इस वर्ष दक्षिण मॉनसून के प्रभाव से अच्छी बारिश होने की संभावना है। हालांकि हर साल की तुलना में इस बार अप्रैल व मई माह में कम बारिश हुई है। प्री-मॉनसून में कम बारिश होगी और लेकिन जून माह के अंत में और जुलाई माह के प्रारंभ में अच्छी बारिश होने के संकेत मिल रहे हैं। इस बार फसलों का उत्पादन भी अच्छा होने के आसार हैं।

## गले मे पड़ी चेन तोड़ ले गईं दो महिलाएं

**छिबरामऊ।** ससुराल जाने के लिए टेंपो में सवार हुई महिला के गले में पड़ी सोने की चेन ग्राम प्रेमपुर के पास टेंपो चालक के सहयोग से दो महिलाएं तोड़कर फरार हो गई। बेवर थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी अनीता देवी पत्नी नवाब सिंह कुछ दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला दिलू मायके आई थी। रविवार को यहां से वापस ससुराल जाने के लिए टेंपो में सवार हुई थी। टेंपो में पहले से बैठी दो महिलाओं ने चालक के सहयोग से ग्राम प्रेमपुर के पास अनीता देवी के गले में पड़ी डेढ़ तोले की सोने की चेन तोड़कर भाग गई। महिला के शोर मचाने पर भीड़ टेंपो चालक को पकड़ने दौड़ी तो वह टेंपो छोड़कर भाग गया। पीड़ित महिला वापस मायके लौट आई और सौ शैया अस्पताल चौकी पर मामले की शिकायत की। मौके पर पहुंची पुलिस ने टेंपो को कब्जे में लेकर चौकी पर खड़ा कर लिया।

# शाबास: एमएसए एजूकेशन के चार बच्चों का एएमयू में चयन

संवाददाता सौरिख/छिबरामऊ



मेधावी छात्रों को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

● अब तक नवोदय विद्यालय 42 और एएमयू में 5 बच्चों का हो चुका है चयन

**अमृत विचार।** ग्रामीण इलाके में स्थित एमएसए एजूकेशन में पढ़ने वाले चार बच्चों का अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में चयन होने पर परिजनों और विद्यालय परिवार ने खुशी जताई है। एमएसए एजूकेशन में पढ़ने वाले 42 बच्चे नवोदय विद्यालय और पांच बच्चे एएमयू में चयनित हो चुके हैं।

सौरिख-छिबरामऊ रोड सरदापुर ग्रामीण इलाके में स्थित एम एस ए एजूकेशन सेंटर में पढ़ने वाले चार बच्चों का चयन अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में कक्षा छह व कक्षा 9 में हो गया। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का परिणाम आते ही बच्चे और विद्यालय के अध्यापक खुशी से उछल पड़े। उन्होंने बच्चों को मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया। इसके अलावा तीन बच्चों का नवोदय विद्यालय में भी चयन हुआ था। प्रधानाचार्य मुबीन अख्तर ने बताया कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में चयनित होने वालों में मुस्कान राजपूत, अक्षय देव, लक्ष्मी राठौर और पवन सक्सेना का चयन हुआ है। पवन सक्सेना का चयन नवोदय विद्यालय में भी हुआ और जामिया मिलिया इस्लामिया की वेटिंग लिस्ट में भी है।

### प्रधान प्रतिनिधि ने की फर्जी रिपोर्ट की निष्पक्ष जांच की मांग

**छिबरामऊ।** गांव में जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर प्रधान प्रतिनिधि के खिलाफ दर्ज मुकदमें से नाराज प्रधान प्रतिनिधि ने इस्तीफा देने की धमकी दे डाली। प्रधान प्रतिनिधि का कहना है कि गांव के दबंग लोगों ने फर्जी मुकदमा दर्ज कराया है। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के हमीरपुर गांव में महावीर सिंह पुत्र श्याम सिंह कई सालों से ग्रामसभा और गांव के लोगों की जमीन पर अवैध कब्जा किए हुए हैं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजीव यादव ने मामले की शिकायत थाना समाधान दिवस से लेकर तहसील समाधान दिवस में की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सात जून को नायब तहसीलदार कानूनगो, लेखपाल व पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे और जमीन की मेड़बंदी करा दी। राजस्व विभाग और पुलिस के वापस जाते ही महावीर ने भाई संगम सिंह और पंचम सिंह के साथ ट्रैक्टर ले जाकर मेड़ को जोत दिया। इसका प्रधान प्रतिनिधि और गांव के लोगों ने विरोध किया और मामले की शिकायत अधिकारियों से की। प्रधान प्रतिनिधि राजीव सिंह ने बताया कि शिकायत के बावजूद उनके खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया गया।



राधारमन को नियुक्तपत्र देते पदाधिकारी। अमृत विचार

## राधारमन बने समिति के ब्लॉक अध्यक्ष

संवाददता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** कठेरिया समाज कल्याण समिति के राधारमन कठेरिया उर्फ गुड्डु को छिबरामऊ ब्लॉक अध्यक्ष, रिंकू कठेरिया को ब्लाक उपाध्यक्ष व आनंद सिंह कठेरिया को ब्लाक कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। संगठन ने इनसे समाज के कल्याण व शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने की अपेक्षा की है। वहीं नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाज के उद्धार के लिए हर समय अपनी निष्ठा व ईमानदारी से कार्यरत रहने का विश्वास दिलाया। इस दौरान महेंद्र सिंह कठेरिया, प्रताप कठेरिया, राजेश कुमार कठेरिया तमाम कटारिया समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वार्थ की समाप्ति पर शुरू होती प्रार्थना

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज



सत्संग में मौजूद सत्संगी व इनसेट में महात्मा शिवानंद। अमृत विचार

● मन को परम अस्तित्व से जोड़ कर करें मूल की पहचान

**अमृत विचार।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें हरदोई से आए महात्मा शिवानंद ने कहा कि जीवन में जहां से स्वार्थ समाप्त होता है। वही से प्रार्थना शुरू होती है। प्रार्थना तो एक अवस्था है। परमात्मा की रजा में राजी रहना प्रार्थना का असल ढंग है। वास्तविक प्रार्थना तो तभी होती है। जब कोई मांग ही न रह जाए। फिर यह मन भौतिक चीजों से हटकर निराकार परब्रह्म से जुड़ जाता है।

उन्होंने कहा कि परम अस्तित्व से जुड़ी प्रार्थना स्वयं व दूसरों के लिए भी दुआ बन जाती है। लेकिन हम भूल जाते है कि सदगुरू ब्रहम होता है और ब्रहम हर जगह व्याप्त है। तब मन भ्रम में पड़ जाता है। प्रार्थना के विषय में देखा गया है कि मनुष्य हमेशा गणित की दुनिया में जीता है। इसलिए उसकी प्रार्थना भी गणित की दुनिया पर आधारित होती है।

असल में प्रार्थना का शर्त के साथ कोई सम्बन्ध ही नहीं है। भाव यही है कि समय रहते हम भी इस मन को परम अस्तित्व से जोड़कर अपने मूल की पहचान करें, जिससे हमें संकीर्णताओं, भ्रमों, स्वार्थों से मुक्ति मिल सके।

जीवन सुखमय हो और हमारी प्रार्थना सार्थक हो जाए। सत्संग में मुखी महात्मा विपिन कुमार, सुशील कुमार, विश्राम सागर, लालाराम, चुन्नू लाल, ईश्वर दयाल, उषा, जोगराज, बृजेश, राजेश्वरी, रश्मि, पूनम सहित सेवादल के सत्संगी मौजूद रहे।

## मारपीट के मामले में पांच पर रिपोर्ट

**तिर्वा।** थाना ठठिया के भटौरा गांव निवासी मुनेंद्र सिंह पुत्र हरिपाल सिंह ने बताया कि 8 जून को वह हरौली गया था। वहां से वापस आते ही जैसे ही घर के अंदर घुसा, वैसे ही गांव निवासी गगनप्रताप, पवनप्रताप, गोविंद, सुरेंद्र, चंद्रभान पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। बचाने आई पत्नी सोनम व शशीप्रभा घायल हो गई। उसे मेडिकल कालेज मे भर्ती कराया गया।

उधर, तालग्राम के ग्राम भुईयन नगला निवासी मोहित कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शनिवार की शाम सात बजे वह खेत में चारा काट रहा था, तभी गेंदालाल, सुमित ने उसके भाई रोहित से गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर दोनों ने सुनील व रामपाल उसे व उसके भाई को पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।



स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को देखते डॉक्टर। अमृत विचार

## स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे 150 मरीज, दी दवाएं

**छिबरामऊ, कन्नौज।** रविवार को फातहे बिलग्राम मिशन की जानिब से नगर में फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया । कैम्प का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक गौसिया मस्जिद के पास लाहौरी टोला में किया गया । कैम्प में फर्रुखाबाद से डॉक्टर अफनान अली एमडी फिजिशियन, बलरामपुर हॉस्पिटल लखनऊ, डॉ. आरिफ खान जनरल फिजीशियन, व डॉक्टर स्टाफ शिखर राजपूत, हिना खान, शिवम के द्वारा मरीजों को देखा गया । कैंप में करीब 150 मरीजों को देखा गया, जिसमें मरीजों को देखकर उनकी मर्ज के हिसाब से दवाई दी गई। इस दौरान फैसल खान, दिल नमाज खान, सलीम मंसूरी, आमिर रजा, जाहिद चिस्ती, शादाब खान, शहजाद खान, फरजान मंसूरी, आमिर अत्तारी मौजूद रहे।

# भाजपा पर उत्पीड़न का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



पत्रकारों से वार्ता करते सपा नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** छिबरामऊ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव के लोकसभा क्षेत्र का चुनाव जीतने के बाद से भाजपा उत्पीड़न कर रही है। वह यहां एक होटल में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जगह-जगह सपा कार्यकर्ताओं को परेशान किया जा रहा है। एफआईआर दर्ज कराई जा रहीं हैं। प्रशासन ने यदि निष्पक्ष कार्रवाई न की तो आंदोलन किया जाएगा।

रविवार को पूर्व विधायक ने कल्यानपुर व महमूदपुर जागीर गांव के भी उदाहरण दिए। आरोप लगाया कि भाजपा के नेता उन लोगों को परेशान कर रहे हैं जिन लोगों ने लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में सपा को वोट किया है। झगड़ा किए जा रहे हैं। सपा के कार्यकर्ताओं को परेशान किया जा रहा है। अगर ऐसी घटनाएं पुनः हुईं तो कार्यकर्ता व पदाधिकारी सड़कों पर उतरेंगे। जिलाध्यक्ष मोहम्मद कलीम खां, कैश खां, जय कुमार, हसीब हसन, अंशू पाल मौजूद रहे।

## ससुरालियों ने मारपीट कर महिला का कान काटा

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट की गई। ससुराली जनों ने उसका कान काट लिया। घटना को लेकर एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

कोतवाली के वंशीपुर्वा गांव निवासी मधू पुत्री संतराम ने एसपी को दिए शिकायतपत्र में उल्लेख किया कि उसकी शादी 26 जून 2020 को ठठिया थाना के मदनापुर गांव निवासी रामू पुत्र गयाराम के साथ की थी। शादी में परिजनों ने अपनी सामर्थ्य के हिसाब से दान दहेज दिया था। शादी के कुछ दिनो बाद ससुरालीजन दहेज की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे। 14 मई 24 को पति रामू व गयाराम, नन्हीदेवी, शिवानी, रमेश ने मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट कर उसे मरणासन्न कर दिया। मारपीट के दौरान उसका एक कान भी कट गया। पीड़िता की तहरीर पर ठठिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सुदर्शन क्रिया से दूर होता है तनाव

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज



मेडिकल कॉलेज में योग सीखते लोग। अमृत विचार

● आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार।** सुदर्शन क्रिया के नियमित अभ्यास से व्यक्ति को तनाव मुक्त होने के साथ-साथ अच्छी नींद आती है। यह बात श्री श्री रविशंकर की आर्ट आफ लिविंग संस्था द्वारा आयोजित शिविर में शिक्षकों को बताई गई।

मेडिकल कालेज में श्री श्री रविशंकर की संस्था आर्ट आफ लिविंग द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक करन अरोरा ने योग, प्राणायाम, सुदर्शन क्रिया सिखाई। कार्यक्रम में करन अरोरा ने बताया कि सुदर्शन क्रिया के नियमित अभ्यास से व्यक्ति को तनाव मुक्त होने के साथ-साथ अच्छी नींद आती है।राहुल गुप्ता, डॉ. हर्ष गुप्ता, डॉ. अंकित आदि टीम द्वारा किया गया। इस मौके पर विवेक सिंह, सत्यम कनौजिया, गोविन्द गुप्ता, सनी गुप्ता, पूजा सिंह आदि ने भाग लिया।

राजनीति | सुब्रत पाठक खुद कार्यक्रमों में हुए थे शामिल फिर भी सपा प्रत्याशी अखिलेश यादव से चुनाव हार गए

# विकसित भारत संकल्प यात्रा भी नहीं दे सकी भाजपा को संजीवनी

अजय मिश्र, कन्नौज

● अफसरों ने नेताओं के साथ गिनाई उपलब्धियां फिर भी जीत नहीं सके वोटरों का दिल

● ग्राम पंचायत स्तर पर गठित हुईं थी कमेटियां सभी जगह हुए थे दो महीने तक आयोजन



छह दिसंबर 2023 को आयोजित संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल जिले की प्रभारी/उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी और समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र के चुनाव से पहले सरकार ने मेरी माटी मेरा देश (अमृत कलश यात्रा) और विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव निकाली। इसमें अधिकारी व नेता शामिल हुए। ग्रामीणों के बीच सरकार की योजनाएं गिनाईं, उसके बाद भी मतदाताओं का दिल नहीं जीत सके। करीब दो महीने तक आयोजन चलता रहा। भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक खुद कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। वह सपा प्रत्याशी अखिलेश यादव से एक लाख 70 हजार 922 वोटों से चुनाव हार गए।

जनपद में नवंबर 2023 के अंतिम सप्ताह में विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू हुई थी जो जनवरी 2024 तक चली। इसके तहत जिले भर की 499 ग्राम पंचायतों में आयोजन हुए। कार्यक्रम में सरकार की योजनाओं के पात्रों को बुलाया गया। योजनाओं की खूबियां भी बताई गईं। लोगों का कहना है कि भले ही इसका आदेश मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने जारी किया हो लेकिन यह लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की तैयारी थी। इसी वजह से इसमें भाजपा के मंत्री, सांसद, विधायक, ब्लॉक प्रमुख समेत अन्य जनप्रतिनिधि व पार्टी के पदाधिकारी भी शामिल हुए थे। यूं तो 15 नंवबर से लखीमपुर खीरी व सोनभद्र में जनजातीय गौरव दिवस पर इसका शुभारंभ हो गया था, लेकिन कन्नौज समेत अन्य जिलों में बाद में हुआ। उस दौरान जारी हुए शासनादेश में यात्रा का मकसद स्वच्छ भारत मिशन की सुविधाएं, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को पात्र लाभार्थियों के लिए सेवाएं सुलभ बनाना रहा। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में 17-17 वहां की योजनाएं गिनाई गईं। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम भी हुआ।

### ग्राम स्तर पर इन्होंने जुटाई थी भीड़

ग्राम स्तर पर प्रधान, लेखपाल, कृषि विभाग के टीए, बीटीएम, एटीएम, प्राथमिक स्कूल के प्रधानाध्यापक, ग्राम पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहू, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, महिला समूह सखी, पोस्ट मास्टर व कॉमन सर्विस सेंटर के प्रतिनिधि शामिल रहे। इन्होंने भी भीड़ जोड़ी।

### कलश यात्रा से दिया था राष्ट्रभक्ति का पैगाम

संकल्प यात्रा से पहले जिलेभर में कलश यात्रा निकाली गई। इसके जरिए सरकार ने लोगों के बीच राष्ट्र भक्ति का पैगाम दिया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम से शिलाफलकम यानि शिलापट भी कई जगह लगवाए। गांव से जिले तक कलश यात्रा निकालकर मिट्टी पहुंचाई गई। उसके बाद लखनऊ व दिल्ली तक यह मिट्टी भेजी गई।

### ये दिग्गज हुए थे शामिल

○ छह दिसंबर 2023 को उमर्दा के बलनपुर ग्राम पंचायत में आयोजित संकल्प यात्रा में जिले की प्रभारी व उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी शामिल हुईं। अन्य कई कार्यक्रमों में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, विधायक छिबरामऊ अर्चना पांडेय, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, मंत्री रामवीर कठेरिया व शैलेंद्र द्विवेदी समेत कई पदाधिकारी भी शामिल हुए थे। विभागीय अधिकारियों के अलावा राजस्व विभाग के जिम्मेदार थे।



बैठक में मौजूद भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी। अमृत विचार

## नगर पालिका के घेराव की बनाई रणनीति

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** पश्चिमी बाईपास स्थित एक निजी स्थान पर भारतीय किसान यूनियन भानू गुट की बैठक हुई, इसमें ईओ के खिलाफ रोष जताते हुए नगर पालिका के घेराव की रणनीति बनाई गई।

बैठक में भाकियू (भानू गुट) के पदाधिकारियों का आरोप है कि छिबरामऊ नगर पालिका के ईओ सुनील कुमार सिंह द्वारा नगर की सफाई व विकास कार्य सही से नहीं किए जा रहे और समस्या नहीं सुनी जा रही। उन्हें देख नगर पालिका के अन्य अधिकारीगण भी अपने कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं। संगठन ने इसी विषय पर विशेष चर्चा की और बताया कि जल्द ही नगर की भाकियू भानू टीम नगर पालिका परिषद का घेराव करेगी।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव, राष्ट्रीय सचिव आरपी ठाकुर, कानपुर मंडल उपाध्यक्ष अमित कुमार राजपूत, रविंद्र शर्मा, युवा मोर्चा कानपुर मंडल अध्यक्ष रविकांत श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष सत्यम गुप्ता प्रांजल चौबे, सतीश यादव, सचिन, अयूब खान, अक्कू कश्यप, अनुज यादव, आयुष दुबे, बबलू शाक्य, भानू ठाकूर, उपेंद्र कुमार, कृष्णा मौजूद रहे।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

फर्रुखाबाद । थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव त्यौरी इस्माइलपुर निवासी दुर्वेश का 30 वर्षीय पुत्र रामू बाइक से अलीगंज गया हुआ था । वापस आते समय गांव अचरा के पास रामू की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। रामू गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में भर्ती कराया। वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वैभव यादव ने घायल युवक रामू को गंभीर हालत को देखते हुए भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है। जहां पर डॉक्टरों ने बताया कि उसकी हालत खतरे से बाहर है।

### राजनीतिक विवाद में दो पक्ष भिड़े, दंपति घायल

फर्रुखाबाद। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मऊरसीदाबाद निवासी प्रमोद व उनकी पत्नी मिथिलेश ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों के साथ राजनीति पर चर्चा हो रही थी। तभी वहां पर दूसरे पक्ष के लोगों में गाली-गलौज होने लगा। वहां मौजूद लोगों ने मामला शांत कराया। उसके बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने प्रमोद के साथ मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी मिथलेश को भी पीट दिया। प्रमोद ने दंबगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्रमोद और उनकी पत्नी मिथलेश का सीएचसी कायमगंज में इलाज के बाद मेडिकल परीक्षण कराया। कायमगंज कोतवाली प्रभारी रामअवतार ने बताया आपस में दो पक्षों में मारपीट हुई थी । जिसमें पति पत्नी घायल हुए थे। तहरीर के आधार पर मेडिकल परीक्षण कराया गया है ।

# शहीद सिपाही को डीएम व एसपी ने पुष्पचक्र अर्पित कर दी सलामी

## खनन माफिया के सिपाही पर ट्रैक्टर चढ़ाने से हुई मौत का मामला

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



शहीद सिपाही को अर्थी देते एसपी विकास कुमार व अन्य।

- उपनिरीक्षक संतोष कुमार ने तीन हत्यारोपियों पर संगीन धाराओं में दर्ज कराई रिपोर्ट



पुलिस ने पकड़ा ट्रैक्टर। अमृत विचार

अमृत विचार। शहीद सिपाही रोहित का शव पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन के शहीद स्मारक ले जाया गया। जहां पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने शहीद को पुष्प चक्र अर्पित कर सलामी दी। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल उपलब्ध रहा।

बताते चलें कि थाना नवाबगंज क्षेत्र में खनन माफिया के ट्रैक्टर चढ़ा देने से शहीद हुए सिपाही रोहित का शव जिस समय पुलिस लाइन में पहुंचा उस समय माहौल गमगीन हो गया । जिलाधिकारी वीके सिंह और पुलिस कप्तान विकास कुमार ने शहीद को पुष्प चक्र अर्पित कर सलामी दी ।

इससे पहले उसे गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई । इस मौके पर यहां पहुंचे शहीद के पिता जसवंत तथा भाई ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की । बिजनौर में शहीद सिपाही का अंतिम संस्कार किया जाएगा। राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करने के लिए यहां से पुलिस बल रवाना किया जा रहा है। शहीद के पिता जसवंत ने भी अपने बेटे की अर्थी को कंधा दिया तो हर पुलिस वाले की आंख नम हो गई।

## सिपाही हत्याकांड में तीन नामजद

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। अवैध खनन रोकने गए सिपाही पर ट्रैक्टर चढ़ाकर उसकी हत्या करने के मामले में सिपाही के साथ मौजूद दरोगा ने थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे तीन को नामजद किया गया है। थाना नवाबगंज में तैनात उप निरीक्षक संतोष कुमार की तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या,सरकारी काम में बाधा, चोरी, खनिज अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। उप निरीक्षकने दर्ज कराई रिपोर्ट के अनुसार वह सिपाही रोहित कुमार, चालक शैलेंद्र, होमगार्ड विजय के साथ क्षेत्र में गस्त कर रहे थे। तभी रात 2:30 मिनट पर नगला चंदन में अवैध खनन की सूचना मिली। वहां पर खनन कर चोरी कर एक ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी ले जाते हुए दिखा ।

रोहित ने ट्रैक्टर ट्राली को रुकने के लिए कहा। इसपर ट्रैक्टर चालक ने आरक्षी रोहित कुमार को टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। जिसपर हमराह कर्मियों ने टॉर्च लगाकर देखा और पहचाना की टैक्टर चालक का नाम प्रदीप यादव है। वहीं बाइक पर सवार व्यक्ति भूपेंद्र यादव है। चालक ट्रैक्टर ट्राली को छोड़ परौली गांव की तरफ भाग गए। वहीं बाइक सवार भी बाइक को छोड़ भाग गया। चंदन नगला से पहले एक जेसीबी अवैध खनन करते हुए मौजूद थी। घटना के बाद उसका चालक भी भागने लगा। जिसे कर्मचारियों ने सुमित के तौर पर पहचाना।

# जिले में अवैध खनन का बड़ा खेल

संवाददाता फर्रुखाबाद




अस्पताल के बाहर मौजूद पुलिसबल व परिजन। अमृत विचार

अमृत विचार। जिले में अवैध खनन का खेल कितना बड़ा है यह अब सामने आ चुका है। अवैध खनन को रोकने गए थाना नवाबगंज में तैनात सिपाही को खनन माफिया ने ट्रैक्टर से कुचल दिया। जिससे उनके बैखौफ इरादों का अंदाजा लगाया जा सकता है। डीएम की सख्ती और कड़ी फटकार के बाद भी खनन अधिकारी अवैध खनन के मामलों पर रोक लगाने में पूरी तरीके से नाकाम साबित हो रहे हैं।

बीते 24 मई को कलेक्ट्रेट में हुई मीटिंग में डीएम को खनन अधिकारी पर तल्ख टिप्पणी करनी पड़ी थी। उन्होंने कहा की जिले में जब खनन नहीं तो खनन अधिकारी की क्या जरूरत है। जिलाधिकारी ने जनपद में बालू अवैध खनन, कारोबार के विषय में जानकारी मांगी तो अधिकारियों ने जवाब दिया कि बालू खनन नहीं हो रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जब बालू खनन नहीं हो रहा तो फिर जिले में खनन अधिकारी का क्या काम है। खनन अधिकारी के जवाबों से डीएम संतुष्ट नहीं हुए थे। उन्होंने एसडीएम, पुलिस व खनन अधिकारी को संयुक्त रूप से जांच कर रिपोर्ट देने के आदेश दिए थे।

24 मई की फटकार के बाद खनन अधिकारी गहरी नींद से जागे। अमृतपुर में फर्जी रॉयल्टी के नाम पर अवैध खनन के मामले में एक वाहन पकड़ा गया। वहीं 30 मई को अवैध खनन के मामले में दो टैक्टर ट्राली पकड़ी गई। तीन दिन पहले नायब तहसीलदार अमृतपुर ने कड़क्का बांध पर अवैध खनन की सूचना पर छापेमारी की तो तीन ट्रैक्टर भाग गए और एक ट्रैक्टर वह पकड़ पाए थे। हालाकि खानापूर्ति के अलावा बड़ी कार्यवाही खनन अधिकारी ने नहीं की। जिससे अवैध खनन करने वाले माफियाओं के हौसले इतने बुलंद बने रहे की उन्हे एक सिपाही को कुचल कर मार डालने में जरा भी भय नहीं लगा।

- डीएम की सख्ती बावजूद भी अवैध खनन पर लगाम लगाने में खनन अधिकारी नाकाम

### घटनास्थल से ट्रैक्टर ट्राली व मोटर साइकिल बरामद

फर्रुखाबाद। अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने बताया की घटनास्थल से ट्रैक्टर मय ट्राली के और एक मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है। उन्होंने कहा कि सिपाही को कुचलने वालों के नाम उजागर हो गए हैं। उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। एसपी ने बताया कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। उनके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की कई टीमें बनाकर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापे मारे जा रहे हैं। अति शीघ्र आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सिपाही हत्याकांड में ऐसा रहा घटनाचक्र

- सिपाही को कुचला गया रात 2 :30 बजे
- अस्पताल में भर्ती कराया 3 बजे
- उपचार के दौरान मौत 6 .30बजे
- डॉ संजय सिंह अपर पुलिस अधीक्षक अस्पताल पहुंचे 6 .40 बजे
- मृतक का भाई अस्पताल पहुंचा 8 .30बजे
- शव पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया 9 .45 बजे

# सपा की बैठक में जमकर हुआ हंगामा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



सपा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

- जिला प्रभारी पर संगठन व प्रत्याशी के बीच तालमेल न रखने का आरोप

अमृत विचार। रविवार को सपा कार्यालय पर सपा जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में आरोप प्रत्यारोप के साथ आपसी खटास भी खुलकर सामने आ गई। सपा जिला अध्यक्ष ने कहा भले ही प्रत्याशी ने संगठन को कम तरजीह दी हो, लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी का हर कार्यकर्ता कड़ी धूप में जान लगाकर काम करता रहा। लाठी चार्ज में जो कार्यकर्ता घायल हुए हैं उनकी सूची बनाकर पार्टी नेताओ को मदद करनी चाहिए।सपा नेताओं ने जिला प्रभारी विनीत कुशवाहा पर संगठन व प्रत्याशी के बीच तालमेल नहीं होने देने और अपने मनमाने फैसलों से चुनाव प्रभावित करने का भी आरोप जड़ दिया।

आवास विकास स्थित सपा जिला कार्यालय पर रविवार को हुई बैठक में माहौल काफी गर्म रहा।सपा नेता मुन्ना यादव ने कहा कि आगे खुली समीक्षा बैठक में प्रभारी को अवश्य बुलाना चाहिए। पुनःमतगणना के लिए प्रत्याशी और संगठन को कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए।

सपा नेता सिराजुल अफाक और सौरभ कटियार ने प्रशासन पर चुनाव हरवाने का आरोप लगाया। पार्टी के बड़े नेताओं से चुनाव में अपेक्षाकृत कम सहयोग का भी दर्द सामने आया। सौरभ कटियार ने कहा कि कुछ लोगों ने चुनाव के दिन बस्ता वितरण में भी धांधली की। सपा जिला महासचिव जहान सिंह लोधी ने प्रत्याशी पर पार्टी के नेताओं को विश्वास में नहीं लेने की बात कही।

सपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले दिनों में जनपद की समीक्षा विधानसभा वार की जाएगी। इसमें विधानसभा अध्यक्ष के साथ प्रत्याशी व लोकसभा प्रभारी भी मौजूद रहेंगे। रविवार को हुई बैठक में सपा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य सहित कई नामचीन सपा नेता नदारद रहे।

# 24 घंटे के अंदर पुलिस ने मुठभेड़ में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



अस्पताल में भर्ती मुठभेड़ में घायल हत्यारोपी। अमृत विचार

अमृत विचार। नवाबगंज थाना क्षेत्र के चंदन नगला में अवैध खनन रोकने गए सिपाही को ट्रैक्टर से टक्कर मारकर हत्या करने के आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया है। मुठभेड़ के बाद दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घायल अवस्था में दोनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

थाना नवाबगंज क्षेत्र के चंदन नगला निवासी प्रदीप यादव पुत्र सहदेव यादव व थाना मेरापुर के नगला लाहौरी निवासी भूपेंद्र यादव पुत्र सतीश चंद्र यादव को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में घायल होने के चलते दोनों को उपचार हेतु सीएचसी मोहम्दाबाद में भर्ती कराया गया है।

घटना के 24 घंटे के अंदर पुलिस ने मुठभेड़ में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

फर्रुखाबाद। छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए हुए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव नगलाकोठी निवासी एक की पुत्री हाईस्कूल की छात्रा थी। छात्रा की मां काफी दिनों से बीमार चल रही थी। परिवार के लोग मां को दवा दिलाने के लिए बाहर गए थे। छात्रा अपने घर में अकेली थी। शनिवार शाम को पड़ोसियों ने छात्रा को कमरे में फंदे पर लटका देख लिया। पड़ोसियों ने छात्रा के शव को फंदे से नीचे उतारा। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना रविवार को छात्रा के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# नशीला पदार्थ सुंघा कर नकदी व बाइक ले गए

संवाददाता क़ायमगंज फर्रुखाबाद

अमृत विचार। शमशाबाद नगर के मोहल्ला सैद बाड़ा निवासी आमिर पुत्र मुख्तार ने शमसाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा है मेरे साथ आनंद पुत्र ना मालूम, मनोज पुत्र ना मालूम निवासी - सिद्धार्थनगर तरबूज का कारोबार करते है ।

पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने मेरे तरबूज के रुपए 20 हजार अपने ऊपर करके कहा हम तुम एक साथ व्यापार कर रहे हैं। पीड़ित के अनुसार उसने सभी आरोपियों पर विश्वास कर लिया 17 जून सुबह 9 बजे अपने भाग की बिक्री के रुपए उक्त दोनों आरोपियों के सामने एक साथ लेकर 161600 जो कायम भाई मियां आडती को बेंच दी। बीते दिवस की रात्रि हम तीनों सोए हुए थे। सुबह मौके से दोनों गायब भी थे। शक होनें पर रुपए तलाशे। मेरी बाइक भी नहीं थी।

## वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

फर्रुखाबाद। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला धोबी वाली गली निवासी 40 वर्षीय कन्हैया पुत्र राम प्रसाद न्यायालय में पेशी पर नहीं जा रहा था। तभी न्यायालय ने कन्हैया के खिलाफ वारंट जारी कर दिया। फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस ने वारंटी कन्हैया को गिरफ्तार कर लिया। जिला अस्पताल लोहिया में मेडिकल परीक्षण कराया गया। उसके बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। वहीं पुलिस का कहना है कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई होती रहेंगी।

# लोडर और बुलेट की टक्कर में दो की मौत

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- बुलेट में सवार एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल, लोडर चालक भी हुआ घायल

अमृत विचार। थाना शमशाबाद क्षेत्र में लोडर और बुलेट मोटर साइकिल में आमने-सामने टक्कर होने से बुलेट सवार दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। लोडर चालक के भी चोट आई है । बुलेट सवार तीनों घायलों को लोहिया अस्पताल लाया गया । जहां दो को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया ।

घटनाक्रम के अनुसार पड़ोसी जिला एटा के अलीगंज के गांव विजयपुर के रहने वाले सुशील राजपूत (28 )पुत्र छैल बिहारी बुलेट मोटरसाइकिल से अपनी ननिहाल शमशाबाद के गांव आलेपुर आया था । वह अपने ममेरे भाई रत्नेश (28 )पुत्र प्रेम सिंह और रिंकू( 19) पुत्र अमित निवासी आलेपुर के साथ घूम रहा था । आलेपुर के पास में लोडर ने बुलेट में टक्कर मार दी। जिससे बुलेट सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने सुशील राजपूत और रिंकू को मृत घोषित कर दिया ।

रत्नेश की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं लोडर चालक इस्लाम निवासी अस्तबल थाना मऊ दरवाजा भी घायल हुआ है । जिसे शमशाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि बुलेट सवार तीनों व्यक्ति हेलमेट नहीं लगाए हुए थे। यदि हेलमेट लगाए होते तो इतनी बड़ी घटना नहीं होती

# परचून दुकानदार को दबंगों ने जमकर पीटा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। शहर कोतवाली क्षेत्र निवासी परचून दुकानदार से कुछ बाहरी लोगों ने सामान खरीदा। रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद दबगों ने परचून दुकानदार को जमकर पीटा।

कोतवाली क्षेत्र के खटकपुरा सिद्धीकी निवासी तारिक अहमद की मोहल्ले में ही परचून की दुकान है।रविवार को मुन्ना,पप्पी अंसारी के यहां शाहजहांपुर से दो रिश्तेदार आए । दोपहर में वह दोनों सिगरेट, पान मसाला लेने दुकान पर आए।70 रुपए की सौदा खरीदने के बाद 30 रुपये देने लगे। जिसपर दोनों पक्षों में विवाद हो गया।आरोप है दोनों रिश्तेदारों और उनके लोगों ने तारिक अहमद को जमकर धुन दिया। तारिक के परिजनों के आने पर आरोपित जान माल की धमकी देकर भाग गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है।

**लापरवाही** आधे से अधिक दूरी तक गंगा में नहाते हुए पहुंच जाते हैं लोग, जिम्मेदार बड़े हादसों का इन्तजार कर रहे हैं

# गंगा नदी में 1 माह में 1 दर्जन से अधिक डूबे, 8 की मौत

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



मझधार में गंगा नहा रहे लोग अमृत विचार

अमृत विचार। पिछले एक महीने में दर्जन भर से अधिक लोग गंगा नदी में गहरे पानी में नहाने के दौरान डूब गए। इनमें कइयों की किस्मत अच्छी रही जिन्हे बचा लिया गया। लेकिन आठ लोग ऐसे भी थे जो काल के गाल में समा गये। लोगों की लापरवाही के चलते एक महीने में आठ लोगों की मौत हो गई।

सबसे खास बात यह है कि 16 जून को गंगा दशहरा पर हजारों लोग स्नान करेंगे। अगर बेरीकेडिंग या चेतावनी झंडी नहीं लगी, तो अप्रिय घटनाओं का अंबार लग सकता है।

गंगा में डूबने वालों पर यदि नजर डाली जाए तो 10 मई को उत्तराखंड के चमौली निवासी संदीप राणा व उसके साथी दिव्यांशु की मौत डूबने से हुई थी वहीं उनके साथ जिनगौड़ को गोताखोरों ने डूबने से बचा लिया था।

**13 मई** को शहर के अंडियाना निवासी 19 वर्षीय सत्यम पुत्र नीरज दीक्षित की इसी जगह गहराई में जाने से मौत हो गई थी। उनके दोस्तों को बचा लिया गया था।

**21 मई** को मोहम्मदाबाद के शिवाजी नगर निवासी 18 वर्षीय प्रशांत राठौर उर्फ मोनू भी इसी जगह पांटून पुल के पास गंगा नहाने के दौरान गहरे पानी में चले गये थे जिससे उनकी मौत हो गई थी।

**23 मई** को शहर के मोहल्ला घेर शामू खां निवासी 17 वर्षीय कैफ पुत्र शहनोज आलम डूब गया था। जिससे उसकी मौत हो गयी। उसके दो साथियों को स्थानीय लोगों ने बचा लिया था।

**27 मई** को राजेपुर के ग्राम विलाबलपुर निवासी अरुण सिंह 17 वर्ष पुत्र राजवीर की गंगा नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से डूब कर मौत हो गई। मोहल्ला नई बस्ती के कुछ तैराकों ने नाविकों की मदद से उसके दोस्त भैया लाल व अखिलेश को गंगा से निकाल लिया था।

**5 जून** को शहर के ग्राम नारायनपुर निवासी ऋतिक पुत्र रिंकू जाटव भी गंगा की गहराई में चला गया था और डूब गया। उसका शव दस किलोमीटर दूर मिला था ।

6 जून को जनपद शाहजहांपुर के रेती निवासी 17 वर्षीय राज त्रिवेदी की पांटून पुल के निकट नहाने के दौरान मौत हो गई। शोर मचाने पर ग्रामीणों ने उसके साथी प्रांशु और अनुभव को बचा लिया था।

एसडीएम सदर गजराज सिंह ने बताया की चेतावनी के डोरी लगाई गई है। गंगा दशहरा तक पूरे क्षेत्र में बैरीकेडिंग करा दी जायेगी।

### रामगंगा में डूबे बालक ने तोड़ा दम

फर्रुखाबाद। बाबा के साथ मवेशी चराने गया बालक रामगंगा में डूब गया। उसे गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती किया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव इमादपुर पमारन निवासी रमाकांत राजपूत रामगंगा के किनारे मवेशी चराने गया था। उनके पीछे उनका 10 वर्षीय पौत्र राघव पुत्र सर्वेन्द्र भी चला गया। रास्ते में रामगंगा के भरे पानी को रमाकांत पार करने के बाद देखा की पौत्र राघव नहीं आ रहा है। जब उसकी खोजबीन की तो राघव का शव पानी में उतराता मिला। परिजन उसे लेकर सीएचसी पंहुचे तो उसे चिकित्सक अमित वर्मा ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां लाली देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। राघव कक्षा 4 का छात्र था।

# हेराफेरी : कम उम्र में नौकरी पाए मंडी सचिव की जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद




अमृत विचार। आलू मंडी सातनपुर में कार्यरत सचिव की जांच शुरू कर दी गई है। वह किशोरावस्था में ही मंडी सहायक पद पर नौकरी पा गए थे। वर्ष 2011 में हुई पदोन्नति का आदेश वायरल होने पर पोल खुली। इससे अब अधिकारी भी हरकत में आ गए हैं।

थाना कादरीगेट क्षेत्र में स्थित सातनपुर मंडी सचिव व कर्मचारियों के बीच शुरू से ही तनातनी चल रही है। इसी बीच मंडी सचिव का पदोन्नति आदेश भी वायरल हो गया। राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद लखनऊ के मंडी निदेशक राजेश कुमार सिंह के 24 मार्च 2011 के इस आदेश में 48 मंडी सहायकों को अमीन/नीलामकर्ता (मंडी निरीक्षक) के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति आदेश व हाईस्कूल के अंकपत्र में सातनपुर मंडी के सचिव रामसेवक वर्मा की जन्म तिथि 15 जुलाई 1967 अंकित है। जबकि उनकी नियुक्ति तिथि 1 जुलाई 1983 दर्शाई गई है। इस हिसाब से नियुक्ति के दौरान मंडी सचिव की आयु 15 वर्ष 11 माह 17 दिन हो रही है। जबकि सरकारी नौकरी पाने के लिए कम से कम 18 वर्ष की आयु होनी चाहिए। फिलहाल किशोर अवस्था में नियुक्ति होना मंडी में चर्चा का विषय बना हुआ है।

मंडी सचिव ने बताया कि उनकी जन्म तिथि 1967 है। वर्ष 1984 में उनकी मंडी सहायक पद पर नियुक्ति हुई थी। उनसे सवाल किया गया इस हिसाब से तो 17 वर्ष में ही सरकारी नौकरी मिल गई। तब मंडी सचिव बोले नियुक्ति के दौरान उनकी उम्र पूरी 18 वर्ष की थी। सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल ने बताया कि मंडी सचिव की कम उम्र में नियुक्ति होने का मामला संज्ञान में आया है। इसके लिए सर्विस बुक व अन्य पत्रावलियां मांगी गई हैं। यदि नियुक्ति के दौरान 18 वर्ष से कम आयु होने की पुष्टि होती है। तो मंडी निदेशक को पत्र लिखा जाएगा।

### सोमवार को दिखवाएंगे रिकार्ड

मंडी निदेशक लखनऊ अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि मंडी सचिव की कम आयु में नियुक्ति का मामला संज्ञान में आया है। शनिवार व रविवार को अवकाश होने से सोमवार को अपने कार्यालय में नियुक्ति पत्रावली दिखवाएंगे। इसी के बाद स्थिति साफ होने पर कार्रवाई का निर्णय लिया जाएगा।

अनिर्वेद: श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान्भवत्यनिर्विण्ण: सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।


## संपादकीय

# शपथ ग्रहण में विदेशी अतिथि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के प्रमुख नेताओं का शामिल होना चीन और पाकिस्तान जैसे विरोधी पड़ोसियों को कड़ा संदेश दे गया। शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए नेताओं की यात्रा, भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को प्रदान की गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप है। समारोह में श्रीलंका, मालदीव के राष्ट्रपति, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति, बांग्लादेश, मॉरीशस, नेपाल और भूटान के प्रधानमंत्री शामिल हुए। विदेशी नेताओं में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि यह भारत और मालदीव के बीच संबंधों में जारी तनाव के समय हुई है। चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभालने के बाद से भारत और मालदीव के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। उधर भारत द्वारा चीन और पाकिस्तान को शपथ ग्रहण में न बुलाना हमारी स्पष्ट विदेश नीति और कूटनीति की ओर इशारा करता है। चीन और पाकिस्तान के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध विवादास्पद मुद्दों से प्रभावित रहे हैं, जिनमें पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद चिंता का एक प्रमुख विषय है। चीन 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' नीति के तहत भारतीय महासागर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के प्रोजेक्ट को आक्रामक रूप से बढ़ा रहा है और तेजी से नौसैनिक ठिकानों और बंदरगाहों का निर्माण कर रहा है। अपनी इस नीति के जरिए चीन पड़ोसी देशों पर हावी होने की कोशिश कर रहा है।

गौरतलब है कि पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देना भारत की विदेश नीति का केंद्रीय सिद्धांत रहा है। पड़ोसी देशों के साथ सहयोग हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी प्रभाव का मुकाबला करने में भारत के रणनीतिक हितों की पूर्ति करता है। समुद्री सुरक्षा को सशक्त करने के लिए मालदीव, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों के साथ प्रभावी सहयोग आवश्यक है। साथ ही मिशन 'सागर' हिंद महासागर क्षेत्र के लिए भारत की रणनीतिक पहल है। इसे 2015 में शुरू किया गया था। सागर के माध्यम से भारत अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने और उनकी समुद्री सुरक्षा क्षमताओं के निर्माण में सहायता करना चाहता है। इसके अलावा भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना चाहता है और हिंद महासागर क्षेत्र में समावेशी, सहयोगी तथा अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान करना सुनिश्चित करता है। चीन के साथ संबंधों को देखते हुए नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में भी चीन के स्वच्छंद कारनामों पर अंकुश लगाने की दिशा में काम करेंगे। साफ है कि नरेंद्र मोदी इस कार्यकाल में भी चीन को रोकने की दिशा में पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों को प्रगाढ़ करेंगे।

# महामारी जैसी है कोल्ड ड्रिंक्स की बढ़ती खपत



**रणवीर सिंह फोगाट**
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

हमारे देश में परंपरा से ही दही की लस्सी में शीतल जल डालकर ऊपर से केवड़ा जल का छींटा दिया जाता है। यह श्रेष्ठ युक्ति है। यह भ्रम भी जल्दी ही लोग छोड़ दें तो अच्छा है कि आइसक्रीम को बनाने के लिए दूध का इस्तेमाल होता है। वे अगर किसी भी नामी आइसक्रीम फैक्ट्री में जाकर देखें तो मालूम हो जाएगा कि इसके बनाने में किन पदार्थों का प्रयोग होता है।

गर्मी के मौसम में नॉन-अल्कोहलिक, कार्बोनेटेड ड्रिंक्स या सॉफ्ट-ड्रिंक्स की मांग बढ़ती है जो अकसर मिठास वाली होती हैं। इनमें से कुछेक फ्रूट जूस या फ्रूट कन्सेंट्रेट के इस्तेमाल से बनाई गई हैं, ऐसा बताया जाता है। फ़ूड स्टैण्डर्ड एंड सेफ्टी अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (ऍफ़एसएसएआई) की सील सब पर लगी होगी। एक ग्रीन 'डॉट' भी यूनिट लेबल पर छपी होगी। ये ठंडी भी होंगी क्योंकि गर्म पेय तो कोई नहीं पीएगा। शरीर की पाचन प्रणाली और सेहत पर समग्र रूप इसका खराब से लेकर घातक असर तक होने के साक्ष्य अनुसंधान करके वैज्ञानिकों ने जुटाए हैं। ये बातें अगर मैन्युफैक्चरर लेबल लिख दे तो सॉफ्ट-ड्रिंक का एक भी टेट्रा-पैक या बोतल नहीं बिकेगी। लेकिन हमदर्द ने रूह-अफज़ा को जिन जड़ी-बूटियों के सत से रस बनाकर तैयार किया था वह बिलकुल सुरक्षित पाई गईं। बाज़ार से कोल्ड सॉफ्ट ड्रिंक्स खरीदना स्वभावानुसार आसान है, बशर्ते जेब में पैसा हो। ग्रीष्म ऋतु में नींबू और बेल फल का रस निकालकर पीने में तो मेहनत और समय लगता है, इसलिए लोग तुरत कुछ ठंढा पीकर, ठंढा अहसास पाना चाहते हैं। इस बात से बेखबर रहना चाहते हैं कुछ भी, कितना भी ठंढा शरीर में पहुंचे शरीर पहले इसे बॉडी टेम्परेचर अर्थात 33 डिग्री सेल्सियस पर लेकर आता है और फिर इसे पचाने में लग जाता है। इस कारण से शरीर के पीनियल ग्लैंड अथवा 'तापमान रेगुलेटर' पर दबाव बढ़ता है और यह कार्य ग्लैंड द्वारा नर्वस सिस्टम के जरिये से और रक्त संचार की मात्रा और गति को बढ़ाकर किया जाता है। इससे बॉडी पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और शरीर को ठंढा रखने के चक्कर में हमारा शरीर चुस्त होने की अपेक्षा निढाल ही होता है। नींबू पानी, बेलफल रस और दही की लस्सी (प्रो-बायोटिक्स) शरीर को न केवल न्यूट्रीएंट्स देते हैं बल्कि वास्तव में ही बॉडी टेम्परेचर को मैंटेन करके रखते हैं।

गर्मियों में इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड सॉफ्ट ड्रिंक्स की अत्याधिक मात्रा हमारे पेट तक पहुंचती है। इन ड्रिंक्स में प्रीज़रवेटिव्स मिलाए जाते हैं ताकि शेल्फ-लाइफ बढ़ाई जा सके। इनमें पेयों में मौजूद सिंथेटिक और रिफाइंड शुगर की वजह से बहुत से लोगों के 'गाल ब्लैडर' में स्टोन या पथरी होने की संभावना बनती है, कोल्ड ड्रिंक्स

> भारत में बिकने वाले शीतल पेय की पचासों किस्मों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले पदार्थ में से पानी को छोड़कर किसी की भी प्रकृति ऐसी नहीं जिसके नियमित सेवन से शरीर में एकाधिक व्याधि का जन्म न हो सकता हो। एक तो वे पदार्थ हैं जिन्हें शरीर बिना नुकसान के पचा लेता है और व्यर्थ पदार्थ को बाहर निकालने का जुगाड़ करने में समर्थ है।

की खपत एक महामारी जैसी है और कमर्शियल जगत में इसे फास्ट ग्रोइंग कज्यूमर गुड्स के दायरे में माना गया है। आश्चर्य होता है कि सन 2023 के साल में भारत में 6.94 बिलियन लीटर नॉन-अल्कोहलिक बेवरेजेज की खपत हुई और इस साल की प्रोजेक्शन्स 7.21 बिलियन लीटर है। एक लीटर की कीमत अगर औसतन रु. 50 है तो भी यह फिगर सन 2023 के लिए रु. 347 बिलियन अर्थात 35 अरब भारतीय रुपये के बराबर बैठती है। इस साल तो यह 38 अरब रुपये के बराबर होने की उम्मीद है। यह भ्रम पालना छोड़ दिया जाना चाहिए कि चिल्ड सॉफ्ट ड्रिंक्स पीने से शरीर में ठंडक का संचार होगा, बल्कि इसे पी लेने के बाद इसमें मौजूद मिठास और पेय के गाढ़ेपन के कारण नार्मल वाटर पीने की जरूरत पड़ सकती है ताकि जो पीया है उसे 'डायल्यूट' किया जा सके। इसके लिए ग्राहक एक बोतल बंद ठंढा पानी खरीद कर पीएगा। सॉफ्ट ड्रिंक्स के गाढ़ेपन और मिठास को डाल्युट करने के लिए ही अतिरिक्त पानी की जरूरत होती है। यह एक दुष्चक्र है जिससे छुटकारा पाने की तुरत जरूरत है।


हमारे देश में परंपरा से ही दही की लस्सी में शीतल जल डालकर ऊपर से केवड़ा जल का छींटा दिया जाता है। यह श्रेष्ठ युक्ति है। यह भ्रम भी जल्दी ही लोग छोड़ दें तो अच्छा है कि आइसक्रीम को बनाने के लिए दूध का इस्तेमाल होता है। वे अगर किसी भी नामी आइसक्रीम फैक्ट्री में जाकर देखें तो मालूम हो जाएगा कि इसके बनाने में किन पदार्थों का प्रयोग होता है। दिखाने के लिए जरूर कुछ ड्राई फ्रूट्स के कुतरे हुए बीज या फिर कद्दू के मुरब्बे को सतह पर चिपका दिया जाता है।

भारत में बिकने वाले शीतल पेय की पचासों किस्मों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले पदार्थ में से पानी को छोड़कर किसी की भी प्रकृति ऐसी नहीं जिसके नियमित सेवन से शरीर में एकाधिक व्याधि का जन्म न हो सकता हो। एक तो वे पदार्थ हैं जिन्हें शरीर बिना नुकसान के पचा लेता है और व्यर्थ पदार्थ को बाहर निकालने का जुगाड़ करने में समर्थ है। कुछ पदार्थ ऐसे हैं जो सिर्फ एक व्यसन या एडिक्शन पैदा करने में समर्थ हैं जैसेकि पेय में मिलाई गई 'कैफीन'। कैफीन में ऐसा क्या है जो शीतल पेय के प्रति लत पैदा करता है? इसका न्यूरो-केमिकल मैकेनिज्म ऐसा है कि मनुष्य-मस्तिष्क में न्यूरोन्स पर एक खास तरह के संवेद ग्राही मौजूद होते हैं जो कैफीन के अणुओं के संपर्क में आकर स्टिमुलेट होते हैं और एक खास रस या रसायन का स्राव करके रक्तवाहिकाओं में प्रवाहित करते हैं। इससे नर्वस सिस्टम के बाकी अणु भी रिसेप्टर्स से जुड़ कर स्टिमुलेट होते हैं या 'झूमने' लगते हैं। जब तक ब्लड स्ट्रीम में इस 'रस' की मात्रा का एक निश्चित स्तर मौजूद रहता है आदमी को 'वेल-बीइंग' अर्थात आनंद की अनुभूति बनी रहती है। इसका लेवल डाउन होते ही मनुष्य के अन्दर फिर से उसी कोल्ड ड्रिंक को पीने की प्रबल इच्छा जाग्रत होती है जिसमें कैफीन मिली होती है। 'क्यूरियस' जर्नल के सन 2018 के अंक 10(6) में प्रकाशित एक समीक्षात्मक अध्ययन और इसके अंत में उल्लिखित 24 संदर्भ अध्ययनों में से चंद स्टडीज सिर्फ चौंकाने वाली ही नहीं बल्कि गंभीर परिणाम बताने वाली और बेहद चिंताजनक हैं। खासतौर से उन माता-पिता के लिए जिनके कमसिन वय के और किशोर बच्चों को सोडा ड्रिंक्स और कैफीन मिश्रित शीतल पेय लेने की लत लग चुकी है। बच्चों को एनर्जी के लिए जितनी शुगर की रोजाना जरूरत पड़ती है उसका 30 प्रतिशत तो वे शीतल पेय में मिली हुई शुगर से ही ले रहे हैं। इंग्लैंड का उदाहरण लें तो नेशनल डाइट एंड न्यूट्रीशन सर्वे (2008-12) के आंकड़ों से मालूम होता है कि उधर के बच्चे जो शीतल पेय ले रहे हैं इनमें अनेक में सोडियम बेंजोएट मिला हुआ पाया गया। यह बेन्ज़िक एसिड का सोडियम तत्व है जिसे फ़ूड संरक्षक के बतौर शीतल पेय निर्माता इंडस्ट्री इस्तेमाल करती है। इसे तरल दवाओं और सूखे खाद्य पदार्थों में भी शेल्फ-लाइफ बढ़ाने के लिए मिलाया जाता है। लेबल पर लिखा भी हो या न भी लिखा हो, लेकिन आमजन को इससे क्या? इन्हें तो स्वाद चाहिए और 'न्यूरो-स्टीमुलेटरी' आनंद! संघ सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले रेगुलेटर फ़ूड स्टैण्डर्ड एंड सेफ्टी अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया ने साल 2024 के ही मार्च महीने में फाइल नंबर आरसीडी-15001/12/2023-रेगुलेटरी-ऍफ़एसएसएआई-पार्ट (1)(ई-10434) के अंतर्गत हीथ और एनर्जी ड्रिंक्स के मामले में उद्योग और रिटेलर्स द्वारा पालन करने के लिए मीमो जारी किया था लेकिन न तो व्यापारी और न ही फ़ूड सेफ्टी इंस्पेक्टर्स को इससे कोई लेना-देना है। अर्थात घोर लापरवाही है। सोडियम बेंजोएट की सुरक्षित से अधिक मात्रा शरीर में प्रवेश करती है तो सूजन, अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर, भूख न लगना, ओक्सिडेटिव स्ट्रेस और एलर्जी तक हो सकती है। ओक्सिडेटिव स्ट्रेस खतरनाक होता हो सकता है और इस अवस्था में शरीर में 'फ्री रेडिकल्स' की बहुतायत हो जाती है। साथ में इन्हें निरस्त करने के लिए एंटीऑक्सीडेंट्स अत्यधिक कम हो जाते हैं। शरीर द्वारा चयापचयी प्रक्रिया के दौरान फ्री रेडिकल्स बनते हैं। भारत का फ़ूड रेगुलेटर नॉन-अल्कोहलिक बेवरेजेज में जिन रसायनों को मिलाने की इज़ाज़त देता है उन सभी का मात्रा तय की गयी है। सोडियम बेंजोएट के लिए यह मात्रा 300 पीपीएम निर्धारित है अर्थात 10 लाख डेसीलिटर में सिर्फ 300 ग्राम 0.03 प्रतिशत है और एक लिटर की बोतल में यह 0.003 प्रतिशत रहेगी। यह एक जटिल मामला है जिसकी बायो-केमिस्ट्री और बायो लॉजिकल प्रक्रियाओं को समझे बिना ही हम शीतल पेय पिए जा रहे हैं और ऐसी व्याधियों से दो-चार होते हैं जिन्हें सिर्फ न्यूट्रीशन बायोकेमिस्ट/वैज्ञानिक ही समझ पाता है, आम डॉक्टर नहीं। इसलिए पीड़ित व्यक्ति के ओइए आम अस्पताल में इनकी टॉक्सिसिटी हटाने और इलाज की कोई सोच नहीं होती। शीतल पेय में मिलाए गए आर्टिफीसियल स्वीटनर एस्पार्टेम के कारण 'इंसिडेंट स्ट्रोक', अनिद्रा न्यूरोटॉक्सिसिटी, और 'डेमेंशिया' हो सकता है लेकिन इससे आगे तो सिर्फ मृत्यु है।

## प्रसंगवश

# एक थप्पड़ की संविधान व्यथा

> कई माह पहले कंगना ने कटाक्ष किया होगा। वह कुलविन्दर के दिल में जज्ब हो गया होगा। उसे अचानक उत्तेजित कंगना ने नहीं किया। इसका बचाव उसे नहीं मिलेगा।



**कनक तिवारी**
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा से भाजपा की टिकट पर निर्वाचित कंगना रानावत के गाल पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की एक कांस्टेबल कुलविन्दर द्वारा कथित रूप से मारे गए थप्पड़ से बखेड़ा खड़ा तो हो गया है। घटना की यादों पर पपड़ी पड़ जाएगी और उसे भुला भी दिया जाएगा। लेकिन इस थप्पड़ ने जनविमर्श तलाश करने के लिए मुझ जैसे लोगों को कुरेद दिया है।

संविधान की आत्मा भाग तीन में है। वहां मूल अधिकार में, बोलने की, यूनियन बनाने, आने जाने, रोजगार की तरह-तरह की आज़ादियों का ऐलान है। हाथ के हाथ उन पर लगे प्रतिबंधों का ब्यौरा भी है। सवाल यह है कि यदि नागरिकों के साथ सियासी या प्रशासनिक जुल्म हो रहा है। तो क्यों कंगना रानावत जैसे और लोगों के द्वारा भी भारतीय किसानों के सबसे बड़े आंदोलन में उनके परिवारों की महिलाओं के शरीक होने पर फब्तियां कसी जाएं कि 100-100 रुपए लेकर ये औरतें वहां बिठाई गई हैं। तो उसका प्रतिरोध किस तरह हो? ऐसे हर मुद्दे में गोडसे और सावरकर को नहीं, गांधी को ही खींचकर लाया जाता है। गांधी ने कहा था अहिंसा कायरों का धर्म नहीं है। वीर हृदय की प्राण वायु है। अंतिम सीमा तक अटल रहो लेकिन अगर कोई तुम्हारी मां, बहन, पत्नी या अन्य किसी का शील हरण करने की कोशिश करे तो समझाओ। प्रतिरोध करो फिर बताएं आगे क्या कहा था?

कई माह पहले कंगना ने कटाक्ष किया होगा। वह कुलविन्दर के दिल में जज्ब हो गया होगा। उसे अचानक उत्तेजित कंगना ने नहीं किया। इसका बचाव उसे नहीं मिलेगा। मैं कतई हिंसा के पक्ष में नहीं हूं। हालांकि उन्मादित होकर एक थप्पड़ मारने को मैं हिंसा नहीं, आक्रोश मानता हूं। कानून भी उसे यही मान सकता है। ऐसे अपराधी को तो चेतावनी देकर भी छोड़ा जा सकता है। बिना चूं चपड़ के भी कुलविन्दर का खेद रिकार्ड कर मामला समाप्त कर सकता है। उसकी सेवा शर्तों के तहत मामूली कार्यवाई हो सकती है। लेकिन यह जनविमर्श नहीं है। संविधान में खुद गांधी के सिद्धान्तों की परीक्षा ज़रूरी है। सिविल नाफरमानी, निष्क्रिय प्रतिरोध और सत्याग्रह की गांधी की परिभाषाएं भी उनके साथ चली गईं। क्योंकि तब तक अंगरेज़ भी चला गया था। संविधान निर्मित आज़ाद भारत में सिविल नाफरमानी की नपुंसक परिभाषा नहीं हो सकती। डीजीपी साहब के जूतों पर अर्दली पालिश करे। उनके कुत्तों की सेवा करे। मेम साहब की डांट खाए। छुट्टी के दिन भी काम करे। अगर प्रतिरोध करे तो झूठे आधारों पर उसकी नौकरी ले ली जाए। भारत में निचली सरकारी सेवाओं का तितिम्मा बुनना अंगरेज़ी न्याय कुल की जूठन नहीं हो सकती। अगर कुलविन्दर ने छुट्टी ली होती और थप्पड़ मारती या सड़क या बाज़ार में ऐसी घटना होती। तब कानून की पैनी नज़र से अपराधों की नस्लें तक अलग हो जातीं। सवाल है कि भारत के नागरिकों की आत्मा का कोई आसमान है भी कि नहीं। जिस देश का सबसे बड़ा लोकसेवक हेट स्पीच का उत्पादन करता रहे। हेट स्पीच के उत्तेजक सम्मेलन हों। सुप्रीम कोर्ट समझाइश की नस्ल की नसीहत दे। लेकिन हो कुछ नहीं। तब नागरिक आजादी कहां है? याद रहे निर्वीर्य कुंठा दैहिक प्रतिरोध के मुकाबले नपुंसक होती है। मैं फिर कहता हूं। कतई हिंसा का समर्थन नहीं करता। ऐसा भी हुआ है हज़ारों बार कि किसी बड़े सरकारी अधिकारी पर सरकारी कर्मी द्वारा हमला किया गया हो। जूता फेंककर या थूकने की कोशिश की गई हो। लेकिन उन्होंने कोई शिकायत नहीं की हो। सुरक्षा कक्ष में कंगना के साथ बदसलूकी भी हुई और वे इसका बखेड़ा नहीं खड़ा करतीं तो बात तो आई गई हो जाती। लेकिन वे चतुर खिलाड़ी हैं। उन्होंने मामले को तूल दिया कि मुझे पंजाब में पनप रहे उग्रवाद और आतंकवाद की इस कारण चिंता हो रही है। एक थप्पड़ से आतंकवाद का अद्भुत रिश्ता कायम किया गया? उसका शिकार देश की सबसे बड़ी नेता और बाद में उसका बेटा भी तो हुए थे। इस घटना से राजनीतिक उत्कर्ष और करीअर हासिल करने की कोशिश हो? तो उससे तो एक थप्पड़ की हिंसा ही बेहतर है।

# जनता ने अपने विवेक से विपक्ष की भूमिका अदा की



**अजय तिवारी**
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

> साथ ही, यह संदेश भी भुलाया नहीं जा सकता कि भारत 'कांग्रेस-मुक्त' नहीं हुआ बल्कि 'ग्रैंड ओल्ड पार्टी' कांग्रेस का देशव्यापी पुनर्जीवन हुआ है।

अठारवीं लोकसभा के चुनाव परिणामों से स्पष्ट है कि केंद्रीय सत्ता के मुकाबले कोई संगठित विपक्ष नहीं था बल्कि जनता ने अपने विवेक से सत्ता के मुकाबले विपक्ष की भूमिका अदा की है। एक ओर राजनितिक परिस्थितियों का यथार्थ और दूसरी ओर जनता का निर्णयात्मक व्यवहार, इन दोनों के बीच द्वंद्वात्मक संबंध दिखाई देता है। धार्मिक भावनाओं को इस्तेमाल करके नफ़रत के बीज बोना और सांप्रदायिक मानसिकता का राजनीतिक इस्तेमाल करना सबसे सफल गुजरात में रहा जिसे 'हिंदुत्व की प्रयोगशाला' कहा गया। अगर संकेतों को समझा जाए तो ये जनादेश उन स्वयंभू भगवानों को रास्ता दिखाते हैं, वे चाहे सत्ता में बैठे हों या मठों या आश्रमों में।

बंगाल में जनता ने ममता के कुशासन से असंतोष जताया है तो मोदी के सुशासन को भी नहीं अपनाया है। केरल में माकपा को यह सीख दी है कि सत्ता के लिए संगठन में गुटबाजी का असर हानिकर होता है। यही कारण है कि अच्युतानंदन की लोकप्रियता को विजयन नहीं पा सके। इसी प्रकार, जहां जो राजनितिक विकल्प मिला, लोगों ने उसे चुना। अपवाद हो सकते हैं। जनतंत्र में असली भाग्य-विधाता जनता है, यह चुनाव भली-भांति स्पष्ट करता है। सबसे दिशाबोधक हिंदी प्रदेश है जिसे विशेषज्ञ और ज्ञानी गोबरपट्टी कहते हैं और राजनीतिज्ञ धर्म के अफीम की प्रयोगशाला समझते है। जिस उत्तर प्रदेश पर सबके दांव लगे थे उसने अयोध्या की सफलता और मथुरा-काशी की योजना द्वारा जीवन के वास्तविक सवालों की अवहेलना करने वाली राजनीति को शिक्षा दी है, अगर वे ग्रहण करने की योग्यता रखते हों।

उत्तर प्रदेश में छह केंद्रीय मंत्रियों का चुनाव हार जाना और कर्णाटक में पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा के पौत्र प्रज्ज्वल रेवन्ना की शर्मनाक पराजय इस बात के द्योतक हैं कि धर्म का सहारा लेकर व्यभिचार का जाल फैलाने वाले आसाराम-रामरहीम से लेकर राजनीतिक शक्ति का उपयोग करके स्त्रियों की अस्मिता को छिन्न-भिन्न करने वालों या उनके संरक्षकों को जनता ठुकरा रही है। इसलिए यह देखना चाहिए कि भारत की अशिक्षित-दरिद्र जनता का विवेक कितना मूल्यवान है। उसके निर्णय में असंगतियां ऐतिहासिक कारणों से हैं।

साथ ही, यह संदेश भी भुलाया नहीं जा सकता कि भारत 'कांग्रेस-मुक्त' नहीं हुआ बल्कि 'ग्रैंड ओल्ड पार्टी' कांग्रेस का देशव्यापी पुनर्जीवन हुआ है। दक्षिणपंथी राजनीति और वामपंथी राजनीति के अतिवाद का समाधान जनता बाकी 'मध्यमार्गी' दलों में नहीं देखती। इसके पीछे दो ठोस कारण हैं। एक, जातिवाद और नरम सांप्रदायिकता का उपयोग करते हुए भी कांग्रेस न पूर्णतः जातिवादी या सांप्रदायिक दल है, न संगठन की प्राथमिकता के नाम पर बंगाल जैसी अराजकता या केरल जैसी गुटबाजी में जनहित भूल जाती है। आपस में लड़ते-भिड़ते साथ चलते हुए जनता को सांस लेने लायक परिस्थियां देने का वातावरण संविधान के माध्यम से कांग्रेस ने ही बनाया है। जनतंत्र के लिए जितना महत्वपूर्ण जनता का जाग्रत विवेक है, उतना ही महत्वपूर्ण विपक्ष की देशव्यापी मौजूदगी है। दूसरा, इस देशव्यापी मौजूदगी का श्रेय राहुल गांधी की न्याय-यात्राओं को है। देश को समझने के लिए, जनता की की मनोभावना से जुड़ने के लिए गांधी जी के बाद राहुल ने ही ऐसा अभियान चलाया,

इसी से यह संदेश भी निकालता है कि जिस राहुल को सत्ताधारियों ने अरबों रुपये खर्च करके 'पप्पू' बनाया था, उसी को इस चुनाव में 'मोदी बनाम राहुल' बताकर प्रतिष्ठित करने को बाध्य हुए। यह फर्क मीडिया और प्रचारतंत्र की ताकत से जनसंपर्क की ताकत का अंतर स्पष्ट करता है। इसीलिए जनता का विवेक महत्वपूर्ण तो है ही, निर्णायक भी है। इस जनता को मुख्यधारा मीडिया और ट्रोल सेना के बल पर काबू में रखने की कोशिश लगातार की गई। लेकिन जनता ने प्रचार के इन दोनों साधनों को व्यर्थ सिद्ध करते हुए सोशल मीडिया को अधिक अपना और भरोसेमंद माना। केवल पूंजी की शक्ति से चलने वाले निजी चैनलों के सामानांतर छोत्र-छोटे सोशल मीडिया चैनलों ने राहुल की यात्राओं से लेकर सत्ता के अत्याचारों तक हर पहलू से लोगों को अवगत रखा। यही कारण है कि जनता किसी प्रेरित प्रचार की जगह राष्ट्रीय और स्थानीय मुद्दों से परिचालित हुई। महंगाई, बेरोज़गारी, गरीबी, किसानों से छल और विषमता उसके लिए वास्तविक चिंताएं थीं, मंदिर और धर्म नहीं। जनता की यह जागरूकता न केवल लोकतंत्र के जीवन के लिए आवश्यक है बल्कि यह उसकी सुंदरता भी है।

## सोशल फोरम

# छल की भाषा

> आज पांडवों के इंद्रप्रस्थ-महल जैसा ही संसार है। जहां जल है, वहां थल दिखता है और जहां थल है वहां जल दिखता है।



**शंभुनाथ**
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

आज से पहले कभी इतना स्पष्ट नहीं था कि छल ही सत्ता और हर फायदे की गंगोत्री है। छल की भाषा का उद्देश्य है ऐसी चीजों को लोगों के विश्वास, अवधारणा या घटना के रूप में स्थापित करना, जिनका यथार्थ आधार न हो। छल की भाषा सम्मोहक होती है। कई दशक पहले 'लकड़सुंघवा' की चर्चा होती थी, अब वह एक विराट संगठन है। छल की भाषा निर्मित करने के लिए झूठ पूरे भावावेग के साथ बोलना होता है और उसे प्रचार की शक्ति चाहिए। लोग प्रदर्शित सब्जबाग में खो जाते हैं, जैसे बच्चे मेले में गुम हो जाते हैं। इसका सबसे विडंबना-भरा रूप तब सामने आता है जब नागरिक सिर्फ उस यथार्थ से ही दूर नहीं कर दिए जाते जो वे वस्तुतः रोज भोग रहे हैं, बल्कि वे अपनी श्रेष्ठ परंपराओं और आधुनिक मूल्यों से भी विच्छिन्न कर दिए जाते हैं। सब खोते-खोते अंत में बची रह जाती हैं कुछ पुरानी खाइयां-कुछ नई जंजीरें!

छल की भाषा का निर्माण कई तरह से होता है, जिनमें एक है सफाई से तथ्य को विकृत करना। छल की भाषा से अपने को ढका जा सकता है, क्योंकि कोई क्षमतावान व्यक्ति अब अपना वास्तविक चेहरा दिखाना नहीं चाहता। इसलिए वह झूठ को आभासी सच में बदलता रहता है। उसकी भाषा चालाकियों से भरी होती है। कैसी भयावह स्थिति है, प्रचार में जो है वही सच है!

आज पांडवों के इंद्रप्रस्थ-महल जैसा ही संसार है। जहां जल है, वहां थल दिखता है और जहां थल है वहां जल दिखता है। साहित्य का काम है सचाई पर से सभ्यता के कृत्रिम आवरण को हटाना, जबकि साहित्यकार पर इस सभ्यता का भारी दबाव है। उसकी सामाजिक हैसियत नगण्य कर दी गई है। वह बोलता है, पर इतना अंतर्विभाजित है कि अब सुना नहीं जाता।

**-फेसबुक वॉल से**

# प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से पर्यावरण प्रदूषण



**डॉ. हेमंत कुमार जोशी**
नैनीताल


प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। इनमें से सर्वाधिक ज्वलंत मुद्दा जलवायु परिवर्तन का है। यह समस्या मुख्य रूप से मानव गतिविधियों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के कारण मानी गई है। यह समस्या बढ़ते वैश्विक तापमान, बदलते मौसम चक्र, समुद्र के स्तर में वृद्धि और अन्य प्रतिकूल प्रभावों के रूप में सामने आ रही है।

आज विश्व की जनसंख्या वृद्धि जिस कारण नाना प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग तथा दुरुपयोग और विभिन्न भौतिक सुखों की प्राप्ति के लिए मानव जनित अप्रतिम बुद्धि के तकनीकी/प्रोद्यौगिकी प्रयोगों से न केवल मानव अपितु प्राणिमात्र के लिए संकट विषय बना है। भारत में पर्यावरण प्रदूषण का सर्व प्रमुख कारण जनसंख्या वृद्धि ही परिलक्षित होता है। यह स्पष्ट भी है न केवल भारत अपितु विश्व में पर्यावरण प्रदूषण, जल प्रदूषण या अपघटन, तापमान वृद्धि, प्राकृतिक सम्पदाओं का दोहन आदि जनसंख्या वृद्धि एवं मानव जनित भौतिक सुखों तथा अनैतिक कार्यों का ही परिणाम है।

हमारे देश में पर्यावरण प्रदूषण का द्वितीय सबसे बड़ा कारण स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् ही अनियंत्रित-अनियोजित- अटिकाऊ भौतिक विकास रहा है। अधिकतर देश की नीतियां/ कार्य छोटे-छोटे लक्ष्यों को देखते हुए बनाई गइ उनके दीर्घकालिक परिणाम नहीं देखे गए। न ही उन अल्पकालिक भौतिक विकास कार्यक्रमों के कोई सशक्त नीतियां बनी। अत्याधुनिक सुविधाओं के प्रयोग के साथ ही पर्यावरण को सर्वाधिक नुकसान वन-प्राकृतिक संपदाओं के अनैतिक दोहन के कारण होता है। हमारे देश में बढ़ती हुई जनसंख्या से हजारों सरकारी कार्यालय-भवन बने, देश में हजारों किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग बने, एक्सप्रेस वे बने, रेल मार्ग बने, सुरंग खुदी, राज्य क्षेत्र तथा विधायक-सांसद निधि से सड़कें बनीं लेकिन आज भी प्रदूषण के बढ़ते प्रभाव के कारण भी पर्यावरण संतुलन एवं संरक्षण के लिए देश में ऐसा कानून नहीं बन पाया कि उक्त स्थानों में भौतिक विकास की भेंट चढ़ने वाले पेड़-पौधों के स्थान पर कार्यालयों-भवनों के चारों ओर उतने ही पेड़-पौधे पल्लवित-विकसित किए जाएं, जितने भौतिक सुखेच्छा से काटे गए। पर्यावरण प्रदूषण तथा तापमान वृद्धि मानव के लिए संकट बनती जा रही है।

भारत में पर्यावरण प्रदूषण का तृतीय सबसे बड़ा कारण प्लास्टिक का बढ़ता प्रयोग। बिस्किट,टाफी, खिलौने, कुरकुरे, ओयस, लेस, पानी बोतल आदि बहुत सारी दैनिक उपभोग की वस्तुओं में केवल प्लास्टिक का प्रयोग हो रहा है और जागरूकता के अभाव में प्लास्टिक रेपर को यत्र-तत्र फेंक देना, उसमें कचरा भरना, उस कचरे का विकृत रूप लेना, नालियों के बंद हो जाने पर विभिन्न विषाणुजनित बीमारी पैदा होना, डेंगू, मलेरिया का प्रकोप बढ़ना,जानवरों के खा देने पर बहुतायत उनको नुकसान, भूमि की उर्वरा शक्ति को खत्म करना, प्लास्टिक की गंदगी से जल प्रदूषित होना या नदियों के माध्यम से समुद्र तक पहुंचकर समुद्री जीवों मछली, शील, कछुये, शार्क सहित कई जीवों के लिए अति घातक है। एक अध्ययन के उपरान्त लगभग 344 समुद्री जीवों की इस प्लास्टिक के उलझाव में आकर मृत्यु हो चुकी है जो बहुत चिंताजनक है। अन्ततः स्पष्ट है कि सरकारों को अर्थव्यवस्था की मजबूती के साथ ही अब जनसंख्या नियंत्रण, भौतिक विकास में नियंत्रित- नियोजित- टिकाऊ विकास तथा प्लास्टिक के बढ़ते हुए प्रयोग के विषय में कठोर नीतियां अविलंब बनानी आवश्यक हैं। साथ ही उनका अनुवीक्षण करना उतना ही जरूरी है इसी से साझा सम्पत्तियों की सुरक्षा, संतुलन और संरक्षण संभव है जो मानव- जीवन और भविष्य के लिए आवश्यक है।

# राजधर्म और धर्मदंड



**डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी**
प्रयागराज

सभ्यता संस्कृति के विकास क्रम में पहले मानव-समुदाय बना फिर मानव समाज। समाज से राष्ट्र बनने के संबंध में मनुस्मृति के सप्तम अध्याय के श्लोक दो में कहा गया–जगत में राजा न होने से सब भय व्याकुल होते हैं इसलिए समाज की रक्षा के लिए ईश्वर ने राजा उत्पन्न किया-राजानाम्सृजत्प्रभु। राजा का अर्थ राज्य अथवा स्टेट से है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी लोक रूपी जनार्दन जो जनता है वह राज्य -स्टेट स्थापित करता है। लोकतांत्रिक अवधारण का एक मूल तत्व है की जैसे जैसे लोकतंत्र सुदृढ़ होता जाएगा-स्टेट विल विदरएबे अर्थात लोक का शासन होगा-जनार्दन का शासन होगा। मानव समाज में राज्य बनने की प्रक्रिया वैदिक काल में लोकतांत्रिक ही रही है अथर्ववेद–3/4/2 में कहा गया-त्वां विशो वृणतां राज्याय त्वमिमाम- हे राजा राज्य के लिए जनता तुम्हे वरण करती है, अर्थात राजा का बेटा ही राजा नहीं होता। इसी ऋचा में कहा गया है-वि भजा वसूनि-राज्य राजा की सम्पति नहीं होती वल्कि प्रजाजनों के कल्याण के लिए होती है। ईश्वर ने राजा को कैसे बनाया इस संबंझ में मनुस्मृति-7/4 में बताया गया की-इंद्र, वायु, यम, सूर्य, अग्नि, वरुण, चन्द्रमा और कुबेर के नित्य अंश से ईश्वर ने राजा को बनाया।

मनुस्मृति7/14–19 में राज्य धर्म और धर्म दंड की व्याख्या करते हुए कहा गया है-राजा के हित के लिए ईश्वर ने पहले से ही प्राणियों का रक्षक धर्म रूप और ब्रह्मतेज रूप अपने पुत्र दंड को उत्पन्नकिया है। देशकाल, शक्ति व, शास्त्र को भली-भांति देखकर अन्याय करने वाले को यथा योग्य दंड राजा को देना चाहिए\वस्तुतः दंड ही राजा, दंड ही पुरुष, दंड ही राज्य का नेता और शिक्षक है, ऋषियों ने दंड को ही चारों आश्रमों के धर्म का साक्षी कहा है। दंड सब प्राणियों पर राज्य करता है और दंड ही सब प्राणियों की रक्षा करता है। जब सब लोग सो जाते हैं तो दंड ही जगाता रहता है, पंडित लोग दंड को ही धर्म कहते हैं।

# अटिया तिराहे पर पुलिस से मुठभेड़ के दौरान तीन गोतस्कर दबोचे गए

## तस्करों की फायरिंग से बाल-बाल बचे थाना प्रभारी, एक आरोपी को लगी गोली

संवाददाता ताखा, इटावा


गोली लगने से घायल गोतस्कर को ले जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गाय की बछिया को काटकर उनके अवशेषों को फेंकने वाले शातिर गोतस्करों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने का दावा किया है। फायरिंग में एक तस्कर गोली लगने से घायल हो गया। तीन तस्करों पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

ऊसराहार थाना क्षेत्र के बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर अटिया तिराहे के पास बीती रात पुलिस और गोतस्करों की बीच मुठभेड़ हो गई। थानाध्यक्ष वेचन कुमार सिंह एवं चौकी इंचार्ज मंगल सिंह गश्त पर ताखा की ओर थे। सूचना मिली कि एक बाइक पर तीन गोतस्कर गायों को पकड़ने की फिराक में घूम रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने रास्ते को घेर लिया। इसी बीच एक बाइक पर तीन लोग आते दिखे। उन्होंने बाइक को तेजी से वापस मोड़ा तो बाइक फिसल गई। तीनों मौके से भागने लगे। पुलिस को पीछे आता देख तस्करों ने फायरिंग कर दी। थानाध्यक्ष खुद भी फायरिंग में बाल बाल बच गये। पुलिस ने भी बचाव में फायरिंग की जिससे एक तस्कर के पैर में गोली लगने से वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने दो साथियों को भी दबोच लिया।

थानाध्यक्ष बेचन कुमार सिंह ने बताया पकड़े गए तस्करों में ऋषि नट पुत्र विनोद निवासी हटीला, थाना ऊसराहार व विनोद नट पुत्र पूरन सिंह निवासी हटीला, राजकुमार पुत्र हरपाल सिंह निवासी नगला गुदे थाना कुदरकोट जनपद औरैया शामिल हैं। ऋषि पैर में गोली लगने से घायल हुआ है। उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए है। विनोद व राजकुमार से गाय काटने के लिए रखे गए छुरा भी बरामद हुए हैं। पूछताछ में पता चला चित्तरपुर व नगला गडरियान के समीप एक गड्ढे में बछिया को काटकर अवशेष को इन्हीं तस्करों ने छुपाया था।

### मारपीट में दो लोग हुए घायल

**बकेवर।** थाना क्षेत्र में गांव बंगलन रहने वाले राम सिंह व प्रयाग नरायन में किसी बात को लेकर गाली-गलौज और मारपीट हो गई। जिसमें दोनों घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाने के बाद दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ट्रेन के पायदान से गिरकर युवक घायल

**जसवंतनगर, इटावा।** कन्नौज जिले के गांव कुल्लू खेड़ा में रहने वाले उमाशंकर का 40 वर्षीय बेटा कुलदीप रविवार को दिल्ली से 12452 डाउन श्रम शक्ति एक्सप्रेस ट्रेन में पायदान पर बैठकर कानपुर जा रहा था। ट्रेन बलरई स्टेशन के होम सिगनल के पास डाउन लाइन के खम्बा नंबर 1180/4/2 पर पहुंची। तभी वह ट्रेन से गिर गया। रेलवे कर्मी कीमैन रमाशंकर पेट्रोलिंग करने के लिए जा रहा था तो घायल को देखकर ऑन ड्यूटी स्टेशन अधीक्षक व कंट्रोल को सूचना दी। इसके बाद बलरई थाने के उपनिरीक्षक संजय कुमार ने उसे सीएचसी भिजवाया। वहां पर हालत नाजुक हालत देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# लापता व्यक्ति का शव खेत में गड़ा मिला, एक गिरफ्तार

संवाददता, चकरनगर

**अमृत विचार।** सहसों थाना क्षेत्र के गांव प्रतापपुरा से चार दिन से लापता एक व्यक्ति का शव पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर उसी के खेत से क्षत-विक्षत हालत में बरामद कर लिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी को एक दिन पूर्व गिरफ्तार किया था। पुलिस गिरफ्त में आरोपी ने दो साथियों के साथ घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। परिजन सूदखोरी में हत्या की आशंका जाहिर कर रहे है। फॉरेंसिक टीम पुलिस के साथ जांच में जुटी है।

सहसों थाना के प्रतापपुरा निवासी अरविंद गुर्जर (55) पुत्र सोनवीर सिंह का शव पुलिस ने आरोपी प्रेम सिंह पुत्र जयराम राजपूत निवासी सहसों की निशानदेही पर रविवार दोपहर को सहसों गांव के पास चंबल नदी किनारे उसी के खेत के गड्ढे से बरामद कर लिया। मृतक के पैर एक मोटी रस्सी और हाथ तार से बंधे थे। जिसकी गर्दन, सीना पर कुल्हाड़ी से कई वार के निशान थे। शव जमीन में करीब डेढ़ मीटर नीचे दबा था। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से मशक्कत के उपरांत शव गड्ढे से बाहर निकला। जिसकी फॉरेंसिक टीम के द्वारा गहनता से जांच पड़ताल की गई। तदोपरांत शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने उक्त हत्या के मामले में दो अन्य व्यक्ति साथ होने की बात कही है। सूत्रों के मुताबिक उक्त घटना में क्षेत्र के कई और लोग भी संलिप्त बताए जा रहे है। सूत्रों ने तो यहां तक दावा किया है कि घटना के दो दिन पूर्व धन के लेनदेन को लेकर एक हिस्ट्रीशीटर के द्वारा मृतक के साथ शराब पीकर जमकर मारपीट की गई थी। मृतक ने धन फंसे होने से उसकी शिकायत हनुमंतपुर चौराहे के बिठौली सड़क मार्ग निवासी कुछ सजातीय लोगों से की थी।

### एक परिवार पर घूम रही शक की सुई

लंबे समय से रुपयों के लेनदेन और जमीन में पार्टनर होने को लेकर हत्या के मामले में एक परिवार पर शक की सुई घूम रही है। मृतक के भाई रविंद्र गुर्जर व इमलिया निवासी उनके बहनोई शिवेंद्र गुर्जर ने भी उक्त परिवार पर आशंका जाहिर की है, साथ ही समूचे क्षेत्र के गुर्जर समाज के लोगों में उपरोक्त परिवार के लेनदेन की चर्चाएं जोरों पर है। क्षेत्र के गुर्जर समाज के लोगों ने एसएसपी से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# इकलौते बेटे ने पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- खेत में जाने की बात कहकर घर से निकला था अनुज
- थाना जसवंतनगर क्षेत्र के गांव नागरी की घटना

**अमृत विचार।** माता-पिता के इकलौते युवा बेटे ने किसी बात से क्षुब्ध होकर पेड़ पर फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के गांव नागरी में रहने वाले सुरेंद्र मिश्रा का 22 वर्षीय बेटा अनुज मिश्रा घर से रविवार सुबह छह बजे खेत जाने की बात कहकर चला गया। थोड़ी देर बाद एक किलोमीटर दूर जोनई गांव की तरफ खेत पर खड़े आम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका हुआ उसका शव दिखाई दिया तो सनसनी फैल गई।

मौके पर बड़ी संख्या में लोग और परिजन भी पहुंच गए। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने पहुंचकर शव को फंदे से उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

बताया जाता है कि अनुज का कई साल पहले अपहरण भी हुआ था। पुलिस ने उसे 10 दिन बाद बरामद कर लिया था। इधर, परिजन भी युवके फांसी लगाने का कारण नहीं बता पाए। मृतक की बहन वर्षा व मां मीना देवी का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

# चोरी रोकने को रात में होने लगी बिजली चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- ओवरलोडिंग से बचाव को कवायद सख्त हो गया बिजली विभाग


चेकिंग करते बिजली कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ओवरलोडिंग और उससे होने वाले फाल्ट को बचाने के लिए बिजली विभाग ने शाम को और रात में बिजली चेकिंग अभियान शुरू किया है। ऐसा माना जाता है कि शाम के समय ओवरलोडिंग होती है जिसमें बिजली चोरी की आशंका रहती है । इस कारण ओवरलोडिंग बढ़ती है। इसे लेकर बिजली विभाग चौकन्ना हुआ है और शाम से लेकर रात तक बिजली चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

शहरी क्षेत्र में यह अभियान शुरू भी कर दिया गया है और पहले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की चेकिंग की जा रही है। पिछले दिनों गर्मी बढ़ने के साथ-साथ बिजली की मांग भी बढ़ी है। इस कारण ओवरलोडिंग की समस्या आए दिन हो रही है। ओवरलोडिंग के कारण फाल्ट होते हैं और फिर बिजली गुल हो जाती है। ऐसे में विभाग की ओर से चेकिंग अभियान शुरू किया गया है।

पिछले 1 महीने से जब से गर्मी में बढ़ोतरी हुई है तब से बिजली भी खास परेशान कर रही है। दोपहर और शाम की समय ज्यादा दिक्कत होती है।

फाल्ट होने से बिजली जाती है। बिजली विभाग फाल्ट का कारण ओवरलोडिंग को मानता है। अब छापा मार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अधिशासी अभियंता श्री प्रकाश ने बताया की चेकिंग का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होने कहा कि ओवरलोडिंग को रोका जाएगा जिससे लोगों को निर्बाध बिजली मिल सके।

### तीन टीमों का हुआ गठन

शहरी क्षेत्र में शाम को और रात में चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए तीन एसडीओ के नेतृत्व में विभाग ने तीन टीमें बनाई हैं। इन टीमों ने अपना काम भी शुरू कर दिया है। एसडीओ गगन अग्निहोत्री, पियूष कुमार व आनंदपाल सिंह के नेतृत्व में यह तीनों टीमें लगातार चेकिंग कर रहीं हैं।

# जगत में सारे काम स्वयं हो रहे : राहुल

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा


संस्कार शिविर में भाग लेते युवा एवं बच्चे। अमृत विचार

- शिक्षण शिविर में बह रही है अध्यात्म की गंगा

**अमृत विचार।** नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, जैन बाजार में चल रहे आठ दिवसीय जैन संस्कार शिक्षण शिविर के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन चल रहा है। जिसमें रात्रि संस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत मंगलाचरण, प्रश्न मंच, अंताक्षरी आदि अनेकों कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रातः बच्चों ने नित्य नियम अभिषेक पूजन आदि किये। देव शास्त्र गुरु की भक्ति से उनके स्वरूपों को समझा। इस आयोजन के प्रति बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा है। प्रात ही बच्चे एवं युवा उठकर धार्मिक क्रियाओं मैं लग जाते हैं।

स्वाध्याय करते हुए बाल ब्रह्मचारी राहुल जैन ने धर्म का व्याख्यान करते हुए कहा इस जगत में सारे काम स्वयं हो रहे हैं। सारा स्वतंत्र परिणमन है। हम केवल ज्ञाता दृष्टा जानने वाले हैं भगवान किसी भी चीज के करता हारता नहीं है। मुनिराजों के त्याग का बखान करते हुए उन्होंने कहा कि दिगंबर मुनिराजों का हमारे ऊपर बहुत उपकार है उनकी तपस्या साधना परिश्रम से ही हमें जिनवाणी सुनने को मिल रही है।

द्रव्य गुण पर्याय के संबंध में उन्होंने विशेष स्मार्ट क्लास ली जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जैन सिद्धांतों को स्मार्ट तरीके से सिखाया गया। इस सरल विधि एवं उनकी विशेष शैली की उपस्थित जैन धर्मावलंबियों ने बहुत प्रशंसा की।

# विकास के मुद्दे लोस में उठाएंगे

कार्यालय संवाददाता, इटावा


पत्रकारों से वार्ता करते सपा सांसद जितेंद्र दोहरे एवं जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य।

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के नवनिर्वाचित सांसद जितेंद्र दोहरे ने कहा कि वे इटावा के विकास और रोजगार से जुड़े मुद्दों को लेकर लोकसभा में अपनी आवाज बुलंद करेंगे। जिले में अधूरी पड़ी परियोजनाओं को सबसे पहले पूरा कराएंगे। इसके बाद पचनद पर बांध बनाने की परियोजना को आगे लेकर जाएंगे। इटावा के लाइनपार की जलभराव की समस्या का समाधान कराया जाएगा।

सपा कार्यालय पर उन्होंने कहा कि वे इटावा लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभाओं के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। जनता ने उन्हें भरपूर स्नेह और आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि दस साल के बाद समाजवादी पार्टी ने इटावा सीट फिर से हासिल की है। इसके लिए वे भी पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के विशेष आभारी हैं। सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, महासचिव वीरू भदौरिया, कोषाध्यक्ष ब्रजेंद्र यादव, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, जिला सचिव उपदेश मिश्रा, प्रवीन कुशवाहा, दीपी सिंह, राजकुमार यादव, राहुल यादव पाली पप्पू यादव आदि उपस्थित रहे।

# गर्मी से राहत नहीं तापमान 42 डिग्री

**इटावा।** भीषण गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। पहले यह अनुमान था कि नौतपा बीत जाने के बाद गर्मी से कुछ राहत मिलेगी लेकिन ऐसा नही हुआ। रविवार को तापमान 42 डिग्री पर पहुंच गया। रविवार होने के कारण लोग घरों में ही रहे और सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा।

गर्मी के कारण दोपहर में तो ऐसा लग रहा था जैसे आसामान से आग बरस रही है। स्थिति यह है कि तापमान में कोई कमी नहीं आ रही है। कूलर भी इस गर्मी से राहत नहीं दिला पा रहे हैं। रविवार को रोजाना की तरह सुबह से ही गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी। 10 बजते बजते ही तापमान 38 डिग्री के आसपास पहुंच गया था। इसके बाद लगातार तापमान में बढ़ोतरी होती रही।

**बीएड प्रवेश परीक्षा** | दो पालियों में कराई गई परीक्षा, किसी भी केंद्र पर नहीं मिली अनियमितता

# गणित तो ठीक लेकिन विज्ञान ने उलझाया

कार्यालय संवाददाता, इटावा



परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार को बीएड की प्रवेश परीक्षा दो पालियों में कराई गई। इसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। शहरी क्षेत्र के पांच विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा देने के बाद आए परीक्षार्थियों ने बताया कि गणित की सवाल तो ठीक थे लेकिन विज्ञान ने उन्हें खूब उलझाया। विज्ञान के सवाल हल करने में कठिनाई हुई और मशक्कत भी करनी पड़ी।

आमतौर पर गणित के सवाल परेशान करने वाले होते हैं लेकिन इस बार विज्ञान के सवालों ने परीक्षार्थियों की उलझाया। रविवार को बीएड की प्रवेश परीक्षा कराए जाने के लिए काफी पहले से तैयारी चल रही थी। जिला मुख्यालय पर पांच विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

प्रत्येक विद्यालय पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। दो पालियों में कराई गई इस परीक्षा में बड़ी संख्या में परीक्षार्थी पहुंचे।

परीक्षा देने के बाद बाहर आए ज्यादातर परीक्षार्थियों ने बताया कि गणित के सवाल हल करने में कठिनाई नहीं हुई लेकिन विज्ञान के सवाल कठिन थे और इन्हें हल करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि गणित के सवाल ज्यादा मशक्कत करने वाले नहीं थे। बीएड की प्रवेश परीक्षा को लेकर शहर में सड़कों पर काफी भीड़ रही। सुबह दोपहर और शाम को परीक्षा शुरू होने और खत्म होने के समय बड़ी संख्या में परीक्षार्थी सड़कों पर दिखाई दिए। सुबह से ही परीक्षार्थियों के परीक्षा केंद्र पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था।

पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:00 बजे से होनी थी लेकिन परीक्षार्थी इससे पहले ही परीक्षा केंद्र पर पहुंच गए और तलाशी के बाद परीक्षा कक्षा में पहुंचे। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से कराई गई जोकि शाम 5:00 बजे तक चली।

प्रशासनिक व शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने परीक्षा के दौरान पांचों परीक्षा केदो का निरीक्षण किया हालांकि इस दौरान कहीं कोई अनियमितता नहीं पाई गई। परीक्षा केदो के मुख्य द्वार पर काफी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात किया गया था।

### यह रही स्थिति

| | |
|---|---|
| **प्रथम पाली** | |
| पंजीकृत | 2073 |
| उपस्थित | 1682 |
| अनुपस्थित | 391 |
| **द्वितीय पाली** | |
| पंजीकृत | 2073 |
| उपस्थित | 1685 |
| अनुपस्थित | 388 |

# पंचायत सचिवालयों में गति पकड़ेगा कामकाज

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सहायकों के 62 खाली पद भरे जाने की है तैयारी

**अमृत विचार।** पंचायती राज विभाग के गांव में बनाए गए मिनी सचिवालयों में अब कामकाज के गति पकड़ने की उम्मीद है। इन सचिवालयों में पंचायत सहायकों की कमी के कारण कामकाज प्रभावित हो रहा था। इनमें पंचायत सहायकों की नियुक्ति की गई थी उनके कहीं और नौकरी लग जाने या अन्य कारणों से इस्तीफा दे देने से जिले में 62 पंचायत सहायकों के पद रिक्त हैं। अब इन्हें भरे जाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

फिलहाल जिन 62 सचिवालयों में पंचायत सहायक नहीं है उन सचिवालयों का कामकाज बाधित है। सरकार ने गांव के पंचायत भवन में पंचायत सचिवालय बनवाए थे और पंचायत सहायक की नियुक्ति की थी। इसका मकसद यह था कि गांव के लोगों को खसरा खतौनी तथा अन्य कार्यो के लिए ब्लॉक और तहसील की दौड़ ना लगानी पड़े, लेकिन कुछ पंचायत सहायक दूसरे स्थानों पर नौकरी लग जाने पर इस्तीफा देकर चले गए कुछ अन्य कारणों से चले गए। इसके चलते जिले के अलग-अलग ब्लॉकों में कुल 62 पंचायत सहायक के पद रिक्त हो गए। अब सरकार ने इन पदों को भरे जाने का निर्णय दिया है इसकी प्रक्रिया अगले सप्ताह शुरू होने वाली है। जिले में सबसे अधिक 18 पद बसरेहर ब्लॉक में रिक्त हैं, जबकि भरथना ब्लॉक में 10 पद रिक्त हैं। इसी तरह बढ़पुरा तथा सैफई ब्लॉक में 6- 6 पंचायत सहायकों के पद खाली है , जबकि चकरनगर क्षेत्र में चार पंचायत सहायक के पद रिक्त हैं। महेवा में आठ पंचायत सहायक तथा जसवंत नगर में 10 पंचायत सहायकों की कमी है और ताखा में पंचायत सहायक के पांच पद रिक्त हैं जिससे कामकाज प्रभावित है।

## सार-संक्षेप

### अभय को नीट परीक्षा में मिली सफलता


अभय पचौरी।

**इटावा।** शहर के मोहल्ला फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी शिक्षक अनुराग पचौरी के बेटे अभय पचौरी ने नीट की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। अभय ने इस परीक्षा में 720 में से 658 अंक प्राप्त किए हैं। अभय ने सुदिति ग्लोबल कॉलेज से इंटरमीडिएट की परीक्षा भी अच्छे अंकों के साथ पास की थी। इसके बाद कोटा में रहकर नीट की तैयारी शुरू की। उसने सफलता का श्रेय माता-पिता और अपने अन्य परिजनों को दिया। अभय की मां कल्पना चतुर्वेदी भी बढ़पुरा ब्लॉक में शिक्षक हैं। अभय डॉक्टर बनकर मरीजों की सेवा करना चाहता है।

### रुपये मांगने पर युवक को पीटा, तीन पर रिपोर्ट

**इटावा।** कोतवाली सदर के मोहल्ला मेवाती टोला में रहने वाली नफीसा बेगम पत्नी मोहम्मद यासीन ने मोहल्ल के ही अमन, सलाउद्दीन उर्फ चीनी तथा अजहर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसका बेटा मोहसिन अमन से उधार के रुपए मांगने गया था। आरोप है कि उक्त तीनों ने मारपीट कर घायल कर दिया और रुपये देने से मना कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।



जयंती समारोह में भाग लेते कुलपति डॉ. प्रभात कुमार सिंह एवं कुन्नू भैया।

### हर्षोल्लास से मनाई गई पृथ्वीराज चौहान जयंती

**इटावा।** क्षत्रिय स्वाभिमान मंच ने इटावा के शगुन वाटिका में रविवार को सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती धूमधाम से मनाई। वक्ताओं ने समाज को संगठित और शिक्षित करने पर विशेष बल दिया। मुख्य अतिथि के रूप में पीजीआई सैफई के कुलपति डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि समाज को शिक्षा पर विशेष बल देना चाहिए। तभी उचित विकास संभव है। एक- दूसरे के दुख दर्द में खड़े रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि रजिस्ट्रार डॉ. चन्द्रवीर सिंह ने कहा कि हमें पूरी निष्ठा से समाज की मदद करनी चाहिए। मातृ शक्ति के रूप में सैफई पीजीआई के रजिस्ट्रार डॉ. चन्द्रवीर सिंह की पत्नी सीमा सिंह उपस्थित रहीं। संगठन के अध्यक्ष विकास सिंह ने क्षत्रिय भाईयों का धन्यवाद दिया। वक्ताओं में रोहित भदौरिया, डॉ. भूपेंद्र, धर्मेन्द्र तोमर, राकेश तोमर शामिल रहे। अध्यक्षता बुजुर्ग जगमोहन सिंह राजावत तथा संचालन अनिल चौहान ने किया। राजन सिंह, महेन्द्र चौहान, सतेन्द्र भदौरिया, धर्मेन्द्र चौहान, सर्वेश तोमर, राजेश जादौन, उदय चौहान, नारायण भदौरिया, सत्ते भदौरिया, राम जन्म सिंह, राघवेन्द्र तोमर, राजीव भदौरिया, उपेन्द्र भदौरिया, प्रिंस राठौड़, संतोष भदौरिया, भावेन्द भदौरिया,अंजू ठाकुर, शिब्बू तोमर, नेत्रपाल सिंह, संजय तोमर आदि उपस्थित रहे।

### मिट्टी खनन करते पकड़े तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**बकेवर, इटावा।** थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र में कस्बा निवाड़ी कला व गांव विशनामई के पास कई दिनों से मिट्टी का खनन अवैध तरीके से किए जाने की सूचना मिल रही थी। पुलिस फोर्स के साथ छापा मारा तो वहां खनन करते तीन ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़े गए जबकि चालक तथा मजदूर भाग गए। खनन अधिकारी प्रदीप कुमार को बुलाकर मिट्टी से भरे तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज करवा दिए गए। ट्रैक्टर नंबरो से इनके मालिकों का पता लगाया जा रहा है।


शिक्षकों को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

### इटावा के तीन शिक्षक उत्तराखंड में सम्मानित

**ताखा, इटावा।** देवभूमि उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में जनपद इटावा के विकासखंड ताखा के प्राथमिक विद्यालय नगला मके के सहायक अध्यापक राम जी, उप्रा विद्यालय सोरो के सहायक अध्यापक अमित सिंह,बसरेहर के प्राथमिक विद्यालय थुलरई के सहायक अध्यापक सुमित दीक्षित को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु श्री देव सुमन राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान 2024 सम्मानित किया गया। 7 जून को भारत के प्रमुख शिक्षाविदों, समाजसेवियों, कवियों, रचनाकारों व लेखकों के मध्य संगोष्ठी का आयोजन देहरादून के रॉयल कैनन होटल में किया गया, जिसमें देश के सभी राज्यों में चल रही शिक्षा प्रणाली में सुधार, उच्च गुणवत्ता बच्चों का शिक्षा से जुड़ाव व नवाचार आदि विषयों पर मंथन किया गया। मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक एससीईआरटी उत्तराखंड कंचन देवराड़ी, सहायक निदेशक एससीईआरटी उत्तराखंड केएल बिजलव्यान, डायट प्राचार्य चमोली आकाश शाश्वत, केकड़ी राजस्थान प्रबोधक धर्मचन्द आर्य एवं विश्व शांति पुरस्कार से सम्मानित फाउंडर शिक्षा सागर फाउंडेशन शैलेश भाई प्रजापति एवं अंतरराष्ट्रीय समाज सेविका उत्तराखंड नंदी बहुगुणा शामिल हुए। समारोह का संचालन राजीव थपलियाल द्वारा किया गया।

### तमंचा और कारतूस बरामदस, युवक गिरफ्तार

**इटावा।** प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा अपनी टीम के साथ गस्त पर थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक युवक संदिग्ध अवस्था में अमरसी पुर तिराहे के पास खड़ा है। वह किसी वारदात को अंजाम दे सकता है। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से तमंचा, कारतूस बरामद हुए। आरोपी ने अपना नाम हरकेश यादव पुत्र महावीर सिंह निवासी ग्राम कुबेरपुर, थाना एलाऊ जनपद मैनपुरी बताया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

### हत्या में उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी की मौत

**इटावा।** सेंट्रल जेल के जेल अधीक्षक डॉ. रामधनी सिंह ने बताया कि जिला कन्नौज के थाना ठठिया क्षेत्र के गांव पथरपुर के रहने वाले 69 वर्षीय राम प्रकाश पुत्र द्वारिका प्रसाद को कल्याण थाना क्षेत्र में हुए एक हत्या केस में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। कानपुर नगर की जेल से एक अक्टूबर 2023 को उसे सेंट्रल जेल में भेजा गया था। शनिवार की शाम को अचानक पेट दर्द तथा सांस लेने में दिक्कत होने पर उसे सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई। उनके आने पर शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### ट्रेन से गिरकर ग्रामीण गंभीर रूप से घायल

**जसवन्तनगर।** कन्नौज जिले गांव कुल्लू खेड़ा के रहने वाला उमाशंकर का पुत्र कुलदीप रविवार को दिल्ली से 12452 श्रम शक्ति एक्सप्रेस ट्रेन में बैठकर कानपुर की तरफ जा रहा था। जब ट्रेन भदान रेलवे स्टेशन से निकल कर-बलरई स्टेशन के पास पहुंची तो वह ट्रेन से गिर गया। जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे सीएचसी में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया।

### छत से गिरकर अधेड़ की गई जान

**इकदिल।** थाना क्षेत्र के गांव कथगंवा रहने वाले 50 वर्षीय दरोगी लाल रविवार सुबह 10 बजे अपने मकान में लेंटर डलवा रहे थे। उनके बेटे दुर्वेश ने बताया कि तभी अचानक वह छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### बच्चे को पिलाई शराब, हालत बिगड़ी

**कालपी जालौन।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हीरापुर में कतिपय लोगों के द्वारा 5 वर्षीय बालक को शराब पिला दी गई। इससे बालक की हालत खराब हो गई। परिजन उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी ले गए जहां बच्चे का उपचार किया जा रहा है। सीएचसी के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गोपाल द्विवेदी ने बताया कि रविवार की सुबह 10 .30 बजे हीरापुर गांव के रहने वाले 5 वर्षीय कार्तिक पुत्र नीतू को उसकी मां उषा के अस्पताल में लेकर आई। बच्चे को शराब पिलाई गई थी, इस पर बच्चे को भर्ती कराया गया था। जिसका उपचार किया गया। अब बालक की हालत ठीक है।

# दो गांवों में आग लगने से झोपड़ी और पेड़ जले

## फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से आग पर पाया काबू



आग लगने से खाक हुई झोपड़ी और पेड़। अमृत विचार



आग से जलकर खाक हुई दुकान।

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** रविवार को थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में भीषण गर्मी के चलते अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे कुछ पेड़ व झोपड़ी जलकर राख हो गए।

क्षेत्र के ग्राम हजियापुर निवासी राधेश्याम पुत्र मिश्रीलाल के बाग में अज्ञात कारणों से आग लग गई। ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग से एक झोपड़ी और कुछ सूखे पेड़ जल गए हैं। वहीं थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर अड्डा निवासी ओमकार नायक पुत्र रमेश के खेत में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ों में भी अज्ञात कारणों से आग लग गई है। आग लगने से कुछ पेड़ जलकर गए जिससे किसान का नुकसान हुआ है।

# पल्लवी का हत्यारोपी पति पुलिस की गिरफ्त में

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के गांव असेनी के समीप आम के बाग में शुक्रवार सुबह पत्तों के ढेर के बीच महिला का शव मिला था। शनिवार को मृतका के पिता पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे थे। उन्होंने बेटी की गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। मृतका के पति, सास व ससुर पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शनिवार देर शाम घटना के बाद से फरार पति को दिबियापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

लखनऊ शहर के थाना नाका हिंडोला मोती नगर निवासी रामशंकर तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 फरवरी को उसने अपनी बेटी पल्लवी (20) का साईं ट्रस्ट ऐशबाग में सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहायल थाना क्षेत्र के गांव बरू निवासी सुमित कुमार के साथ शादी कराई थी। आरोप कि बेटी जब ससुराल पहुंची तो ससुराली दहेज की मांग करने लगे।



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी पति और सास-ससुर। अमृत विचार

### यह था मामला

मोती नगर निवासी रामशंकर की बेटी पल्लवी की पांच वर्ष पहले औरैया सहायल के गांव बर्रा निवासी सुमित के साथ शादी हुई थी। पांच जून को सुमित पत्नी को लेकर लखनऊ जाने की बात कहकर घर से निकला था। शुक्रवार शाम करीब चार बजे पल्लवी का शव संदिग्ध हालत में गांव से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित असैनी स्थित राम बल्लभ तिवारी के आम के बाग में पड़ा मिला था।

करीब एक माह पहले पल्लवी मायके में थी।

29 मई को दामाद सुमित राठौर बेटी पल्लवी को ससुराल ले गया। आरोप लगाया कि सात जून की शाम पल्लवी को असेनी समीप आम के बाग में ले जाकर पति सुमित, सास नीरज देवी व ससुर नरेंद्र ने गला दबाकर हत्या कर दी।

शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद पीड़ित परिवार लखनऊ के लिए निकल गया। अपर पुलिस अधीक्षक दिगंबर कुशवाहा ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर आरोपी पति, सास व ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है.। सास व ससुर हिरासत में हैं। वहीं शनिवार की देर रात पुलिस ने फरार पति को दबोच लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश चौहान ने बताया कि फरार पति सुमित को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया है।

# फल की दुकान में आग से हजारों का नुकसान

संवाददाता फफूंद, औरैया

- क्षेत्रीय लेखपाल ने मौका मुआयना कर प्रशासनिक मदद का भरोसा दिलाया

**अमृत विचार।** नगर के अछल्दा चौराहे पर फल की दुकान में आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा हजारों रुपये का सामान जल कर राख हो गया। दुकानदार को सुबह घटना की जानकारी हुई।

नगर के मोहल्ला मोतीपुर निवासी संजय कुशवाह, अछल्दा चौराहे पर फल की दुकान चलाते हैं। बीती रात दुकान में आग लग गई। आग लगने से उसमे रखे फल, आठ हजार रुपये, दो जूसर मिक्सी, सोलर प्लेट, इन्वर्टर और बैट्री जल कर राख हो गई।

सुबह दुकान खोलने पहुंचे फल विक्रेता को जानकारी हुई। क्षेत्रीय लेखपाल अंकित अग्रवाल मौका मुआयना करने के बाद प्रसासनिक मदद का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने भी परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है।

# भाइयों में मारपीट, आठ लोग घायल

संवाददाता बिधूना, औरैया

- कोतवाली बिधूना क्षेत्र के भिखरा सरैया गांव की घटना

**अमृत विचार।** कोतवाली बिधूना क्षेत्र के भिखरा सरैया गांव में रास्ते से गाड़ी निकालने को लेकर हुए विवाद में दो सगे भाइयों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें दोनों पक्षों से महिला पुरुष समेत आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है।

रविवार को कोतवाली क्षेत्र के भिखरा सरैया गांव में आम रास्ते से गाड़ी निकालने को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चलने लगे ।इस दौरान प्रथम पक्ष से कुलदीप सेंगर पुत्र प्रहलाद सिंह, प्रहलाद पुत्र बाबू सिंह, कौशल पुत्र प्रहलाद तथा शशि पुत्र प्रहलाद सिंह और मंजू पत्नी खेतान सिंह घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष से निशांत पुत्र अजय सिंह सेंगर, अर्जुन सिंह पुत्र शिव सिंह और आकाश सिंह पुत्र अजय सिंह घायल हुए हैं।

घटना के बाद दोनों पक्षों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में भर्ती कराया गया है ।जानकारी मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीकेश भारती पुलिस बल के साथ घटनास्थल और बाद में सीएचसी पहुंचे। जहां पूरे घटनाक्रम को लेकर जांच पड़ताल की। प्राथमिक उपचार के बाद आधा दर्जन लोगों को गंभीर स्थिति में मिनी पीजीआई सेंफई/तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीकेश भारती ने कहा कि दोनों पक्षों की तहरीर मिली है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### शराब बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**फफूंद।** पुलिस व आबकारी टीम ने रविवार को चेकिंग के दौरान क्षेत्र के ग्राम खजुआ रोड स्थित ईंट भट्ठा के पास से अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र उदय सिंह निवासी खजुआ, थाना फफूंद तथा सुरेंद्र पुत्र स्व. साधू राम निवासी दौलतपुर थाना फफूंद को गिरफ्तार कर उनके पास से 5 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों को निजी मुचलके पर रिहा कर दिया गया।

### ट्यूबवेल से स्टार्टर और टुल्लू पंप चोरी

**फफूंद।** थाना क्षेत्र के गांव कुडरा निवासी संतोष कुमार तिवारी के गांव के बाहर फफूंद-ककोर मार्ग पर स्थित खेतों पर ट्यूबवेल लगा है। बीती रात चोरों ने ट्यूबवेल कमरे का ताला तोड़कर उसमे रखा स्टार्टर, एक टुल्लू पंप, टूल बॉक्स चोरी कर ले गये। सुबह खेतों पर गए तब चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने चोरी की तहरीर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम ने बताया कि जांच की जा रही है।

### बिना रॉयल्टी के बालू ले जा रहे दो डंपर सीज

**अयाना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सीओ अजीतमल राममोहन शर्मा, खनन अधिकारी देशराज सिंह, थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल व एसआई हेमंत कुमार शनिवार देर शाम को जसवंतपुर तिराहा के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच बीझलपुर की ओर बालू लेकर आ रहे दो डंपरों पर तिरपाल न ड़ला होने की वजह से रोक लिया। चालक के द्वारा रॉयल्टी व अन्य कागजात न दिखा पाने पर दोनों डंपर को सीज कर थाना परिसर में खड़ा करवा दिया गया। सीओ ने बताया कि बालू लाद कर ले जाने वाले वाहन चालकों को तिरपाल डालकर बालू ले जाने के निर्देश दिए गए हैं। रॉयल्टी न होने की वजह से दोनों डंपरों पर कार्रवाई की गई है।

### उत्कर्ष का जेईई एडवांस्ड में शानदार प्रदर्शन



उत्कर्ष।

**औरैया।** देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में शुमार जेईई एडवांस्ड में शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल के छात्र उत्कर्ष गौतम ने शानदार प्रदर्शन से विद्यालय ही नहीं, माता पिता और शहर का नाम रोशन किया है। उत्कर्ष ने 1611वीं रैंक प्राप्त की है। इसी वर्ष 12वीं के बोर्ड परिणाम में 93% अंक प्राप्त किए थे। उत्कर्ष के भाई उत्पल ने बीते वर्ष शेमफोर्ड स्कूल में पढ़ते हुए 12वीं में टॉप किया था। शेमफोर्ड स्कूल के चेयरमैन डॉ. अनिल हाडा और संस्थापक सचिव देवेंद्र गुप्ता ने उत्कर्ष को शानदार सफलता की बधाई दी। देवेंद्र गुप्ता ने कहा कि शेमफोर्ड स्कूल में प्रबंधन, प्रिंसिपल और शिक्षकों का सामूहिक प्रयास और लक्ष्य औरैया के बच्चों को विश्वस्तरीय और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। प्रिंसिपल डा. मीनाक्षी नरुला ने कहा कि माता पिता के साथ उत्कर्ष ने शिक्षकों की मेहनत को भी सफल कर दिया।

### खड़े डंपर में घुसा बाइक सवार, गई जान

**ऐरावाकटरा, औरैया।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत उमरैन में निकले आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर आगरा से लखनऊ जाने बाली लाइन पर किमी 136.8 पर रविवार को लगभग 11 बजे एक डंपर नंबर यूपी 74 एटी 0229 खड़ा था। जिसमें पीछे से आया बाइक सवार टकरा गया। हादसे में मोटरसाइकिल चालक सुमित दलाल पुत्र नरेश कुमार निवासी गांव डवोदा, जिला झज्जर (हरियाणा) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पीजीआई सैफई भेजा गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। डंपर को थाने में खड़ा कराया गया। डंपर चालक अनिल कुमार पुत्र नुनीश निवासी नगला बढ़ई थाना सौरिख जिला कन्नौज व कडक्टर धीरज पुत्र हीरालाल निवासी तालपार नगरिया थाना सौरिख जिला कन्नौज को थाना पुलिस ने हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी संत प्रकाश पटेल ऐरवा कटरा ने घायल सुमित दलाल के परिजनों को फोन से सूचित किया।

### सुमित को मिला आईआईटी में प्रवेश



सुमित।

**बिधूना।** सहार क्षेत्र के गांव निवादा धांधू निवासी सुमित कुमार ने आईआईटी एडवांस की परीक्षा पास की है। आईआईटी मेंस में आपने 92.5 पर्सेंटाइल अर्जित की थी। सुमित ने अपने क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय स्वामी विवेकानन्द इंटर कॉलेज से वर्ष 2023 में इंटर की परीक्षा 86.2 प्रतिशत अंकों से पास की। आईआईटी एडवांस में आपकी कैटेगरी रैंक 3849 रही। सहार क्षेत्र के गांव निवादा धांधू निवासी किसान पिता सुरेन्द्र कुमार और ग्रहणी माता सुमन कुमारी के दो बेटे और एक बेटी है। सबसे छोटे बेटे सुमित कुमार ने इंटरमीडिएट परीक्षा पास करने के बाद गेल उत्कर्ष सुपर-100 कानपुर से तैयारी की है। गेल उत्कर्ष सुपर-100 एक आवासीय शैक्षणिक परियोजना है जो नारामऊ, कानपुर में स्थित है।

## एक नजर

### पति-पत्नी फिर से साथ रहने को हुए राजी

**ककोर।** जिले में पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देशानुसार महिला थाना प्रभारी रीना गौतम की अध्यक्षता में रविवार को 05 फाइलें दायर की गईं। इनमें एक का निस्तारण किया गया। सुनवाई के दौरान पाया गया कि पति-पत्नी आपसी मतभेद की वजह से कुछ दिनो से अलग रह रहे थे। परिवार टूटने की कगार पर था। महिला थाने में पति-पत्नी को समझा बुझाकर मनमुटाव दूर कराया गया। इसके बाद एक बार फिर से एक साथ रहने को राजी हो गए। उनको हंसी-खुशी विदा कर दिया गया।

### वाटर कूलर में उतरे करंट से युवक की मौत

**ककोर।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के जमौली में ब्रह्मदेव मंदिर के पास लगे वाटर कूलर से चंद्रपुर गांव निवासी महेंद्र पुत्र रघुवीर पानी पी रहा था। इसी दौरान वह वाटर कूलर में उतरे करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे उपचार के लिए सौ सैया अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। कंचौसी चौकी इंचार्ज घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया युवक की अस्पताल ले जाते मौत हो गई है ।जांच की जा रही है।

### भीषण गर्मी में राहगीरो को पिलाया शर्बत

**अछल्दा।** भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए कस्बा के हरीगंज बाज़ार में हनुमान मंदिर समिति की ओर से रविवार को ठंडा शर्बत वितरण किया गया। शर्बत पीकर राहगीरो ने राहत महसूस की। महेंद्र गुप्ता, कौशल गुप्ता, मुकेश गुप्ता, तन्नू तिवारी, अखिलेश शर्मा, अनिल पांडेय आदि मौजूद रहे।

# ग्राम सचिवालयों में सुविधाओं के लेखन का काम अधूरा

संवाददाता ककोर, औरैया



कामिनी गौतम डीपीआरओ।

- डीपीआरओ ने कहा, सचिवों पर की जाएगी कार्रवाई
- सेवा प्रदाता संस्थान व अधिकारियों के नाम अंकित करने को कहा

**अमृत विचार।** जिला पंचायत राज अधिकारी की ओर से सभी ब्लॉक के ग्राम सचिवालयों के सुंदरीकरण, उनके माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं के प्रचार-प्रसार के लिए दीवार लेखन के आदेश दिए थे। लेकिन ब्लॉक की कई पंचायतों में यह कार्य नहीं किया गया है। सभी पंचायतों से जानकारी मांगी जा रही है। इसके बाद ग्राम सचिव पर कार्य को अमल में ना ले जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

जिला पंचायत राज अधिकारी कामिनी गौतम ने बताया कि सभी ग्राम सचिवालय की दीवारों पर जन सेवा केंद्र द्वारा मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी का लेखन कराया जाना सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए गए थे। सभी ग्राम प्रधानों व सचिव को इस संबंध में लिखित जानकारी दी गई है। बहुत सी ग्राम पंचायत ने इस आदेश का पालन अभी तक नहीं किया है। उन सभी ग्राम पंचायत के सचिवों पर कार्य मे शिथिलता बरतने की कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि ग्राम सचिवालयों में पंचायत सहायक, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान का नाम और मोबाइल नंबर लिखे जाएं। सभी ग्राम में जन सेवा केंद्र के माध्यम से मिलने वाली सुविधाएं आय प्रमाण पत्र, खतौनी की नकल, कुटुंब रजिस्टर की नकल, दिव्यांग प्रमाण पत्र, कोविड टीकाकरण, छात्रवृत्ति आवेदन, शादी और बीमारी अनुदान, अत्याचार की शिकायत, दहेज प्रथा से पीड़ित महिलाओं की कानूनी सहायता, विधवा, बेसहारा महिलाओं की बेटी की शादी अनुदान का नाम, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना, मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना, जन शिकायत सेवा, लाइसेंस पंजीकरण, नवीन राशन कार्ड, राशन कार्ड संशोधन एवं नवीनीकरण रोजगार पंजीकरण, श्रमिक पंजीकरण योजनाओं हेतु आवेदन, शिकायत के आवेदन आदि को लिखना जल्दी सुनिश्चित किया जाए।। सचिवालय को रोजाना समय से खोला जाए। बहुत से सचिवालय में रोजगार सेवक उपस्थित नहीं दे रहे हैं उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

### बेसुध मिले युवक को परिजनों को सौंपा

**अछल्दा।** अछल्दा थाना क्षेत्र के बझेरा गांव के योगीराज ने श्रीकृष्ण महाविद्यालय के सामने एक युवक के बेसुध हालात में पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। कस्बा इंचार्ज सुरेश सिंह, उपनिरीक्षक पहलवान सिंह ने युवक को सीएचसी अछल्दा भेजा। जहा डॉ. ने बताया कि युवक ने ज्यादा शराब पी ली है जिससे वह बेसुध हालात में है। पुलिस ने जांच-पड़ताल की तो पता चला कि युवक कायम सिंह पुत्र सुरेशचंद्र निवासी रतनपुर एरवाकटरा का रहने वाला है। सूचना पर युवक के चाचा व भाई पहुंचे। पुलिस ने युवक को उनके सुपुर्द कर दिया। युवक के भाई जितेन्द्र ने बातया कि भाई सुसराल फफूंद थानाक्षेत्र के गांव भैसोल जाने के लिए सुबह 11 बजे निकला था।

# धूप से झुलस रहे बीवीपुर गौशाला के मवेशी

संवाददाता कुदरकोट, औरैया

- गौशाला में तेज धूप तथा गर्म हवा से बचने के लिए नहीं किए गए इंतजाम

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत बीबीपुर स्थित गौशाला में मवेशियों का तेज धूप और गर्म हवा से बुरा हाल हो रहा है। उनके लिए पर्याप्त भूसे का इंतजाम भी नहीं है। पेट न भरने से कई गोवंश कमजोर हो गए हैं। बीबीपुर गौशाला में 89 मवेशी हैं। शासन का सख्त निर्देश है कि गौशालाओं में मवेशी के लिए हरे चारे का इंतजाम किया जाए। इसके अलावा धूप से बचाव, दवाई की व्यवस्था करने के निर्देश हैं। लेकिन जिम्मेदार शासन क आदेश का मखौल उड़ाते नजर आ रहे हैं। अनदेखी के चलते टीन शेड के चारों तरफ न तो टीन लगाई गई है और न ही मवेशियो ठंडक पहुंचाने के लिए कूलर, पंखे लगाए गए हैं ।

टिन शेड चारों तरफ से खुले रहने के कारण गर्म हवाएं मवेशियों को झुलसा रही हैं। मौके पर देखने पर मवेशियों के लिए बनी नादो में सूखा चारा पड़ा मिला। ग्रामीणों की मानें तो मवेशियों को सूखा चारा ही दिया जा रहा है। हरा चारा न मिलने से मवेशियों की सेहत दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है। खंड विकास अधिकारी रमेश चंद्र ने बताया कि गौशाला में यदि कोई कमी है रह गई है तो उसे जल्द दूर कराया जाएगा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**ककोर।** औद्योगिक नगर दिबियापुर में रविवार को केंद्र में एनडीए की सरकार तीसरी बार बनने जा रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शाम 7:15 पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा। वही भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह जश्न मनाने की तैयारी कर ली है । इसी की खुशी में आज दिव्यापुर में श्री राम सेना के जिला अध्यक्ष आशीष दुबे तथा भाजपाइयों ने चौराहे पर पहुंचकर जश्न मनाया और 51 किलो लड्डू वितरित किए गए।

रविवार को सभी भाजपा पदाधिकारी ने दिबियापुर के चौराहे पर पहुंचकर नारो के साथ जय घोष किया । इसके बाद उत्साहित कार्यकर्ताओं ने मोदी योगी जिंदाबाद के नारे लगाए ।और कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश में तीसरी बार एनडीए सरकार बनने पर एक दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई देते हैं ।वही श्री राम सेना के जिला अध्यक्ष आशीष दुबे ने बताया कि केंद्र में एनडीए सरकार बनने पर हम सभी बहुत प्रसन्न हैं और नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे तेजी से विकास करेगा ।



केंद्र में एनडीए की सरकार बनने पर जश्न मनाते भाजपा नेता व कार्यकर्ता। अमृत विचार

# नहीं थम रहा गर्मी का कहर सड़कों पर छाया सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** रविवार को भी तापमान 40 के पार पहुंच गया। इसके चलते लोग गर्मी से बेहाल रहे। आसमान बादल मंडराते रहे लेकिन, वर्षा नहीं हुई। जबकि, मौसम वैज्ञानिक वर्षा होने के आसार जता रहे हैं। पूरे दिन 14 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से लू चलती रही। तापमान बढ़ने पर लोग पूरे दिन पसीना-पसीना होते रहे। लोगों ने नहरों और तालाबों में डुबकी लगाकर गर्मी से निजात पाई। दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। लोगों जरूरी कार्यों से सिर पर गमछा या स्कार्फ बांधकर निकले।

मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अगले पांच दिन मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। दिनों-दिन गर्मी बढ़ती जा रही है और पूरा दिन सूर्य देव आग बरसा रहे हैं। पिछले चार-पांच दिन से सड़क पर निकलने पर गर्म हवा के थपेड़े मुहं पर पड़ रहे हैं। चिलचिलाती धूप और लू चलने के कारण गर्मी से बचने को लोग बेल, गन्ने का शरबत पीते रहे।



धूप से बचने के लिए इस तरह सड़क पर निकली युवती। अमृत विचार

स्वास्थ्य से खिलवाड़ | युवाओं की फास्ट फूड खाने में सबसे ज्यादा तादाद, जिम्मेदार कार्रवाई में नहीं दिखा रहे दिलचस्पी

# फास्ट फूड के नाम पर दुकानदार लोगों को बेच रहे बीमारियां

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** औद्योगिक नगर दिबियापुर के रेस्टोरेंट से लेकर गली चौराहों तक सजी फास्ट फूड की दुकानें लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। शुद्धता की गारंटी के नाम पर दुकानदार आपको जहर परोस रहे हैं। फास्ट फूड खाने के शौकीन बच्चे इसके सेवन से डायरिया व अन्य बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। संबंधित विभाग भी इन दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करता नजर नहीं आता।

इस समय जिला अस्पताल में सबसे ज्यादा डायरिया तथा बुखार मरीज की तादाद सबसे ज्यादा है । उसके बावजूद भी खाद विभाग के अधिकारी इन दुकानों पर कोई भी सख्ती नहीं बरत रहे हैं। दिबियापुर में सबसे ज्यादा फास्ट फूड फफूंद रोड, वैदिक मार्केट पिज़्ज़ा हाउस नहर बाजार और बारसी पेट्रोल पंप के पास बेचा जा रहा है। भाई इनमें से अधिकतर दुकानदार कामर्शियल सिलेंडर की बजाय घरेलू सिलेंडर का भी प्रयोग कर रहे हैं।




सड़क पर बिक रहा फास्टफूड। अमृत विचार

### वजन बढ़ने का खतरा

फास्ट फूड्स के कारण जिन स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम सबसे अधिक होता है उनमें तेजी से वजन बढ़ना प्रमुख है। बर्गर, फ्राइज और तली भुनी चीजों में वसा, कैलोरी और अत्यधिक मात्रा में संसाधित कार्ब्स हो सकते हैं। अगर आप इसे अक्सर खाते हैं तो इससे वजन तेजी से बढ़ने का खतरा रहता है। वजन बढ़ने के कारण कई प्रकार की क्रोनिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे हृदय रोग और डायबिटीज का भी जोखिम हो सकता है।

### डायबिटीज के रोगियों के लिए घातक

फास्ट फूड्स और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में कार्ब्स की मात्रा अधिक होती है, जिसे आपका शरीर शर्करा में तोड़ता है। शरीर में रक्त शर्करा का अनियंत्रित स्तर होना कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिमों को बढ़ाने वाला माना जाता है। समय के साथ लगातार बढ़े रहने वाली शर्करा की स्थिति इंसुलिन बनाने वाले अग्न्याशय के लिए दिक्कतों को बढ़ाने वाली हो सकती है।

### गर्मी में बाजार के फास्टफूड खतरनाक

बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विजय आनंद ने बताया इस भयंकर गर्मी में बाजार में फास्ट फूड खाने से बच्चों के स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ रहा है। इन दिनों बच्चों को बाहर का बना हुआ फास्ट फूड बिल्कुल नहीं खाना चाहिए। इसके चलते डायरिया की शिकायत बढ़ गई है। साथ ही बुखार की समस्या भी तेजी से बढ़ रही है।



डॉ. विजय आनन्द ।

## एक नजर

### बिजली अभियंताओं ने दी मोदी को बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के बिजली अभियंताओं ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े गणतंत्र का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद ग्रहण करना बहुत गौरव की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में सार्वजनिक क्षेत्र में ऊर्जा क्षेत्र और सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि बिजली अभियंता मोदी के नेतृत्व में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए तत्पर हैं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के बाद चार जून को आए परिणाम में एनडीए को सरकार बनाने के लिए बहुमत मिला जिसके बाद मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने।

# कम नहीं हो रही बिजली की मांग, आपात कटौती शुरू

## अधिकतम मांग के समय हुई 250 मेगावाट की कटौती, ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में प्रदेश में बिजली की मांग थम नहीं रही है। रविवार को अधिकतम मांग 29,263 मेगावाट दर्ज हुई। मांग व उपलब्धता के बीच अंतर होने के कारण करीब 250 मेगावाट बिजली की आपात कटौती की गई। इससे ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित रहे। दूसरी ओर, स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, बिजली की मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज और अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही है, पर 'पीक आवर्स' में मांग के ज्यादा बढ़ जाने के कारण आपात कटौती करनी पड़ रही है। हालांकि, बाकी समय में सभी जिला मुख्यालयों के साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों, बुंदेलखंड क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित समय सारिणी के अनुसार, बिजली आपूर्ति मुहैया कराई जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि ओबरा सी परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता की बंद इकाई अभी चालू नहीं हो पाई है। हालांकि, बिजली अभियंता इस इकाई को चालू करने के प्रयास में लगे हैं। अभियंताओं ने रविवार की देर रात तक इस इकाई के चालू होने की उम्मीद जताई। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि बिजली की मांग लगातार घट-बढ़ रही है, इस कारण मांग में भी उतार-चढ़ाव जारी है। एसी व गर्मी से राहत देने वाले अन्य उपकरणों के इस्तेमाल के कारण बिजली की मांग ज्यादा बनी हुई है।

### बिजली आपूर्ति ठप

- रविवार को अधिकतम बिजली मांग 29,263 मेगावाट दर्ज



### बीते दिनों में बिजली की अधिकतम मांग

| | |
|---|---|
| 1 जून : | 29,322 मेगावाट |
| 2 जून : | 28,456 मेगावाट |
| 3 जून : | 28,648 मेगावाट |
| 4 जून : | 29,344 मेगावाट |
| 5 जून : | 28,880 मेगावाट |
| 6 जून : | 28,820 मेगावाट |
| 9 जून : | 29,263 मेगावाट |

### नई बिजली दरों के प्रस्ताव पर जल्द शुरू होगी कार्रवाई

**लखनऊ :** प्रदेश में नई बिजली दरों के प्रस्ताव पर राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से जल्द कार्रवाई शुरू होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने बीते नवंबर में दरों से संबंधित प्रस्ताव भेजा था। कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, आयोग की ओर से विस्तृत प्रस्ताव मांगें जाने पर कॉरपोरेशन उपभोक्ता श्रेणीवार प्रस्ताव भेजेगा। सूत्रों ने बताया कि कॉरपोरेशन दरों में बढ़ोतरी किए जाने पर विचार कर रहा है। बीते 5 वर्षों में कॉरपोरेशन अपने प्रस्तावों के जरिये दरों में बढ़ोतरी पर जोर देता रहा है, पर उपभोक्ताओं के विरोध के कारण दरें नहीं बढ़ सकी हैं। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा का कहना है कि इस बार भी दरें बढ़ने नहीं दी जाएंगी।

### हो रही 4400 मेगावाट आपूर्ति

**लखनऊ :** पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार, वर्तमान में राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बिजलीघरों से लगभग 4400 मेगावाट बिजली आपूर्ति हो रही है, जबकि बाकी बिजली अन्य स्रोतों से ली जा रही है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, ओबरा बिजलीघर से 1090 मेगावाट, अनपरा से 2257 मेगावाट, हरदुआगंज से 671 मेगावाट व पारीछा से 444 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई। अन्य बिजलीघरों में रोजाना 991 मेगावाट, बजाज एनर्जी से 226 मेगावाट, बजाज ललितपुर से 1850 मेगावाट, बारा से 1712 मेगावाट, मेजा से 1009 मेगावाट व अनपरा लैंको से 1105 मेगावाट बिजली आपूर्ति उपलब्ध हुई।

# भितरघातियों का ब्योरा मुख्यमंत्री को देने की तैयारी, होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दिल्ली से लौटने के बाद नेता- अधिकारी ही नहीं, एक-एक करीबी की भी कुंडली खंगालेंगे योगी
- मुख्यमंत्री तक भितरघातियों का नाम मय सबूत पहुंचाने की तैयारी में विश्वासपात्र
- हारे कई उम्मीदवारों ने खुलकर लगाया है अपनों पर साथ न देने का आरोप

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में एनडीए की बड़ी जीत में बाधक बनने वाले उप्र. के नेता व अधिकारियों के नाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने रखने की तैयारी है। मुख्यमंत्री के दिल्ली से लौटकर आने पर विश्वासपात्र चुनाव के दौरान भितरघात करने वाले एक-एक नाम का ब्योरा मय सबूत मुख्यमंत्री के सामने रखने की तैयारी में हैं। इन नामों पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मंत्रणा के बाद कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं, करीबियों की कुंडली भी खंगाली जानी है जो सही तस्वीर का बखान नहीं कर रहे थे। 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी से पहले ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाना प्राथमिकता पर है।

दरअसल, भितरघात का मामला गंभीर इसलिए है, क्योंकि इसको लेकर न केवल हारे हुए कई उम्मीदवारों ने आरोप लगाया है बल्कि कुछ जीते हुए सांसदों ने भी ऐसे ही संकेत दिए हैं। कुछ विधायकों से नाराज हैं तो किसी का आरोप है कि उन्हें स्थानीय संगठन के नेताओं का समर्थन अपेक्षानुरुप नहीं मिला। इसे लेकर पार्टी प्रमुख ने सभी जिला व महानगर इकाइयों से रिपोर्ट तलब की है। एक ओर संगठन स्तर से रिपोर्ट तैयार की ही जा रही है तो वहीं मुख्यमंत्री स्तर से भी उनके विश्वासपात्र पड़ताल कर सूचना दे रहे हैं।

उप्र. में सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा को मात्र 33 सीटें ही मिलीं। साथ ही हारे हुए प्रत्याशियों ने खुलकर भितरघातियों को कटघरे में खड़ा कर दिया। फतेहपुर सीट से चुनाव हारीं केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने तो हार के तुरंत बाद इस पर प्रतिक्रिया दे दी थी। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने जीत में सेंध लगाने वालों के नाम भी संगठन को दिए हैं। जालौन सीट से हारे केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने भी साध्वी की तरह क्षेत्रीय पार्टीजन में दो को आरोपी बताया है। हारीं सीटों कन्नौज, बांदा, इटावा, हमीरपुर में भी भितरघात की चर्चा है।

वहीं, उन्नाव से साक्षी महाराज जीते तो अवश्य, लेकिन काफी कम अंतर से, ऐसे में वह अपनों के असहयोग से वह दुखी हैं। इसी तरह चंदौली से भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय ने भी अपनी पीड़ा सीधे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तक पहुंचाने की बात कही। आंवला के मौजूदा सांसद धर्मेंद्र कश्यप की हार में भी भितरघात को कारण बताया जा रहा है। खीरी सीट पर केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी की सीट पर चुनाव के दौरान गुटबाजी दिखी। इलाहाबाद-कौशांबी धौरहरा लोकसभा सीट से हारीं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा और इलाहाबाद सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने संगठन के पदाधिकारियों को कुछ भितरघातियों के नाम बताए हैं। इन नामों में पुलिस-प्रशासन के अधिकारी भी हैं। ऐसे उदाहरण सलेमपुर, बलिया, आगरा, फिरोजाबाद, एटा से भी सामने आए।

### राजा भैया को लेकर भी सवाल

**लखनऊ :** संगठन के लिए बड़ा सवाल यह भी है कि कुंडा विधायक और जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया भाजपा से मैनेज क्यों न हो सके। जबकि उन्हें साधने के लिए केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान और कौशांबी से पार्टी प्रत्याशी विनोद सोनकर कुंडा की बेती कोठी पहुंचे थे। बाद में राजा भैया ने घोषणा की कि इस लोकसभा चुनाव में वह किसी भी दल को समर्थन नहीं देंगे। बावजूद इसके राजा भैया का राजनीतिक दांव क्षेत्र विशेष में भाजपा पर भारी पड़ा।

# 51 जिलों में शांतिपूर्ण संपन्न हुई बीएड प्रवेश परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित हुई परीक्षा

**अमृत विचार :** प्रदेश के 51 जिलों में रविवार को राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2024 आयोजित हुई। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में दो लाख 23 हजार 384 अभ्यर्थी शामिल हुए। इनमें एक लाख दो हजार 16 महिलाएं व युवतियां, एक लाख 21 हजार 367 पुरुष और एक ट्रांसजेन्डर अभ्यर्थी शामिल थे। यह जानकारी उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दी।

उन्होंने बताया कि प्रथम पाली में सामान्य ज्ञान व भाषा और द्वितीय पाली में अभिरुचि परीक्षण व विषय योग्यता की परीक्षा आयोजित हुई, जिनमें लगभग 90 फीसदी अभ्यर्थी उपस्थित रहे। उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि विश्वविद्यालय ने आधुनिक सर्विलांस सिस्टम आईसीसीसी के माध्यम से परीक्षा केन्द्रों की लाइव मॉनीटरिंग की। इसके अलावा, अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रीयल टाइम बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम से अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित हुई।

### पकड़े गए संदिग्ध

परीक्षा के दौरान, प्रयागराज और आगरा में कुल 22 अभ्यर्थियों की पहचान संदिग्ध पाई गई, जिनमें से 2 के खिलाफ पुलिस में प्राथमिकी दर्ज की गई। शेष अभ्यर्थियों को जांच के बाद परीक्षा में भाग लेने की अनुमति दी गई। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय और उनकी टीम ने निरन्तर मॉनीटरिंग करते हुए परीक्षा को सफल बनाया।

## योगी ने 'एक्स' पर मोदी को दीं शुभकामनाएं



**लखनऊ :** तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। योगी ने अपने एक्स हैंडल से मोदी को शुभकामनाएं दी हैं। इससे पहले योगी रविवार को मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने राष्ट्रपति भवन पहुंचे थे। उन्होंने लिखा, 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं, आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। आपकी अविराम साधना का ही प्रतिफल है कि पिछले 10 वर्षों में राष्ट्र का नव उत्थान हुआ है। गरीब, महिला, युवाओं के साथ ही देश के वंचित वर्ग का जीवन आसान हुआ है। योगी ने लिखा, प्रधानमंत्री का यह कार्यकाल निःसंदेह आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत की संकल्पना को साकार करते हुए भारत को विश्व में महाशक्ति के रूप में स्थापित करने वाला सिद्ध होगा।

# सामाजिक न्याय के मुद्दे से लोगों में पकड़ बनाए रखेगी कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग व ओबीसी विभाग की साझा बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में जीत से उत्साहित प्रदेश कांग्रेस सामाजिक न्याय के मुद्दे के जरिये लोगों में अपनी पकड़ मजबूत रखेगी, ताकि इसका लाभ आने वाले चुनावों में भी मिल सके। रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग व ओबीसी विभाग की साझा बैठक में इस पर संकल्प लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने कहा कि संविधान बदलने की बात करने वाले अब संविधान के आगे नतमस्तक हो गये हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रदर्शन के पीछे पार्टी का सामाजिक मुद्दा है। पार्टी नेता राहुल गांधी ने संविधान बचाने, जातिगत जनगणना शुरू कराने, जनसंख्या के अनुसार आरक्षित वर्ग के लोगों को उनका अधिकार दिलाने आदि मुद्दे उठाये थे। चुनाव में इसका लाभ मिला। अब पार्टी इन वर्गों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन मनोज यादव ने कहा कि पार्टी पिछड़े वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि चुनाव घोषणा पत्र में किये गये वादों के अनुसार, पार्टी लोगों को न्याय दिलाने का काम करेगी। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता डॉ राहुल राजभर, अरशद खुर्शीद, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर शमीम खान, डा अलीमुल्लाह खान आदि ने संबोधित किया।

### न्याय की आवाज को घर-घर पहुंचाना होगा

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रविकांत ने कहा कि यह पार्टी के सामाजिक न्याय के एजेंडे की जीत है। हमें इस पर लगातार चलना होगा। प्रोफेसर अजय आर्य ने कहा कि सामाजिक न्याय के विमर्श को और ताकत देगी होगी। सामाजिक संगठनों में भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। सामाजिक कार्यकर्ता ताहिरा हसन ने कहा कि सामाजिक न्याय की आवाज को हमें घर-घर तक पहुंचाना होगा। यह केवल चुनावी मुद्दा नहीं होना चाहिए।

# आगामी भर्ती परीक्षा को लेकर सक्रिय हुई एसटीएफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आरओ-एआरओ व सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक 300 गिरफ्तार
- जुलाई में जारी हो सकती है सिपाही भर्ती परीक्षा की अधिसूचना

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा की अधिसूचना जुलाई में जारी हो सकती है। इसके लिए बोर्ड स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। वहीं, इस बार धांधली अथवा प्रश्नपत्र लीक जैसी घटना न हो, इसके लिए एसटीएफ ने भी कमर कस ली है। अधिसूचना जारी होने से पहले एसटीएफ की टीम पूरे प्रदेश में सक्रिय हो गई है। फिलहाल विगत आरओ-एआरओ व सिपाही भर्ती परीक्षा मामले में अब तक 300 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

धांधली मुक्त परीक्षा कराना एसटीएफ के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र आउट होने के बाद सरकार की खूब किरकिरी हुई थी। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परीक्षा को निरस्त करते हुए छह महीने में दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दिया था। बोर्ड ने उसी हिसाब से तैयारी भी शुरू कर दी थी। अब सूचना मिल रही है कि सिपाही भर्ती परीक्षा की अधिसूचना जुलाई में जारी हो सकती है। ऐसे में एसटीएफ अलर्ट मोड पर आ गई है। एसटीएफ के लिए सबसे बड़ी चुनौती धांधली मुक्त परीक्षा कराना है। हालांकि पिछली भर्ती परीक्षाओं का प्रश्नपत्र आउट कराने के मामले में एसटीएफ ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। अब तक 300 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। कार्रवाई का डर बनाए रखने के लिए लगातार धरपकड़ अभियान जारी है।

# छह हजार से अधिक युवाओं के उद्यम स्वीकृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के सामने प्रस्तुत की गई राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक रिपोर्ट में इस प्रगति को साझा किया गया। इसके मुताबिक, राज्य में अब तक छह हजार से अधिक युवाओं के छोटे-बड़े उद्यमों को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत स्वीकृत किया जा चुका है। वहीं, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत स्वीकृत हुए 723 इकाइयों में से 605 को धनराशि प्रदान की जा चुकी है।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक और बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक समीर रंजन पांडा के अनुसार युवाओं को स्वरोजगार देने के अंतर्गत 7500 यूनिट्स को धनराशि प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया था।


## वर्ग पहेली-96

**बाएं से दाएं**

1. 1. चैत में पकने वाला दलहन समूह का एक प्रसिद्ध पौधा, होला 2. इस पौधे से प्राप्त दाना जो भूनकर
5. साबूदाना।
6. कीचड़ आदि के कारण नाली में जल-प्रवाह का अवरुद्ध हो जाना।
7. 1. खर-खर की आवाज़ के साथ गले से बलगम निकालने की स्थिति 2. बलगम, खखार।
8. झांझड़ी, पायल, पैजनी।
9. 1. पशु शावक, छोटा बच्चा 2. छोटा कल्ला, छोटा पौधा 3. मकान बनाने की जगह।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. प्रतिकूल, अननुकूल 2. जिसकी शारीरिक स्थिति में शिथिलता हो।
3. वैश्विक स्तर पर अपनाई गई नई अर्थव्यवस्था जिसमें उद्योग-धंधों की उन्नति के लिए उनके पक्ष में आर्थिक नीतियों को उदार बनाया जाता है।
4. 1. खेदजनक 2. दुखद।
6. 1. तेज़ धार वाला 2. व्यवहार में खरा और साफ़ 3. सभी प्रकार से ठीक 4. जिसमें किसी प्रकार की मिलावट न हो।




### वर्ग पहेली -95 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 कें | स | ल | | 2 वि | के | ट |
| | | | | भा | | |
| | 3 वि | | 4 दे | व | की | य |
| 5 वि | चा | र | वा | न | | |
| | र | | गा | | 6 भ | |
| | शी | | 7 र | स | वा | न |
| 8 खि | ल | त | | | नी | |

## सुडोकू -9

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 7 | | 1 | | | |
| | 8 | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | | 9 | 5 | 3 | 4 | |
| | 4 | | 9 | | | | 2 | 1 |
| 8 | | | | | | | | 7 |
| 5 | 3 | | | | 6 | | 9 | |
| | 6 | 9 | 8 | 2 | | | 1 | 5 |
| | | | | 4 | | | 6 | |
| | | | 6 | | 3 | | 8 | |

### सुडोकू - 8 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 9 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 6 | 8 |
| 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 |
| 4 | 8 | 9 | 6 | 1 | 3 | 5 | 7 | 2 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 3 | 6 | 8 | 5 | 9 |
| 6 | 3 | 8 | 2 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 1 | 5 | 4 | 7 | 8 | 3 | 2 | 6 |

**जनधन योजना** — कुल 9.33 करोड़ जनधन खाताधारक, 6.14 करोड़ को जारी हो चुका है रूपे कार्ड, लगभग पांच करोड़ महिलाएं हैं जनधन खाता धारक

# जनधन खाता खुलवाने में उप्र अव्वल, महिलाओं की संख्या सर्वाधिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- देश में जनधन खाता धारकों की सर्वाधिक 18 प्रतिशत संख्या उप्र में

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत खाता खुलवाने के मामले में प्रदेश शीर्ष पर पहुंच गया है। देश में जनधन खाताधारकों की सर्वाधिक 18 प्रतिशत संख्या प्रदेश में है। खाता धारकों में महिलाओं की संख्या सर्वाधिक लगभग 5 करोड़ है। कुल 9.33 करोड़ जनधन खाताधारकों में से 6.14 करोड़ खाता धारकों को रूपे कार्ड जारी हो चुका है।

शासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, इस सिलसिले में वित्त मंत्रालय की ओर से रिपोर्ट जारी की गई है। मंत्रालय के डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में कुल 9 करोड़ 33 लाख 66 हजार 265 खाताधारक हैं। 29 मई तक के इन आंकड़ों पर नजर डालें तो इनमें 6 करोड़ 71 लाख 78 हजार 705 खाताधारक ग्रामीण और अर्धशहरी इलाकों के निवासी हैं, जबकि दो करोड़ 61 लाख 87 हजार 560 खाताधारक शहरी और मेट्रो सिटी में रहने वाले गरीब हैं। 9.33 करोड़ खाताधारकों के खातों में कुल 47,427.21 करोड़ रुपये जमा हुए हैं। प्रदेश में रूपे कार्डधारकों की संख्या 6 करोड़ 14 लाख 39 हजार 64 है, जो देश में सर्वाधिक है। इसके अलावा देश में महिला जनधन खाताधारकों की संख्या जहां 29.11 करोड़ है, वहीं प्रदेश में यह संख्या लगभग पांच करोड़ है।

### एक वर्ष में खुले 65 लाख नए खाते

वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश में लगभग 65 लाख जनधन खाते खोले गए हैं। इनमें से अब तक 91 प्रतिशत से अधिक खातों के आधार सीडिंग का कार्य पूरा हो चुका है। मार्च 2023 तक प्रदेश में जनधन खातों की संख्या 8.68 करोड़ थी जो मार्च 2024 में बढ़कर 9.28 करोड़ पहुंच गई।

### एक लाख का दुर्घटना बीमा भी शामिल

प्रधानमंत्री जनधन योजना में प्रत्येक परिवार के लिए कम से कम एक मूल बैंकिंग खाता, वित्तीय साक्षारता, ऋण की उपलब्धता, बीमा व पेंशन सुविधा समेत सभी बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा लाभार्थियों को रूपे डेबिट कार्ड दिया जाता है, जिसमें एक लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर भी शामिल है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 16.14 तक तत्पश्चात पंचमी।

**मेष:** आज आप नया कुछ सीखने का प्रयास कर सकते हैं। आप अपनी उपलब्धियों को लेकर कुछ कुण्ठित हो सकते हैं। परिवार को लेकर चिन्ता हो सकती है। जिस काम में आपको जोखिम की संभावना दिख रही है, फिलहाल उसे टालना हितकर होगा।

**वृष:** आज आप अपने काम को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। उच्चाधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। लोग आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। आप सबकी अपेक्षाओं पर खरे भी उतरेंगे। आज आप किसी यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**मिथुन:** आज आपको अपनी प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी। अधिकारियों के साथ तनाव हो सकता है। घर के बुजुर्ग जातकों की सेहत का ध्यान रखें। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। अपनी वाणी पर संयम रखें। अनावश्यक दौड़-धूप में अपना समय बर्बाद न करें।

**कर्क:** आज आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। लोग आपसे काफी कुछ सीखना चाहेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपका समय बीतेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ायेगा। यदि आप नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो दिन आपके लिए अनुकूल है।

**सिंह:** आज व्यवसाय में हानि होने की संभावना है। आज आपको किसी भी बड़ी डील को लेकर जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। मशीनों के रखरखाव में सावधानी रखें। विदेश यात्रा में परेशानियां संभव है। आपको अपनी सुविधाओं का ध्यान रखना होगा।

**कन्या:** आज कार्यक्षेत्र में आपके नए मित्र बन सकते हैं। आज कई अटके हुए कार्यों को शुरू करेंगे। शत्रुओं के ऊपर आपका दबाव बढ़ेगा। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। अधीनस्थ कर्मचारी आपके लिए काफी अच्छा कार्य करेंगे।

**तुला:** आज आप नए कारोबार की तरफ बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट से जुड़े कार्यों में उत्तम सफलता मिल सकती है। बुरे लोगों की संगत से आपको बाहर निकल जाना चाहिए। धार्मिक कार्यक्रमों के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा। लोगों की मदद करने से आपका सामाजिक सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक:** आज कई लोग आपसे ईर्ष्या का भाव रख सकते हैं। व्यावसायिक संबंधों को लेकर आपके मन में शंका का भाव रहेगा। आज किसी से ज्यादा सहयोग की अपेक्षा न करें। आज आपको स्वत: की आगे बढ़ना होगा। पारिवारिक जीवन शान्तिपूर्वक बीतेगा।


**धनु:** आज आपको अपनी सेहत का काफी ध्यान रखना होगा। पेट से जुड़े विकार आपको परेशान कर सकते हैं। परिजनों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। किसी अध्यात्मिक संस्था से आपका जुड़ाव हो सकता है।

**मकर:** आज आपके सहयोगी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी पदोन्नति को लेकर चर्चा होगी। राजनीतिक चर्चाओं में आप समय बिता सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा, लेकिन आपका मन काम के बजाय अन्य गतिविधियों में ज्यादा होगा।

**कुंभ:** आज दिनचर्या को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं। आपकी इच्छानुसार काम न होने से मन कुछ अप्रसन्न होगा, किन्तु आपके मौके कम नहीं हुए हैं। यात्रा आपके लिए विशेष लाभदायक रहेगी। यदि आप किसी जॉब में हैं, तो उसमें बदलाव को लेकर भी कुछ विचार बना सकते हैं।

**मीन:** आज आपके मन में तनाव रहेगा। भविष्य को लेकर चिंता रहेगी। कानूनी मामलों को लेकर कुछ सावधानी रखने की आवश्यकता है। इस समय अपना मन शांत रखें और नए विकल्पों पर विचार कर सकते हैं। आप अपनी व्यवहारकुशलता से लोगों को अपने पक्ष में कर सकते हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 21.40 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

## आज की फिल्में

- लश्कर — सुबह : 08.09
- एक और एक ग्यारह — शाम : 06.18
- द कराटे किड — सुबह : 10.58
- जनहित में जारी — रात : 08.00
- स्पाइडर-मैन : फार फ्रॉम होम — सुबह : 10.32
- द रेड 2 — शाम : 06.36
- हैलो चार्ली — सुबह : 09.35
- ज़माने को दिखाना है — शाम : 06.00
- जीने नहीं दूंगा — सुबह : 11.30
- भगवंत केसरी — रात : 07.50

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर सुबह : 09.35 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- मुझे एक कुत्ता खरीदना है।
पति- तुम्हें कुत्ता ही क्यों खरीदना है?
पत्नी- ताकि तुम्हारे ऑफिस जाने के बाद कोई तो मेरे आगे पीछे दुम हिलाने वाला हो।

एक दिन चिंटू पंडित जी के पास गया।
पंडित - तुम्हारी कुंडली में धन ही धन लिखा है।
चिंटू - वो तो सब ठीक है पंडित जी लेकिन ये तो बताइए इस धन को बैंक में कैसे ट्रांसफर करूं।
पंडित बेहोश!

# बेअसर हुआ एमडी का फरमान, बिजली किल्लत बवाले जान

## हाल ही में दक्षिणांचल विद्युत निगम के प्रबंध निदेशक ने कसे थे अफसरों के पेंच, बीते दो दिनों से शहर की बिजली व्यवस्था फिर चरमराई

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात, यह पंक्तियां बांदा शहर की बिजली व्यवस्था के लिए बिलकुल सटीक बैठती हैं। बीते दिनों ध्वस्त विद्युत आपूर्ति की शिकायतों के चलते दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अमित किशोर ने यहां डेरा डालकर अफसरों के पेच कसे तो व्यवस्था में थोड़ा सुधार तो आया, लेकिन शहर के लोगों को ये खुशी महज दो दिन तक ही मिल सकी। बीते दो दिनों से शहर की विद्युत व्यवस्था एक फिर पटरी से उतर गई है और लोग बिजली के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। भीषण गर्मी के मौसम में शहर के लोग कराह रहे हैं। उधर बिजली विभाग के अफसर व्यवस्था में सुधार का भरोसा दिलाकर लोगों को लालीपॉप थमा रहे हैं।

प्रदेश की सरकार भले ही रोस्टर के अनुसार मंडल मुख्यालयों में 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने का दावा कर रही है, लेकिन हकीकत सरकारी दावों से बिलकुल इतर ही है। वास्तव में लोकल फाल्ट और ओवरलोड के नाम पर मंडल मुख्यालय में भी महज 12 से 15 घंटे ही विद्युत आपूर्ति मिल पा रही है। भीषण गर्मी के दौरान हो रही बिजली किल्लत से जहां शहरी जनता त्राहि-त्राहि कर रही है, वहीं जनप्रतिनिधि भी जनता की समस्याओं के निदान के लिए दिन रात एक करने पर मजबूर हैं।

हालांकि सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के प्रयासों के चलते पिछले सप्ताह ही दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अमित किशोर ने यहां मोर्चा संभाला था और दो दिन प्रवास करके खुद भी समस्याओं से रूबरू हुए थे। उन्होंने मातहतों को निर्बाध विद्युत ऑपूर्ति उपलब्ध कराने को लेकर सख्त आदेश भी दिए थे। इतना ही नहीं लंबे समय से खाली पड़े मुख्य अभियंता के पद पर आरिफ अहमद की तैनाती कर दी थी। लेकिन एमडी के फरमान का असर महज दो से तीन दिन तक ही देखने को मिला। अब शहर की बिजली व्यवस्था एक बार फिर से पुराने ढर्रे पर उतर आई है और लोग बिजली की झलक पाने के लिए तरस रहे हैं। आलम यह है कि शहर के कई मोहल्लों में जहां कई-कई घंटे तक बिजली गुल हो जाती है, वहीं कई इलाकों में बिजली की लुकाछिपी का खेल जारी रहता है।

बिजली विभाग के नकारा अफसर शहरी क्षेत्र में भी निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं, जिससे लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो रहा है। भीषण गर्मी के बीच लोग पसीना-पसीना हो रहे हैं और गंभीर बीमारियों का शिकार होकर अस्पतालों के चक्कर काटने को विवश हो रहे हैं। सबसे अधिक समस्या भूरागढ़, छोटी बाजार और कालूकुआ फीडर के करीब दर्जनभर से अधिक मोहल्लों में देखने को मिल रही है। बिजली किल्लत की समस्या को लेकर अब शहर के लोगों के सब्र का बांध टूटने लगा है और लोग आक्रोशित होकर अपना गुस्सा जाहिर करने लगे हैं। उधर बिजली विभाग के अफसर अपने पुराने रवैये को बदलने को तैयार नहीं हैं। बिजली से संबंधित जानकारी के लिए किए जाने वाले जनप्रतिनिधियों के फोन भी उठाने से गुरेज कर रहे हैं।

अफसरों की मनमानी का खामियाजा जहां आम जनता को भुगतना पड़ रहा है, वहीं शहर के विभिन्न मोहल्लों के सभासदों को आम लोगों की नाराजगी का शिकार होना पड़ रहा है। सदर विधायक के प्रतिनिधि रजत सेठ भी अपनी पूरी टीम के साथ बिजली विभाग की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने के लिए दिन रात एक किए हुए हैं, लेकिन बिजली विभाग के अफसरों की मनमानी के आगे उनके हौसले भी पस्त पड़ गए हैं।


लोकल फाल्ट दुरुस्त करता लाइनमैन। अमृत विचार


ट्रांसफार्मर ठीक करते विद्युत कर्मी। अमृत विचार


दिन में जलती स्ट्रीट लाइट। अमृत विचार

### सदर विधायक ने दिया दो दिन का अल्टीमेटम

- जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए सदैव तत्पर रहने वाले सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी भी बिजली विभाग के अफसरों की मनमानी से आजिज आ चुके हैं। उन्होंने बिजली विभाग के अफसरों को कई बार व्यवस्था सुधारने की हिदायत दी, लेकिन अफसरों के कान पर जूं तक नहीं रेंगती। अब विधायक ने मुख्यमंत्री कार्यालय को शहर में बिजली की ध्वस्त व्यवस्था से अवगत करा दिया है और विभागीय अफसरों को व्यवस्था में सुधार के लिए दो दिन का अल्टीमेटम दे दिया है। विधायक ने कहा है कि बिजली विभाग के अफसरों की मनमानी के चलते सरकार की छवि धूमिल हो रही है। ऐसे में सरकार की छवि को धब्बा लगाने की कारगुजारी बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अफसरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कराने के संकेत भी दिए हैं।

### सरकार विरोधी चर्चाओं से भरा सोशल मीडिया

- लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की करारी शिकस्त में बिजली विभाग के अफसरों की करतूतों को भी एक प्रमुख कारण माना जा सकता है। विद्युत आपूर्ति की खराब व्यवस्था से नाराज होकर मतदाताओं ने ईवीएम पर अपना गुस्सा जाहिर किया है। चुनाव के बाद अब खराब विद्युत व्यवस्था का ठीकरा सीधे योगी सरकार फूट रहा है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर बिजली कटौती से त्रस्त शहर के लोग अब खुलकर योगी सरकार के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों के विरोध में पोस्ट डालने लगे हैं। बिजली विभाग को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वालों में शहर के लोगों और विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं के साथ ही अब भाजपा के कार्यकर्ता भी शामिल हो गए हैं।

### व्यवस्था को मुंह चिढ़ाती रात-दिन जलती स्ट्रीट लाइट

- जहां एक ओर विद्युत विभाग के अधिकारी बिजली किल्लत और ओवरलोड का बहाना बताकर बिजली की अव्यवस्था के लिए आम जनता को ही जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। वहीं शहर के गली चौराहों पर लगी स्ट्रीट लाइटें दिन-रात लगातार जलती हैं। जिससे हजारों यूनिट प्रतिदिन बिजली की बर्बादी हो रही है। किसी भी जिम्मेदार का ध्यान इस ओर नहीं है। इन स्ट्रीट लाइटों को लेकर अफसर एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर अपना पल्ला झाड़ने का काम करते हैं। बिजली विभाग के अफसरों का कहना है कि स्ट्रीट लाइटों को जलाने बुझाने की जिम्मेदारी नगर पालिका की है, जबकि नगर पालिका के कर्मचारी यह जिम्मेदारी आसपास रहने वाले लोगों को देकर किनारा काट लेते हैं। नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित बासू ने इस संबंध में बताया है कि बंच केबल डालने के बाद स्ट्रीट लाइट बंद करने की व्यवस्था बिगड़ी है। इसे लेकर विद्युत विभाग के अफसरों से बात की गई। उन्होंने जल्द ही बंच केबल के साथ ही स्ट्रीट लाइट के लिए अलग लाइन बिछाने का भरोसा दिलाया है, अलग लाइन पड़ने के बाद यह समस्या समाप्त हो जाएगी।

# महाराजा छत्रसाल व महाराणा प्रताप का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- क्षत्रिय महासभा ने महापुरुषों की धूमधाम से मनाई जयंती

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने चिल्ला रोड स्थित एक निजी प्रतिष्ठान में बुंदेलखंड केसरी महाराजा छत्रसाल जूदेव बुंदेला तथा वीर शिरोमणि हिंदुवा सूर्य महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई और उनके जीवन आदर्शों पर चलने के प्रति संकल्प व्यक्त किया गया।

जयंती समारोह की अध्यक्षता कर रहे डॉ.जगरूप सिंह परिहार तथा महासभा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह परिहार ने संयुक्त रूप से दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह परिहार ने दोनों ही वीर क्षत्रिय महाशिरोमणियों के जीवनवृत्त पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनके द्वारा दिखाए गए शौर्य की प्रशंसा कर सीख गृहण करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डा.इंद्रवीर सिंह ने कार्यक्रम में वीर रस की कविताओं का काव्यपाठ कर वातावरण को वीर रस से ओतप्रोत कर दिया। वहीं पूर्व प्रधानाचार्य डा.भानु प्रताप सिंह ने महाराज छत्रसाल व महाराणा प्रताप पर स्वरचित रचनाओं द्वारा उपस्थित जनों को मंत्रमुगध कर दिया। महासभा के प्रवक्ता एसके सिंह ने अपने संबोधन में दोनों ही महापुरुषों के जीवनवृत्त से प्रेरणा लेने का आहवान किया। वहीं अरिमर्दन सिंह ने अपने पूर्वजों से सीख लेने और विभिन्न वर्गों को राष्ट्रहित में साथ लेकर चलने की जरूरत पर बल दिया। इस बीच पूर्व क्रीड़ाधिकारी सबल सिंह ने 11 से 20 जून तक योग शिविर संचालित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसे स्वीकार किया गया। इस पर सोमवार की सुबह 6 से 7 बजे तक योग का विशेष अभ्यास सिंह वाहिनी मंदिर परिसर में कराए जाने की जानकारी दी। महासभा के प्रवक्ता एसके सिंह ने महाराजा छत्रसाल की मूर्ति की स्थापना के लिए विशेष प्रयास करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसे ध्वनि मत से स्वीकार किया गया। इस अवसर पर पतिराखन सिंह चंदेल, सुरेन्द्र सिंह, प्रशांत सिंह भदौरिया, अजय सिंह गौर, कीरत कुमार आदि भी उपस्थित रहे।



महराजा छत्रसाल की जयंती मनाते क्षत्रिय समाज के लोग। अमृत विचार

# स्कूटी में टक्कर के बाद डंपर चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- हादसे में स्कूटी सवार मां-बेटा गंभीर रूप से घायल
- मृतक के साले ने पीट-पीट कर हत्या का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** डंपर चालक ने स्कूटी सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी। हादसे के कुछ देर बाद डंपर चालक की हालत बिगड़ गई। उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे में स्कूटी सवार मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के साले ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बाराबंकी जिले के पूरे गुरूदत्त कमाला निवासी राजबक्स उर्फ राजू सिंह (40) पुत्र नरेंद्र प्रताप सिंह डंपर चलाता था। वह शनिवार की शाम खाली डंपर लेकर आ रहा था। तभी चिल्ला थाना क्षेत्र के पलरा गांव के सामने से आ रही स्कूटी में टक्कर मार दी। इसमें स्कूटी सवार संतोष और उसकी मां रनुवा देवी घायल हो गईं। राजबक्स ने डंपर को खड़ा कर दिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उसकी मौत हो गई। पुलिस से सूचना पाकर परिजन भी आ गए।

मृतक के साले आशीष सिंह का कहना है कि राजबक्स तीन दिन पहले गांव से डंपर लेकर निकला था। आरोप लगाया कि स्कूटी में टक्कर लगने के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने राजबक्स को मारपीट कर मार डाला और जेब में पड़े 50 हजार रुपये भी छीन लिए। उधर, थानाध्यक्ष चिल्ला अनिल कुमार का कहना है कि ट्रक में शराब की शीशी मिली है। बतायाा कि नशे की हालत में लू लगने से डंपर चालक की मौत हुई है।

# बेटे को वर्दी में देख माता-पिता के छलके आंसू

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** निजी स्कूल में बतौर शिक्षक भानु प्रताप सिंह का सीना अपने इकलौते बेटे के सैन्य अधिकारी बनने से गर्व से चौड़ा हो गया। गया (पटना) स्थित आफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी से पास आउट हुए पुत्र के कंधे पर माता-पिता ने तरक्की के सितारे सजाए। पुत्र को सेना की वर्दी में देखकर माता-पिता की आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे।

मूल रूप से चिल्ला के लौमर गांव निवासी भानु प्रताप सिंह पेशे से निजी स्कूल में शिक्षक हैं। उनकी पत्नी सुमन गृहणी होने के साथ ही घर पर कपड़े सिलाई का काम करती हैं। माता-पिता ने विषम परिस्थितियों के बीच इकलौते पुत्र शिव प्रताप सिंह समेत तीन पुत्रियों शैलजा, महिमा और आस्था की पढ़ाई में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। बड़ी बहन इन दिनों पटना (बिहार) में सरकारी स्कूल में बतौर शिक्षक तैनात हैं।


पासिंग आउट परेड में अपने परिजनों के साथ शिव प्रताप सिंह। अमृत विचार

- विषम परिस्थितियों के बावजूद शिव प्रताप बने सैन्य अधिकारी

शनिवार को गया स्थित आफिसर्स ट्रेनिग एकेडमी से पास आउट हुए अपने लाडले के कंधों पर माता-पिता ने तरक्की के सितारे सजाए। बेटे को सेना की वर्दी में देख उनके चेहरे खिल उठे। आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। पारिवारिक पृष्ठभूमि से अलग हटकर बेटे ने राष्ट्र सेवा के लिए सेना में जाने का निर्णय लिया। माता-पिता का कहना है कि पुत्र ने उनका सीना वर्ग से चौड़ा कर दिया, जबकि शिव प्रताप सिंह का कहना है कि राष्ट्र सेवा के लिए सेना में जाने का सपना साकार हो गया।

# वाहनों से कुचल कर मर रहे गौवंश, प्रशासन बेपरवाह

- गौरक्षा समिति मुख्यमंत्री से करेगी शिकायत

**बांदा।** सड़क पर ओवरलोड वाहन आम लोगों के साथ ही गौवंशों के लिए काल बने हैं। आए दिन वाहनों से कुचलकर गौवंशों की मौत हो रही है। ताजी घटना में बांदा-महोबा बाईपास मार्ग पर ट्रक से कुचलकर गौवंश की मौत हो गई। गौरक्षा समिति जिलाध्यक्ष ने प्रशासन पर बेपरवाह होने का आरोप लगाया है। कहा कि मुखमंत्री से शिकायत कर दोषियों पर कार्रवाई कराई जाएगी।

महोबा रोड बाईपास के नजदीक सड़क किनारे बैठे गौवंश की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। राहगीरों ने सूचना गौरक्षा समिति जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति को दी तो कार्यकर्ताओं के साथ वह मौके पर गए। सूचना के बाद भी प्रशासन का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। सदर तहसील क्षेत्र के दुरेड़ी ग्राम प्रधान देवी दयाल सिंह ने सम्मान के साथ गोवंश का अंतिम संस्कार करा दिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि कुछ दिन पहले ही बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता के कार से कुचलकर गौवंश की मौत के बाद कोतवाली में दी गई तहरीर पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# 72 फीसदी से ज्यादा अभ्यर्थियों ने दी बीएड प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की अगुवाई में आयोजित बीएड प्रवेश परीक्षा जनपद में तीन केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच कराई गईं। परीक्षा के दौरान 72.43 फीसदी अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। पंजीकृत 1382 में 1001 अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा के पहले मुख्य गेट पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गई। परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई।

बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए पूरे जनपद में कुल तीन केंद्र निर्धारित किए गए थे। रविवार को सुबह पहली पाली 9 से 12 और दूसरी पाली दोपहर दो से पांच बजे तक परीक्षा आयोजित हुई। दोनों पालियों में पंजीकृत 1382 में 1001 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। 381 अभ्यर्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। प्रशासन के निर्देश पर केंद्र व्यवस्थापकों ने परीक्षा केंद्रों को सुबह आठ बजे से खुल दिए। परीक्षा के पहले मुख्य गेट पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गई। कड़ी जांच पड़ताल के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। सेक्टर मजिस्ट्रेट भी परीक्षा केंद्रों में निगरानी करते रहे। केंद्रों में अंदर की कमान संभालने के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे। बीएड प्रवेश परीक्षा सकुशल और नकल विहीन खत्म होने के बाद प्रशासन व केंद्र व्यवस्थापकों राहत की सांस ली। जनपद में डीएवी इंटर कालेज, आदर्श बजरंग इंटर कालेज व राजकीय महिला महाविद्यालय परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।


बीएड प्रवेश परीक्षा में शामिल परीक्षार्थी। अमृत विचार

### गणित व सामान्य ज्ञान के सवालों से छूटा पसीना

रविवार को आयोजित हुई बीएड प्रवेश परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों में भाग लिया। यहां कमासिन से परीक्षा देने आई आकांक्षा ने बताया कि बताया की बीएड प्रवेश परीक्षा का प्रश्न पत्र सिलेबस के अनुरूप ही रहा। प्रश्न पत्र में गणित, अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल, सिविक्स, हिंदी, अंग्रेजी आदि विषयों के प्रश्न पूछे गए। अतर्रा के राहुल तिवारी ने बताया कि गणित में प्वाइंट वाले प्रश्न थोड़े कठिन थे। वहीं हिंदी में दिए गए ग्राफ में एक घुमा कर पूछा गया जबकि दूसरा आसान था। जबकि अन्य विषयों से संबंधित प्रश्न आसान रहे, उनके जवाब देने में कठिनाई नहीं हुई।

# युवक ने फांसी लगा कर जान दे दी

**बांदा।** मर्का थाना के इंगुवा गांव निवासी सुनील (30) पुत्र देवराज सबिता ने शनिवार की रात कमरे के अंदर छप्पर की धंन्नी में अगौछा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। सुबह पत्नी नंदनी की ने शव फंदे पर लटकता देखा तो चीख पड़ी। शोर सुनकर परिजन पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के परिजनो ने बताया कि सुनील नशे का आदी था। अक्सर पत्नी से विवाद होता रहा था। नौबत मार पीट तक पहुंच जाती थी। रात में भी पति पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसी से नाराज होकर उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

**चुनाव बाद शुरुआत** तहसील प्रशासन के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने लिया फैसला, पुल पर होना है मरम्मत कार्य

# पैलानी पुल पर 9 दिन के लिए आवागमन पर लगी रोक

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- पुल के नीचे से ग्रामीणों को निकलने के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाने की मांग
- हमीरपुर और फतेहपुर जिले से आने-जाने वाहनों के लिए बढ़ी दिक्कत

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने पैलानी तहसील प्रशासन के अनुरोध पर पैलानी कस्बा स्थित केन नदी पर बने पुल मरम्मत कार्य के चलते नौ दिनों तक सभी वाहनों के गुजरने पर रोक लगा दी। पुल मरम्मत कार्य के चलते नौ दिनों तक सीमावर्ती हमीरपुर और फतेहपुर जिले से आने वाले सभी वाहन नहीं गुजर सकेंगे। उधर, क्षेत्रीय पुल पर सभी तरह के वाहनों के गुजरने पर किसान नेता ने रोक लगाए जाने पर नाराजगी जताई है। कहा कि आवागमन के लिए प्रशासन को वैकल्पिक व्यवस्था करना चाहिए।

पैलानी कस्बा स्थित केन नदी पर बने पुल से भारी वाहनों के गुजरने से यह काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। कुछ दिनों पहले पैलानी तहसील प्रशासन ने जिलाधिकारी से पुल पर भारी वाहनों के गुजरने पर रोक लगाने का अनुरोध किया था।

इस पर डीएम ने पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से तीन टन से अधिक भार वाले सभी आवागमन पर अग्रिम आदेशों तक के लिए आवागमन पर रोक लगा दी थी। जबकि हल्के वाहन पुल से गुजर रहे थे। रविवार को डीएम ने पुल की मरम्मत को ध्यान मे रखते हुए सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर 18 जून तक के लिए रोक लगा दी है। नौ दिनों तक सीमावर्ती हमीरपुर और फतेहपुर जिले से और स्थानीय स्तर पर सभी प्रकार के वाहन नहीं गुजर सकेंगे। उधर, किसान नेता पुष्पेंद्र सिंह चुनाले ने यह जानकारी देते हुए कहा है कि प्रशासन द्वारा पुल बंद करने से पूर्व आमजन के हित को ध्यान में रखते हुए आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जसपुरा क्षेत्र के निवासियों को यदि तहसील में कोई काम हैं तो वह पैलानी तहसील बमुश्किल से पहुंच पाएगा। इतना ही नहीं यदि किसी बीमार का इलाज कराना या कचहरी में तारीख करना है अथवा कोई अन्य काम करना है तो पुल का आवागमन बंद होने से लोगों के सामने गंभीर परेशानियां सामने आ जाएगी।

उन्होंने कहा कि मरम्मत के लिए पुल को बंद करना प्रशासन का निर्णय निश्चित ही बेहतर है, लेकिन क्षेत्र के लोगों को आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था न किया जाना निराशाजनक है। उन्होंने जिला प्रशासन से पुल की मरम्मत के साथ पुल के नीचे से वैकल्पिक मार्ग बनाकर क्षेत्रीय लोगों को आवागमन की सुविधा सुलभ कराए जाने की मांग की है।


सड़क पर मिट्टी डालकर बंद किया गया पैलानी मार्ग। अमृत विचार

# सुखारीपुरवा को सड़क की सौगात जल्द

संवाददाता, नरैनी

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के सुखारी पुरवा गांव के ग्रामीणों को जल्द मिलेगी सड़क की सौगात। अधिकारियों ने वन विभाग की जमीन पर सड़क का सीमांकन कर चिह्न लगा दिए हैं। ज्ञात रहे ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार किया था। सड़क बनाने के वादे पर ही वोट डालने को तैयार हुए थे।

कालिंजर क्षेत्र में कभी दस्यु प्रभावित क्षेत्रों में शुमार रहे नौगवां गांव का मजरा सुखारी का पुरवा जंगल क्षेत्र में आबाद होने के कारण यहां अभी तक गांव को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग नही बन पाया है। परेशान ग्रामीणों ने 20 मई को वोट डालने से साफ मना कर दिया था। स्थानीय प्रशासन को जानकारी मिली तो तहसीलदार मौके पर पहुंचे और आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद सड़क निर्माण कार्य का भरोसा दिया था। रविवार को राजस्व, वन और लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी सुखारी पुरवा पहुंचे। नौगवां गांव से सुखारी का पुरवा तक बनने वाली सड़क का सीमांकन किया, साथ ही सीमा चिन्ह भी लगाए गए हैं।उपजिलाधिकारी विकास यादव ने बताया कि लोकनिर्माण विभाग के मौजूद अधिकारी ने बताया है कि सड़क निर्माण के लिए धनराशि का आगणन कर भारत सरकार के परिवेश पोर्टल के माध्यम से समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा। इस मौके पर नायब तहसीलदार यशपाल यादव, वन विभाग के सेक्शन अधिकारी धरम नारायण द्विवेदी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार शिवहरे, हल्का लेखपाल आदि मौजूद रहे।


सड़क का सीमांकन करते अधिकारी। अमृत विचार

- अधिकारियों ने सड़क का किया सीमांकन, लगाए चिह्न

# नीट परीक्षा ने परिवारों को तोड़ दिया: राहुल

## कांग्रेस नेता बोले- परीक्षा में हुई धांधली 24 लाख से अधिक छात्रों को पहुंचा नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट परीक्षा विवाद



● शिक्षा माफिया और सरकारी तंत्र की मिलीभगत से चल रहे पेपर लीक उद्योग

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश के लिए होने वाली नीट परीक्षा में धांधली को पेपर लीक माफ़िया के साथ मिलीभगत बताया है और कहा है कि लाखों बच्चों का जीवन बर्बाद करने वाले इस माफ़िया तंत्र को खत्म करने का कांग्रेस ने संकल्प लिया है।

गांधी ने रविवार को कहा कि नरेंद्र मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली है और नीट परीक्षा में हुई धांधली ने 24 लाख से अधिक बच्चों को प्रभावित किया और उनके परिवारों को तोड़ दिया है। एक ही एग्जाम सेंटर से 6 छात्र मैक्सिमम मार्क्स के साथ टॉप कर जाते हैं, कितनों को ऐसे मार्क्स मिलते हैं जो टेक्निकली संभव ही नहीं है, लेकिन सरकार लगातार पेपर लीक की संभावना को नकार रही है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा माफिया और सरकारी तंत्र की मिलीभगत से चल रहे इस पेपर लीक उद्योग से निपटने के लिए ही कांग्रेस ने एक रोबस्ट प्लान बनाया था। हमने अपने मैनिफेस्टो में कानून बना कर छात्रों को पेपर लीक से मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया था। आज मैं देश के सभी स्टूडेंट्स को विश्वास दिलाता हूं कि मैं संसद में आपकी आवाज़ बन कर आपके भविष्य से जुड़े मुद्दों को मज़बूती से उठाऊंगा। युवाओं ने इंडिया गठबंधन पर भरोसा जताया है, गठबंधन उनकी आवाज़ को दबने नहीं देगा।

### छात्रों से कहा- मैं संसद में बनूंगा आपकी आवाज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) मेडिकल प्रवेश परीक्षा विवाद को लेकर प्रधानमंत्री पद के लिए नामित नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि नए कार्यकाल के लिए मोदी के शपथ लेने से पहले ही परीक्षा में कथित अनियमितताओं से 24 लाख से अधिक छात्रों को नुकसान पहुंचा है। गांधी ने देश के छात्रों को आश्वासन दिया कि वह संसद में उनकी आवाज बनेंगे और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाएंगे। नीट-यूजी में अंक बढ़ाने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा था कि शिक्षा मंत्रालय ने कृपांक पाने वाले 1,500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि नरेन्द्र मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली है और नीट परीक्षा में हुई धांधली ने छात्रों और उनके परिवारों को तोड़ दिया है। एक ही परीक्षा केंद्र से छह छात्र अधिकतर अंक प्राप्त कर शीर्ष पर रहते हैं। सरकार प्रश्न पत्र लीक की संभावना को नकार रही है।


## ट्रेन में युवती का दो हिस्सों में मिला शव हाथ और पैर गायब

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने अज्ञात युवती का दो हिस्सों में कटा शव रविवार को बरामद किया। जीआरपी थाना प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि एक सफाई कर्मचारी की सूचना पर डॉ. आम्बेडकर नगर-इंदौर यात्री ट्रेन से युवती का शव बरामद किया गया।

उन्होंने बताया कि युवती की अभी पहचान नहीं हो सकी है और उसकी उम्र 20 से 25 साल के बीच आंकी जा रही है। युवती के सिर से कमर तक का हिस्सा ट्रेन में छोड़े गए ट्रॉली बैग में मिला, जबकि उसकी कमर से नीचे का भाग प्लास्टिक की बोरी में बंद था। युवती के दोनों हाथ और दोनों पैर गायब हैं। युवती की हत्या किसी और स्थान पर एक-दो दिन पहले की गई और इसके बाद उसके शव को काट कर इसके हिस्सों को शनिवार रात यात्री ट्रेन में रख दिया गया।

## भाजपा को वोट नहीं देने पर बीड में मराठा समुदाय के लोगों पर हमला

जालना, एजेंसी



● जरांगे ने फडणवीस से कार्रवाई का किया आग्रह

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र के गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस से लोकसभा चुनाव में बीड में भाजपा की उम्मीदवार को वोट न देने पर मराठा समुदाय के लोगों पर हमला करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का रविवार को आग्रह किया।

अंतरवाली सारथी गांव में अनिश्चितकालीन अनशन के दूसरे दिन पत्रकारों से वार्ता करते हुए जरांगे ने दावा किया कि बीड जिले के कुछ गांवों में मराठों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंकजा मुंडे को वोट न देने पर हमला किया जा रहा है। पंकजा चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के उम्मीदवार बजरंग सोनावने से हार गई थीं। जरांगे ने गृह मंत्री और बीड के पुलिस अधीक्षक से हिंसा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और मराठा युवाओं से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मराठा हितों का विरोध करने वाले नेताओं को आगामी विधानसभा चुनावों में परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

जरांगे मराठा समुदाय के लोगों के लिए अन्य पिछड़ा समुदाय (ओबीसी) का दर्जा और पात्र कुनबी मराठों के रक्त संबंधियों को प्रमाणपत्र जारी करने के लिए राज्य सरकार द्वारा इस साल की शुरुआत में जारी मसौदा अधिसूचना के कार्यान्वयन की मांग को लेकर शनिवार से अनशन कर रहे हैं। जरांगे मांग कर रहे हैं कि सभी मराठों को कुनबी प्रमाणपत्र जारी किए जाएं ताकि वे आरक्षण के लाभ के लिए पात्र बन सकें।

## शेयर बाजार आई गिरावट पर रिपोर्ट को कोर्ट में याचिका दायर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर आग्रह किया गया है कि चार जून को चुनाव परिणाम के दिन शेयर बाजार में आई भारी गिरावट पर केंद्र और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया जाए।

वकील विशाल तिवारी की याचिका में सरकार और सेबी को अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में जनहित याचिका पर न्यायमूर्ति एएम सप्रे की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति के सुझाव पर विचार करने को 3 जनवरी को दिए आदेशों पर एक स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है। कोर्ट ने कहा था कि केंद्र और सेबी को समिति के सुझावों पर विचार करना तथा नियामक ढांचे को मजबूत, निवेशकों की सुरक्षा व प्रतिभूति बाजार का कामकाज सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कार्रवाई करनी चाहिए।

## एक नजर

### महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने में 6 गिरफ्तार

लातूर (महाराष्ट्र), नौ जून (भाषा) महाराष्ट्र के लातूर जिले में 30-वर्षीय एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि विट्ठल नगर की रहने वाली अनीता बालाजी लश्करे ने छह जून को कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि महिला के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को मामला दर्ज किया। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी और दामाद को उनके रिश्तेदार परेशान करते और धमकी देते थे।

### छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र में रविवार को सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। लैलूंगा थाना क्षेत्र के घरघोड़ा रोड पर 3 लोग बाइक से पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घरघोड़ा की तरफ जा रहे थे तभी गोसाईडीह अंगेकेला मोड़ के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। मोटर साइकिल के तेज गति में होने के कारण हादसे में दो व्यक्तियों की मौके पर मौत हो गई है वहीं एक अन्य घायल तीसरे युवक की हॉस्पिटल में मौत होने की जानकारी मिल रही है।

## किसानों ने महिला कांस्टेबल के समर्थन में निकाला मार्च

चंडीगढ़, एजेंसी

कंगना थप्पड़ विवाद

● किसानों ने पंजाब के लोगों के खिलाफ बयान पर रनौत की आलोचना की

संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा सहित कई किसान संगठनों ने रविवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की उस महिला कांस्टेबल के समर्थन में मोहाली में मार्च निकाला, जिसने बॉलीवुड अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत को कथित तौर पर थप्पड़ मारा था।

किसान नेताओं ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और महिला कांस्टेबल कुलविंदर कौर के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। मोहाली के गुरुद्वारा अम्ब साहिब से शुरू हुए मार्च के मद्देनजर पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया था।

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और यह पता लगाया जाना चाहिए कि इस घटना का कारण क्या था। महिला कांस्टेबल के साथ कोई अन्याय नहीं होना चाहिए। किसान नेताओं ने पंजाब के लोगों के खिलाफ कथित भड़काऊ बयान देने के लिए रनौत की आलोचना की। कौर किसानों के विरोध प्रदर्शन पर रनौत के रुख से नाराज थीं। हवाई अड्डों पर सुरक्षा प्रदान करने वाले सीआईएसएफ ने भी घटना की कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं। मोहाली पुलिस ने कौर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दोनों ही जमानती अपराध हैं।

कंगना ने गुरुवार को वीडियो संदेश में कहा था कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ की एक कांस्टेबल ने उन्हें थप्पड़ मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से निर्वाचित होने के दो दिन बाद यह घटना हुई थी। कंगना ने कहा था, कांस्टेबल बगल से उनकी ओर आई तथा उसने मेरे चेहरे पर (थप्पड़) मारा और मुझे गालियां देनी शुरू कर दी। मैंने उससे पूछा कि उसने ऐसा क्यों किया तो उसने कहा कि वह किसानों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन करती है।

### कंगना ने किया हिमाचल पुलिस महानिदेशक से सुरक्षा का अनुरोध

**शिमला।** अभिनेत्री से सांसद बनीं कंगना रनौत ने हाल ही में चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर उन्हें कथित तौर पर थप्पड़ मारे जाने की घटना के बाद हिमाचल के पुलिस महानिदेशक से सुरक्षा प्रदान करने का अनुरोध किया है। सीआईएसएफ की कांस्टेबल ने शुक्रवार को रनौत को कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया था। घटना के बाद सांसद ने पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा को भेजे गए ईमेल में अनुरोध किया कि खतरे को देखते हुए उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए। महानिदेशक ने सांसद को बताया कि खतरे का आकलन करने के बाद राज्य कानून-व्यवस्था इकाई द्वारा सुरक्षा प्रदान करने के लिए कार्रवाई की जाएगी।

## बीजद की हार के बाद पांडियन ने राजनीति से लिया संन्यास

**भुवनेश्वर।** पूर्व नौकरशाह वीके पांडियन ने राजनीति में आने के ठीक छह महीने और 13 दिन बाद संन्यास लेने की रविवार को घोषणा की और कहा कि वह ओडिशा को अपने दिल में तथा गुरु नवीन बाबू को अपनी सांसों में रखेंगे। पांडियन ने वीडियो संदेश में कहा कि राजनीति में आने का उनका मकसद नवीन पटनायक की सहायता करना था और यही कारण है कि उन्होंने 2024 का चुनाव नहीं लड़ा।



● पूर्व नौकरशाह वीके पांडियन ने राजनीति में आए छह महीने और 13 दिन के बाद की घोषणा

पांडियन ने चुनावों में हार के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराए जाने की स्थिति में लोगों, बीजू जनता दल (बीजद) नेताओं व कार्यकर्ताओं से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि राजनीति में आने का मेरा एकमात्र मकसद नवीन बाबू की सहायता करना था। अब मैंने सक्रिय राजनीति छोड़ने का फैसला किया है। यदि इस सफर में मैंने किसी को कोई ठेस पहुंचाई हो, तो मुझे माफ कर दें। यदि मेरे खिलाफ विमर्श ने बीजद की हार में कोई भूमिका निभाई है, तो मुझे खेद है। चुनाव प्रचार के दौरान पांडियन ने कहा था कि अगर पार्टी अध्यक्ष पटनायक विधानसभा चुनाव के बाद छठी बार ओडिशा के मुख्यमंत्री नहीं बने, तो वह राजनीति छोड़ देंगे। पांडियन ने झाड़सुगुडा जिले के ब्रजराजनगर में रैली में घोषणा की थी, भाजपा कहती हैं कि ओडिशा में भाजपा की लहर है और परिवर्तन की लहर है, लेकिन मैं दृढ़ता से कहता हूं कि अगर पटनायक एक बार फिर मुख्यमंत्री नहीं बने तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। बीजद प्रमुख नवीन पटनायक ने पांडियन के खिलाफ जारी आलोचना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और शानदार काम करने के लिए उनकी सराहना की। पटनायक ने स्पष्ट किया था कि पांडियन उनके उत्तराधिकारी नहीं हैं।

## मणिपुर के जिरीबाम में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर हिंसा

● उग्रवादियों के दो पुलिस चौकियों और 70 मकानों को आग लगाने के बाद से था तनाव

मणिपुर के जिरीबाम जिले में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा दो पुलिस चौकियों और 70 मकानों को आग लगाने की घटना के बाद राज्य में रविवार को स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में रही।


पुलिस ने बताया कि शनिवार को हुई घटना के बाद प्रभावित इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात हैं। मणिपुर पुलिस ने कहा कि जिरीबाम जिले में हुई हिंसा के बाद स्थिति तनावपूर्ण, लेकिन नियंत्रण में है। इस हिंसा में उग्रवादियों ने दो पुलिस चौकियों, वन विभाग के एक कार्यालय और मेइती एवं कुकी समुदायों के लोगों के कई घरों को आग लगा दी थी।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि लमताई खुनौ, डिबोंग खुनौ, नुनखाल और बेगरा गांवों में 70 से अधिक मकानों में आग लगा दी गई। इसमें कहा गया है, पुलिस सोशल मीडिया पर साझा की जा रहीं पोस्ट पर भी सक्रिय रूप से नजर रख रही है, जिनसे समुदायों के बीच सांप्रदायिक भावनाएं भड़क सकती हैं। पुलिस आम जनता से अनुरोध करती है कि वह निराधार/असत्यापित सूचना फैलाने से बचे। जातीय संघर्ष से ग्रसित मणिपुर राज्य के जिरीबाम में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा एक 59 वर्षीय व्यक्ति की हत्या के बाद बृहस्पतिवार शाम को हिंसा भड़क उठी थी। अधिकारी ने बताया था कि सोइबम सरतकुमार सिंह नाम का व्यक्ति छह जून को अपने खेत जाने के बाद लापता हो गया था। बाद में उसका शव मिला, जिस पर नुकीली चीज से किए गए घाव के निशान थे।

### ट्रक में जा रही वस्तुओं में गुस्साई भीड़ ने लगा दी थी आग

पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस बीच शनिवार देर रात सोरोक अटिंगबी खुनौ में गुस्साई भीड़ ने एक ट्रक को रोका और उसमें ले जाई जा रही आवश्यक वस्तुओं को कथित तौर पर आग लगा दी। मणिपुर में पिछले साल से मई से जारी हिंसा से अब तक जिरीबाम अप्रभावित रहा है। यहां भी मेइती, मुस्लिम, नगा, कुकी और गैर-मणिपुरी लोग रहते हैं। इंफाल के मेइती और पहाड़ी इलाकों के कुकी लोगों में पिछले साल मई से जारी जातीय हिंसा में 200 से अधिक की मौत हो गई है और हजारों बेघर हो गए हैं।

## रामोजी राव का हैदराबाद की फिल्म सिटी में किया गया अंतिम संस्कार



**हैदराबाद।** मीडिया जगत की हस्ती एवं रामोजी समूह के अध्यक्ष रामोजी राव का रविवार को हैदराबाद में अंतिम संस्कार कर दिया गया। रामोजी फिल्म सिटी में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे किरण ने चिता को मुखाग्नि दी। रामोजी राव का शनिवार की सुबह यहां एक अस्पताल में निधन हो गया था। वह 88 वर्ष के थे। रामोजी राव के अंतिम संस्कार में तेदेपा प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू समेत कई नेता शामिल हुए। रामोजी राव ने समाचार पत्र ईनाडु और ईटीवी चैनल की शुरुआत करके आंध्र प्रदेश में मीडिया जगत में क्रांतिकारी बदलाव किया था।

## जल संकट को लेकर उपराज्यपाल सक्सेना आतिशी से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वी.के. सक्सेना सोमवार को जल मंत्री आतिशी से मुलाकात करेंगे और हरियाणा द्वारा मुनक नहर से अपर्याप्त पानी छोड़े जाने के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। राजनिवास के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुनक नहर राष्ट्रीय राजधानी के पेयजल के प्राथमिक स्रोतों में से एक है। आतिशी ने इस मुद्दे पर आपातकालीन बैठक के लिए सक्सेना से समय मांगा था। इससे पहले एक्स पर एक पोस्ट में मंत्री ने कहा था कि दिल्ली को नहर से 1,050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए, लेकिन यह घटकर केवल 840 क्यूसेक रह गया है।

## कारोबार/कृषि

# अमेरिका में ब्याज दर, घरेलू मुद्रास्फीति वैश्विक संकेत शेयर बाजारों को देंगे दिशा

## पिछले सप्ताह हुए चुनाव और आरबीआई नीति समीक्षा के बीच बाजार में दिखा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेरिका में फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले, घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़े और वैश्विक रुझान इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल तय करेंगे। विश्लेषकों के अनुसार पिछले सप्ताह आम चुनाव के नतीजों और आरबीआई नीति समीक्षा के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार मजबूत लाभ के साथ बंद हुए, लेकिन उससे पहले भारी गिरावट भी हुई।

बीते सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 2,732.05 अंक या 3.69 प्रतिशत बढ़ा, जबकि निफ्टी 759.45 अंक या 3.37 प्रतिशत चढ़ा। शुक्रवार को दिन के कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,720.8 अंक या 2.29 प्रतिशत उछलकर 76,795.31 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 1,618.85 अंक या 2.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,693.36 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। स्वास्तिक इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि लोकसभा चुनाव और आरबीआई नीति समीक्षा के नतीजे आ चुके हैं। अब निवेशकों का ध्यान वैश्विक कारकों पर है। इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले, डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल, कच्चे तेल और जिंस की कीमतों से बाजार की चाल तय होगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के निवेश पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी।

### 8 कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 3.28 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह 10 सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनियों में आठ ने अपने बाजार मूल्यांकन में कुल मिलाकर 3.28 लाख करोड़ रुपये जोड़े। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनीलिवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सर्वाधिक लाभ हुआ। उतार-चढ़ाव से भरे सप्ताह में सेंसेक्स 2,732.05 अंक या 3.69 प्रतिशत उछल गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनीलिवर (एचयूएल) और आईटीसी को लाभ हुआ। इन कंपनियों ने कुल 3,28,116.58 करोड़ रुपये जोड़े। एसबीआई और एलआईसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट हुई।

## एफपीआई ने जून में इक्विटी से 14,800 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों ने इस महीने के पहले हफ्ते में घरेलू शेयरों से करीब 14,800 करोड़ रुपये निकाले। भारत के आम चुनाव के नतीजों और चीन के शेयरों के आकर्षक मूल्यांकन से प्रभावित होकर उन्होंने ऐसा किया।

चुनाव नतीजों की अनिश्चितता, मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में लगातार बढ़ोतरी के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में 25,586 करोड़ और अप्रैल में 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि एफपीआई ने मार्च में 35,098 करोड़ और फरवरी में 1,539 करोड़ का निवेश किया था। जनवरी में 25,743 करोड़ निकाले थे। निदेशकों की नजर भारत में ब्याज दरों की दिशा पर होगी।

## एनसीएलटी ने हिमालयन मिनरल वाटर पर दिवाला कार्रवाई की शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी




● न्यायाधिकरण की इलाहाबाद पीठ ने सीआईआरपी के लिए नियुक्त किया आईआरपी

राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने हिमालयन मिनरल वाटर्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है। इसमें एलईईएल इलेक्ट्रिकल्स के लिए दी गई कॉरपोरेट गारंटी की चूक के लिए जम्मू और कश्मीर बैंक की याचिका को स्वीकार कर लिया गया है।

एनसीएलटी की इलाहाबाद पीठ ने देहरादून स्थित कंपनी की कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के लिए भूपेश गुप्ता को अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) भी नियुक्त किया है। दो सदस्यों वाली पीठ ने पिछले सोमवार को दिए आदेश में कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि आवेदक/वित्तीय ऋणदाता (जेएंडके बैंक) ने ऋण और चूक को साबित कर दिया है, जो कि निर्धारित सीमा से अधिक है धारा 7 के तहत आवेदन कॉरपोरेट कर्जदार (हिमालयन मिनरल वाटर्स) के खिलाफ सीआईआरपी शुरू करने के लिए उपयुक्त पाया गया है।

जम्मू और कश्मीर बैंक ने पेय पदार्थों के विनिर्माण के व्यवसाय में लगी हिमालयन मिनरल वाटर्स के खिलाफ 50 करोड़ रुपये के चूक का दावा किया था। हिमालयन मिनिरल वाटर्स एलईईएल इलेक्ट्रिकल्स द्वारा प्राप्त ऋण सुविधाओं के लिए कॉरपोरेट गारंटर थी।

## भारत के पीसी बाजार में आसुस को दिख रहे बड़े अवसर

**ताइपे।** भारत का पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) बाजार बाकी दुनिया से बेहतर है और लोगों तक उपकरणों की कम पहुंच ताइवान की प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी आसुस के लिए वृद्धि का अच्छा अवसर दे रही है।

आसुस इंडिया के उपभोक्ता और गेमिंग पीसी के उपाध्यक्ष अर्नोल्ड सु ने बताया कि भारत में प्रति घर पीसी की पहुंच 10 से 11 प्रतिशत है। करीब 90 प्रतिशत भारतीय घरों में अभी भी पीसी नहीं है, जिसका मतलब है कि यह हमारे लिए बहुत अच्छा अवसर है। अगर आप आज भारत में देखें, तो 750 जिलों में से हम लगभग 450 जिलों तक पहुंच बना चुके हैं। एशिया-प्रशांत पीसी कारोबार इकाई के लिए आसुस के महाप्रबंधक पीटर चांग ने बताया कि कोविड महामारी के बाद, कंपनी को वैश्विक स्तर पर और भारत में पीसी की मांग में बहुत सकारात्मक संकेत नहीं मिले हैं।

## बजट में स्टार्टअप के लिए वाणिज्य मंत्रालय मांग सकता है ज्यादा राशि

नई दिल्ली, एजेंसी

● नई सरकार 2024-25 के लिए जुलाई में पेश कर सकती है बजट

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय देश में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नई सरकार द्वारा घोषित आगामी बजट में स्टार्टअप के लिए अधिक धनराशि की मांग कर सकता है। नई सरकार 2024-25 के लिए जुलाई में बजट पेश कर सकती है।

अप्रैल, 2021 में 945 करोड़ की राशि के साथ घोषित सीड फंड योजना 2025 में समाप्त हो जाएगी। मंत्रालय इसी तर्ज पर एक नई योजना प्रस्तावित करने पर विचार कर सकता है। सीड फंड योजना का उद्देश्य स्टार्टअप्स को अवधारणा के प्रमाण, प्रोटोटाइप विकास, उत्पाद परीक्षण, बाजार में प्रवेश और व्यावसायीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना था। इस निधि को भारत भर में इनक्यूबेटरों के माध्यम से पात्र स्टार्टअप्स को शुरुआती वित्तपोषण प्रदान करने के लिए चार वर्षों में विभाजित किया गया था। अधिकारी ने कहा कि किसी उद्यम की वृद्धि के प्रारंभिक चरण में उद्यमियों के लिए पूंजी की आसान उपलब्धता जरूरी है। देश में 1.17 लाख से ज़्यादा सरकारी पंजीकृत स्टार्टअप हैं।

## ओएनजीसी को मुंबई हाई तेल क्षेत्र के लिए विदेशी भागीदारों की तलाश

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) अपने प्रमुख तेल क्षेत्र मुंबई हाई में घटते उत्पादन की स्थिति बदलने के लिए विदेशी भागीदारों की तलाश कर रही है। इसके लिए उन्हें बढ़े हुए उत्पादन से राजस्व का एक हिस्सा और एक निश्चित शुल्क की पेशकश की गई है। हालांकि, कोई इक्विटी हिस्सेदारी नहीं दी जाएगी।

ओएनजीसी ने एक जून को एक अंतर्राष्ट्रीय निविदा जारी की, जिसमें कम से कम 75 अरब अमेरिकी डॉलर के वार्षिक राजस्व वाले वैश्विक तकनीकी सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) को आमंत्रित किया गया।

## डोसा, इडली बनाने के मिश्रण पर देना होगा 18% जीएसटी : जीएएआर

नई दिल्ली, एजेंसी

● पाउडर के मिश्रण को सत्तू के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है

इडली, डोसा और खमन बनाने के मिश्रण को सत्तू के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है और उन पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाना चाहिए। गुजरात अग्रिम निर्णय अपीलीय प्राधिकरण (जीएएआर) ने यह फैसला सुनाया है।

गुजरात स्थित किचन एक्सप्रेस ओवरसीज लिमिटेड ने प्राधिकरण के फैसले के खिलाफ एएआर से संपर्क किया था। कंपनी ने कहा था कि उसके 7 इंस्टेंट आटा मिक्स तैयार भोजन नहीं है और उन्हें खाना पकाने की कुछ प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। कंपनी गोटा, खमन, दालवाड़ा, दही-वड़ा, ढोकला, इडली और डोसा के मिश्रण को पाउडर के रूप में बेचती है। जीएएआर ने अपीलकर्ता की दलील को खारिज करते हुए कहा कि इंस्टेंट आटा मिक्स बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री जीएसटी नियमों के तहत नहीं है, जैसे सत्तू के मामले में। सीबीआईसी के परिपत्र के अनुसार सत्तू पर 5% जीएसटी है। जीएएआर ने कहा कि उत्पादों में मसाले और अन्य सामग्री भी शामिल हैं, जबकि सत्तू के मामले में ऐसा नहीं है।

## चार वर्षों में यात्री वाहनों का निर्यात 2 .68 लाख इकाई बढ़ा

नई दिल्ली, एजेसी



● निर्यात में मारुति सुजुकी इंडिया की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत

● यात्री वाहनों का निर्यात बढ़कर 2022-23 में 6,62,703 इकाई हुआ।

पिछले चाल वित्त वर्षों में भारत से यात्री वाहनों के निर्यात में 2.68 लाख इकाई की वृद्धि हुई है। इस बढ़े हुए निर्यात में मारुति सुजुकी इंडिया की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत है।

उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2020-21 में यात्री वाहनों का निर्यात 4,04,397 इकाई रहा। यह वित्त वर्ष 2021-22 में बढ़कर 5,77,875 इकाई और वित्त वर्ष 2022-23 में 6,62,703 इकाई हो गया। बीते वित्त वर्ष में निर्यात 6,72,105 इकाई रहा, जो 2020-21 के मुकाबले 2,67,708 इकाई अधिक है। इस निर्यात वृद्धि में मारुति सुजुकी ने 70 प्रतिशत का योगदान दिया है। मारुति सुजुकी के निर्यात में वित्त वर्ष 2020-21 और वित्त वर्ष 2023-24 के बीच 1,85,774 इकाई की वृद्धि हुई।

इस बारे में मारुति सुजुकी इंडिया के कॉरपोरेट मामलों के कार्यकारी अधिकारी राहुल भारती ने कहा कि अधिक मॉडलों की पेशकश करने, वैश्विक उत्पादन मानकों का पालन करने और टोयोटा के साथ गठजोड़ से निर्यात को बढ़ाने में काफी मदद मिली। उन्होंने कहा कि कंपनी वर्तमान में दुनिया भर के लगभग 100 देशों में यात्रा वाहनों का निर्यात कर रही है। कंपनी के शीर्ष विदेशी बाजारों में दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, चिली और मैक्सिको भी शामिल हैं। हुंदै ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1,63,155 इकाई और 2022-23 में 1,53,019 इकाई निर्यात की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन स्वीकार करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। ● एजेंसी


प्रधानमंत्री आवास में अपनी नवनिर्वाचित कैबिनेट के सदस्यों को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी



युद्ध स्मारक में शहीदों को नमन करते मोदी। ● एजेंसी


राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ समारोह में पहुंचा संत समाज। ● एजेंसी



पुरी में समुद्र तट पर कलाकार सुदर्शन पटनायक द्वारा रेत में उकेरी गई मोदी की तस्वीर।


मोदी के शपथ लेती ही भाजपाइयों ने पटाखे चलाकर जश्न मनाया। ● एजेंसी

# शपथ से पहले युद्ध स्मारक, राजघाट व सदैव अटल जाकर अर्पित की श्रद्धांजलि

## तीसरी बार मोदी के शपथ लेते ही झूमे भाजपाई, दिनभर गठबंधन के साथ चलीं बैठकें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

तीसरी बार शपथ से पूर्व नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की समाधि सदैव अटल तथा महात्मा गांधी की समाधि राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री रहे हरदीप सिंह पुरी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी भी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर मौजूद थे।

वहीं हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नरेंद्र मोदी को तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई देते हुए कहा कि यह भाजपा समेत पूरे देश के लिए गौरव की बात है। ठाकुर ने भाजपा


समारोह में पहुंची कंगना रनौत। ● एजेंसी

और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को अपार जनसमर्थन देने के लिए देशवासियों का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक होगा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मध्यप्रदेश से केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए गए शिवराज सिंह चौहान, वीरेंद्र कुमार और ज्योतिरादित्य सिंधिया को बधाई दी है। डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया सभी को अनंत बधाई दी।

**जम्मू के जौहरी ने तीन किलो चांदी से कमल का फूल बनाया : जम्मू।** भाजपा से संबद्ध जम्मू के एक जौहरी ने नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में रविवार को तीसरी बार शपथ ग्रहण करने पर उनके लिए चांदी से बना तीन किलोग्राम का कमल का फूल तैयार किया है। कमल भाजपा का चुनाव चिह्न है। जम्मू के बाहरी इलाके में स्थित मुथी गांव के निवासी रिंकू चौहान ने कहा कि मोदी को यह अनोखा उपहार देने का विचार उनके दिमाग में तब आया, जब भाजपा सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाने का अपना वादा अगस्त 2019 में पूरा किया और उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराया।


प्रशंसक द्वारा बनाई गई तस्वीर जिसने हर किसी का मन मोह लिया। ● एजेंसी

## एक नजर

### चीन में कृषि प्रशिक्षण लेंगे पाकिस्तानी छात्र

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक प्रशिक्षण लेने के लिए एक हजार विद्यार्थी चीन भेजे जाएंगे। शरीफ ने चीनी शहर शिआन में एग्रीकल्चर डेमोसट्रेशन बेस की यात्रा के दौरान शनिवार को यह ऐलान किया। प्रधानमंत्री चीन की पांच दिन की यात्रा पर थे। शरीफ ने चीन के उत्तर पश्चिमी कृषि एवं वानिकी विश्वविद्यालय को पाकिस्तान में अपना परिसर खोलने के लिए भी आमंत्रित किया। जियो न्यूज ने खबर दी है कि उन्होंने चीन में पाकिस्तान के राजदूत और संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में चीनी अधिकारियों के साथ मामलों को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया।

### अमेरिका ने नाइजीरिया से सैनिकों की वापसी शुरू की

**नियामी।** अमेरिका ने नाइजीरिया से अपने सैनिकों को वापस बुलाना शुरू कर दिया है। दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों ने शनिवार को एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। अमेरिकी रक्षा विभाग और नाइजर गणराज्य के नाइजीरियाई राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि नाइजर से अमेरिकी सेना और संपत्ति की वापसी प्रारंभिक तैयारियों से लेकर पुन: तैनाती तक बढ़ गई है। यह महत्वपूर्ण परिवर्तन अमेरिकी वायु सेना के सी-17 ग्लोबमास्टर 3 के 7 जून 2024 को नियामी में हवाई अड्डा 101 से प्रस्थान के साथ शुरू हुआ। बयान में कहा गया है कि इसके अलावा कुछ अमेरिकी सेनाएं अपने मिशन समाप्त करने के बाद पहले ही नाइजर से अपने गृह स्टेशनों पर फिर से तैनात हो चुकी हैं।

### पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में छह सैनिक मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को हुए आतंकवादी हमले में एक कैप्टन समेत कम से कम छह पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। यह घटना उस समय हुई जब सुरक्षाकर्मियों का काफिला प्रांत के कच्ची कमर, सरबंद पोस्ट लक्की मरवात की ओर बढ़ रहा था। उसी दौरान आतंकवादियों ने काफिले पर हमला कर दिया। पहले आतंकवादियों ने आईईडी विस्फोट किया और बाद में काफिले पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया, हमले में एक कैप्टन समेत कुल छह सैनिक शहीद हो गए।

### यूरोपीय संसद के लिए 20 यूरोपीय देशों में मतदान शुरू

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संसद के पांच साल के कार्यकाल के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) के 20 देशों में रविवार को मतदान शुरू गया। यूरोपीय संसद के 720 सदस्यों को चुनने के लिए नागरिक मतदान करेंगे। सदन में सीट जनसंख्या के आधार पर आवंटित की जाती हैं। माल्टा एवं लक्जमबर्ग की सदन में सबसे कम छह और जर्मनी की सबसे अधिक 96 सीट हैं। हर पांच साल में होने वाले चुनावों के आधिकारिक नतीजे यूरोपीय संघ के 27 देशों के मतदान प्रक्रिया पूरी होने से पहले प्रकाशित नहीं किए जा सकते।

# लेबनान में इजरायल का हवाई हमला

**बेरूत, एजेंसी**

● चार की गई जान, आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल

दक्षिणी लेबनान के गांवों पर शनिवार को इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के दो सदस्यों सहित चार लोग मारे गए और छह से ज्यादा घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने कहा कि इजरायली युद्धक विमान ने हौला गांव में एक घर को निशाना बनाया था। हवा से सतह पर मार करने वाली दो मिसाइलों के साथ एतारौन गांव के एक वाणिज्यिक बाजार को निशाना बनाया गया।

हिजबुल्लाह और इजरायली सेना के बीच तनाव तब बढ़ गया जब इजरायल ने उसके खिलाफ एक बड़े हमले के लिए अपनी सेना तैनाती करने की घोषणा की। यह घोषणा बीते बुधवार को कब्जे वाले सीरियाई गोलान हाइट्स में अल-कोश बस्ती के दक्षिण में एक इजरायली सभा पर हिजबुल्लाह द्वारा ड्रोन हमले के बाद की गई। हमास के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हिजबुल्लाह द्वारा इजरायल की ओर लॉन्च किए गए रॉकेटों की बौछार के बाद आठ अक्टूबर 2023 से लेबनान-इजरायल सीमा पर दोनों पक्षों के बीच टकराव बढ़ गया।



### इजरायल के साथ सहयोग बंद करें इस्लामिक देश

**तेहरान।** ईरान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अली बघेरी ने कहा कि इस्लामिक देशों को इजरायल के साथ राजनीतिक एवं आर्थिक सहयोग बंद कर देना चाहिए। इस्लामी देशों द्वारा की जाने वाली सबसे प्रभावी पहल इजरायली शासन के साथ राजनीतिक और आर्थिक सहयोग बंद करना और इसके साथ सभी आयात और निर्यात का बहिष्कार करना होगा।

### कतर, मिस्र ने हमास को परिणाम भुगतने की धमकी दी

**दोहा।** कतर और मिस्र ने अमेरिकी प्रशासन के निर्देश पर फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के नेताओं को धमकी दी है कि यदि वे इजरायल के साथ युद्धविराम के लिए सहमत नहीं हुए तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है, संपत्ति जब्त की जा सकती है, प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं और दोहा में उनकी शरणस्थली से निष्कासन किया जा सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने सूत्रों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि इन प्रयासों के विपरीत परिणाम सामने आए है और हमास ने कहा है कि वह ऐसे सौदे पर सहमत नहीं होगा जो उसकी शर्तों को पूरा नहीं करते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पिछले हफ्ते कहा था कि इजरायल ने हमास को एक रोड मैप के साथ एक नया तीन-चरण का प्रस्ताव दिया, जिससे गाजा पट्टी में शत्रुता की स्थायी समाप्ति होगी और सभी बंधकों की रिहाई होगी। प्रस्ताव के पहले चरण में पूर्ण युद्धविराम, सभी गाजा आबादी केंद्रों से इजरायली सैनिकों की वापसी और हमास द्वारा बंधक बनाए गए कुछ लोगों की रिहाई, जिनमें घायल, बुजुर्ग और महिलाएं शामिल हैं के साथ-साथ जेलों से हिरासत में लिए गए फिलिस्तीनियों की रिहाई शामिल है।

### अमेरिकी खुफिया डेटा ने इजरायली बंधकों को मुक्त कराने में की मदद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के खुफिया डेटा ने इजरायल को गाजा पट्टी में बंधक बनाकर रखे गए चार लोगों का पता लगाने एवं उन्हें बचाने में मदद की है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी है। आईडीएफ ने नोवा संगीत समारोह से अपहरण किए गए चार बंधकों को बचाया था। बंधकों के स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी है और उन्हें आगे की चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## सोमाली सेना ने अल-शबाब के 47 आतंकवादी ढेर

**मोगादिशु।** सोमालिया में सशस्त्र बलों ने देश के मध्य भाग में गलगुडुड प्रांत में कट्टरपंथी आतंकवादी संगठन अल-शबाब के 47 आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक सूचना मंत्रालय कहा कि ऑपरेशन के दौरान पांच सोमाली सैनिक भी मारे गए। अल-शबाब एक सोमालिया स्थित जिहादी आतंकवादी समूह है जो अल-कायदा आतंकवादी समूह से जुड़ा हुआ है।

● अल-कायदा आतंकवादी समूह से जुड़ा है अल-शबाब संगठन

यह समूह सोमाली सरकार के खिलाफ सशस्त्र प्रतिरोध छेड़ता है और देश में संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मिशनों में बाधा डालता है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर हादसा टला एटीसी अधिकारी को हटाया

**मुंबई, एजेंसी**

● जिस रनवे पर इंडिगो का विमान उतरा उसी पर उड़ान भरने के लिए दौड़ा एयर इंडिया का जेट

महाराष्ट्र में मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सैकड़ों यात्रियों की जान उस समय बाल-बाल बची, जब इंडिगो एयरलाइंस का एक विमान उसी रनवे पर उतर गया, जहां से एयर इंडिया का एक जेट विमान तिरुवनंतपुरम के लिए उड़ान भरने तेजी से आगे बढ़ रहा था।

घटना का वीडियो तरुण शुक्ला नाम के एक यूजर ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, जिसके बाद यह मामला प्रकाश में आया। इससे मुंबई हवाई अड्डे पर सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुंबई से एक वायु यातायात नियंत्रण अधिकारी (एटीसीओ) को ड्यूटी से हटा दिया। इस बीच, इंडिगो एयरलाइंस ने एक बयान जारी करके दावा किया कि इंदौर से मुंबई जाने वाली फ्लाइट 6ई 6053 के पायलट ने एटीसी की ओर से दिये गए निर्देशों का पालन किया था। इंडिगो के एक प्रतिनिधि ने कहा 8 जून, 2024 को इंदौर से इंडिगो की उड़ान 6ई 6053 को मुंबई एयरपोर्ट पर एटीसी की ओर से लैंडिंग की मंजूरी दी गयी। पायलट ने एप्रोच और लैंडिंग जारी रखी और एटीसी के निर्देशों का पालन किया। इंडिगो में, यात्रियों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है।

# उत्तर कोरिया के खिलाफ संदेश प्रसारित करेगा दक्षिण कोरिया


● गुब्बारों के जरिए कचरा फेंके जाने के जवाब में सीमावर्ती क्षेत्रों में लाउडस्पीकर से देगा संदेश

**सियोल।** उत्तर कोरिया द्वारा दक्षिण कोरिया में गुब्बारों के जरिए कचरा फेंके जाने के जवाब में दक्षिण कोरिया सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्तर कोरिया के खिलाफ लाउडस्पीकर के जरिए संदेश प्रसारित फिर से शुरू करेगा।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने बयान जारी कर बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशक चांग हो-जिन के नेतृत्व में रविवार को एक आपात सुरक्षा बैठक की गई जिसमें अधिकारियों ने यह फैसला लिया है। चांग और अन्य सुरक्षा अधिकारियों ने दक्षिण कोरिया के लोगों में घबराहट पैदा करने और शांति में खलल डालने के लिए उत्तर कोरिया की आलोचना की। साथ ही कहा कि भविष्य में दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने के लिए पूरी तरह उत्तर कोरिया ही जिम्मेदार होगा। सेना ने बताया कि सप्ताहांत में कचरे से भरे सैंकड़ों गुब्बारे सियोल की ओर भेजे थे। उत्तर कोरिया ने मई के अंत से अब तक तीसरी बार कूड़ा-कचरे वाले गुब्बारे भेजे।

## राजनीतिक सुलह में इमरान खान बाधा : नवाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा कि इमरान खान देश में राजनीतिक सुलह लिए मुख्य बाधा हैं। स्थानीय मीडिया के मुताबिक नवाज ने सांसदों के साथ एक बैठक के बाद यह टिप्पणी की। बैठक में इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के साथ बातचीत के मुद्दे पर चर्चा की गई। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के अध्यक्ष शरीफ ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री खान खुद हमारे साथ मुद्दों को सुलझाने और बातचीत करने के लिए गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं, जिससे कोई निष्कर्ष नहीं निकल रहा है।



# नेपाल से प्रत्यर्पित मुख्य संदिग्ध से सीआईडी ने की पूछताछ

**कोलकाता, एजेंसी**

**बांग्लादेशी सांसद हत्याकांड**

सीआईडी ने बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या के मामले में नेपाल पुलिस द्वारा भारत प्रत्यर्पित किए गए मोहम्मद सियाम हुसैन से रविवार को पूछताछ शुरू की।

बांग्लादेशी नेता के शरीर के अंगों और अपराध को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल किए गए हथियारों का पता लगाने में सीआईडी की सहायता के लिए हुसैन को कोलकाता के पास न्यू टाउन इलाके के उस फ्लैट में भी ले जाया गया जहां अनार को आखिरी बार 12 मई को देखा गया था। सीआईडी अधिकारी ने कहा हम हुसैन से पूछताछ कर रहे हैं। सांसद की तलाश छह दिन बाद तब शुरू हुई जब उत्तरी कोलकाता के बारानगर के निवासी और बांग्लादेशी नेता के परिचित गोपाल विश्वास ने 18 मई को स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज करायी। अनार यहां आने के बाद विश्वास के घर पर रुके थे। विश्वास ने कहा कि अनार 13 मई की दोपहर को चिकित्सक से मिलने के लिए बारानगर आवास से निकले थे।

## मुठभेड़ में त्रिपुरा सीमा पर बंगलादेशी तस्कर की मौत

**अगरतला।** त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले के कलामचौरा इलाके में किराने के सामान की तस्करी की कोशिश कर रहे तेजधार हथियारों से लैस बंगलादेशी नागरिक रविवार को सीमा सुरक्षा बल के हाथों मारा गया। बीएसएफ ने कहा कि सुबह 7:30 बजे तस्करों के एक समूह को सीमा पार बंगलादेश में तस्करी की कोशिश करते हुए देखा।


तस्कर सीमा बाड़ की दोनों ओर थे। बीएसएफ ने उन्हें रोकने की चुनौती दी, तो तस्करों ने चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया और हमलावर हो गए। तस्करों ने ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के जवानों को घेरने की कोशिश की, उनका उद्देश्य उन पर हमला करना और उनका हथियार जब्त करना था। अपने जीवन और सरकारी संपत्ति के खतरे को भांपते हुए बीएसएफ के एक जवान ने आत्मरक्षा में एक गैर-घातक पीएजी राउंड फायर किया।

# ईरान में राष्ट्रपति पद की दौड़ में छह उम्मीदवारों को मंजूरी

**दुबई, एजेंसी**

ईरान की संरक्षक परिषद (गार्जियन काउंसिल) ने रविवार को कट्टरपंथी संसद अध्यक्ष और पांच अन्य को देश में 28 जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की मंजूरी दे दी। यह चुनाव एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद हो रहा है।

हादसे में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और सात अन्य लोग मारे गए थे। परिषद ने पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद को एक बार फिर चुनाव लड़ने से रोक दिया है, जो एक चरमपंथी लोकप्रिय नेता हैं तथा 2009 में अपने विवादित पुनर्निर्वाचन के बाद की गई दमनात्मक कार्रवाई के लिए जाने जाते हैं। परिषद का यह निर्णय रईसी की जगह लेने के लिए दो सप्ताह के संक्षिप्त अभियान की शुरुआत है। रईसी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के कट्टरपंथी समर्थक थे जिन्हें कभी 85 वर्षीय धर्मगुरु के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में पेश किया गया था। संरक्षक परिषद मौलवियों और न्यायविदों का एक समूह है जिसकी कमान खामनेई के हाथों में है। परिषद द्वारा अनुमोदित उम्मीदवारों के चयन से लगता है, ईरान के शिया धर्मतंत्र को उम्मीद है कि हाल ही में हुए चुनावों में रिकॉर्ड कम मतदान तथा देश के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम और इजरायल-हमास युद्ध के कारण अब भी कायम तनाव को देखते हुए चुनाव आसानी से हो जाएंगे।




## अदन की खाड़ी में मालवाहक जहाज पर मिसाइल से हमला

**दुबई।** अदन की खाड़ी में एंटीगुआ और बारबुडा के झंडे वाले एक मालवाहक पोत पर संदिग्ध रूप से यमन के हूती विद्रोहियों ने रविवार को हमला किया। निजी सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने बताया कि मिसाइल जहाज के आगे के हिस्से पर गिरी जिससे उसमें आग लग गई लेकिन जहाज पर सवार लोगों ने आग पर काबू पा लिया। एक और मिसाइल दागी गई लेकिन यह जहाज पर नहीं गिरी।

इसके बाद आस-पास छोटी नौकाओं पर सवार लोगों ने पोत पर गोलीबारी की। ब्रिटेन की सेना के यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार परिचालन केंद्र ने भी शनिवार देर रात अदन के समीप उसी क्षेत्र में हमले की सूचना दी लेकिन उसने इसके बारे में विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी। हूती विद्रोहियों ने लगभग एक दशक पहले यमन की राजधानी पर कब्जा कर लिया था और इसके बाद से ही वह सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन से लड़ रहा है।

# बॉलीवुड हलचल

## योद्धा के बाद फिर एक्शन फिल्म में काम करेंगे सिद्धार्थ



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा योद्धा के बाद एक बार फिर एक्शन फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। इस एक्शन फिल्म के लिए निर्माता मुराद खेतानी के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म का निर्देशन बलविंदर सिंह जंजुआ करेंगे। सिद्धार्थ की इस फिल्म का टाइटल अभी नहीं रखा गया है। वहीं, मुराद खेतानी सिने एक स्टूडियो के साथ अपने मूवी टनल प्रोडक्शंस के तहत इसका निर्माण करने वाले हैं। यह एक एक्शन, रोमांस और ड्रामा से भरपूर फिल्म होने वाली है। फिल्म का काम इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। इसके बाद सितंबर के आसपास उत्तराखंड में इसकी शूटिंग शुरू हो सकती है।

## खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती हैं करीना कपूर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर का कहना है कि वह खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती है, जैसे-जैसे वक्त के साथ उनमें बदलाव आ रहे है, उसे वह अपना रही हैं। करीना कपूर बढ़ती उम्र के साथ खुद को अपनाने में यकीन करती हैं। करीना कपूर ने बताया, खूबसूरती देखने वालों की नजरों में होती है। हर किसी का इसको देखने का एक नजरिया होता है। मैं खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती हूं। मैंने हमेशा खुद से प्यार किया है, खुद को उम्र के हर पड़ाव पर अपनाया है। आज भी कर रही हूं। जैसे-जैसे मेरी उम्र बढ़ रही है, मैं और खूबसूरत महसूस कर रही हूं। करीना ने कहा मेरा ज्यादा समय अपने परिवार और बच्चों के साथ बीतता है। वही है, जो मुझे सबसे ज्यादा सुकून पहुंचाते हैं।

## गुजराती फिल्म फक्त पुरुषों माते में नजर आएंगे अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** अभिनेता अमिताभ बच्चन आगामी गुजराती फिल्म फक्त पुरुषों माते में एक छोटी सी भूमिका निभाते नजर आएंगे। निर्माताओं ने यह जानकारी दी। बच्चन इससे पहले इस श्रृंखला की पहली फिल्म फक्त महिलाओ माते (2022) में दिखाई दिए थे, जिसमें उन्होंने कथावाचक की भूमिका निभाई थी। 81 वर्षीय अभिनेता फिल्म में भगवान की भूमिका निभाएंगे। आनंद पंडित और वैशाल शाह द्वारा निर्मित इस फिल्म का लेखन और निर्देशन जय बोडास और पार्थ त्रिवेदी ने किया है। इस फिल्म में यश सोनी, मित्रा गढ़वी, ईशा कंसारा और दर्शन जरीवाला मुख्य भूमिका में हैं।

